आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज राजा टोडरमल जयंती”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 61 | उज्जैन, बुधवार 18 मार्च, 2026 | चैत्र कृष्ण 14 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### सभी को ई-केवायसी की जरूरत नहीं केवल वे लोग कराएं जिनका रिकॉर्ड अधूरा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने उन खबरों पर जवाब दिया है जिनमें कहा जा रहा था कि अगर ग्राहकों ने ई-केयासी नहीं कराया, तो उनका गैस कनेक्शन काट दिया जाएगा। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा कि ई-केयासी की जरूरत सिर्फ उन्हीं ग्राहकों को है, जिनका वेरिफिकेशन अब तक नहीं हुआ है। सरकार ने कहा कि यह कोई नया नियम नहीं है। मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर जो जानकारी दी है, वह पुराने अभियान का ही हिस्सा है। इसका मकसद सिर्फ इतना है कि ज्यादा से ज्यादा गैस ग्राहक अपना बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन करवा लें, ताकि सिस्टम में फर्जीवाड़ा न हो। यदि आप एक सामान्य एलपीजी ग्राहक हैं और आपने पहले अपना ई-केयासी करवा लिया है, तो आपको यह प्रक्रिया दोबारा करने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है।

### कांग्रेस ने ओडिशा में तीन विधायकों को पार्टी से निकाला

**भुवनेश्वर, चंडीगढ़।** ओडिशा में कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वाले तीन विधायकों को पार्टी से निकाल दिया है। पार्टी ने तीनों विधायकों को विधानसभा से अयोग्य घोषित करने के लिए स्पीकर को लेटर भी लिखा है। हरियाणा में कांग्रेस पांच विधायकों को नोटिस देने की तैयारी कर रही है। इस बीच हरियाणा कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर ने पार्टी छोड़ दी है। ओडिशा में कांग्रेस ने रमेश जेना, दशरथी गोमांगो और सोफिया फिरदौस को पार्टी से निकाला है। तीनों विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप राय के पक्ष में वोट दिया था। क्रॉस वोटिंग की वजह से कांग्रेस और बीजेडी के संयुक्त उम्मीदवार को हार का सामना करना पड़ा।

### श्रीदेवी प्रॉपर्टी विवाद में बोनी कपूर हाई कोर्ट पहुंचे



**जान्हवी और खुशी कपूर संग याचिका दाखिल चेन्नई ईसीआर संपत्ति पर कानूनी लड़ाई तेज हुई**

**मुंबई।** दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी की संपत्ति को लेकर कानूनी विवाद एक बार फिर सुर्खियों में है। फिल्म प्रोड्यूसर बोनी कपूर और उनकी बेटियां जान्हवी कपूर व खुशी कपूर ने इस मामले में मद्रास हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। रिपोर्ट के मुताबिक यह पूरा मामला चेन्नई के ईस्ट कोस्ट रोड स्थित श्रीदेवी की एक प्रॉपर्टी से जुड़ा है। इस संपत्ति को लेकर एक व्यक्ति ने दावा किया है और इसी के तहत उसने चेंगलपट्टू की जिला अदालत में याचिका दायर की थी। मामले की सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, चेंगलपट्टू ने कपूर परिवार की उस अपील को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने इस याचिका को शुरूआती स्तर पर ही खारिज करने की मांग की थी। निचली अदालत के इस फैसले के खिलाफ अब बोनी कपूर और उनकी बेटियों ने मद्रास हाई कोर्ट में चुनौती दी है। उनका कहना है कि यह मुकदमा कानूनन टिकाऊ नहीं है और इसे खारिज किया जाना चाहिए। कपूर परिवार का तर्क है कि संपत्ति से जुड़े सभी अधिकार और दस्तावेज उनके पक्ष में हैं, ऐसे में इस तरह के दावे निराधार हैं। वहीं, याचिकाकर्ता का दावा है कि संपत्ति को लेकर कुछ अधिकार उसके पास भी हैं, जिनकी कानूनी जांच जरूरी है। इसी आधार पर उसने कोर्ट में मामला दायर किया है। अब इस पूरे विवाद पर अंतिम फैसला हाई कोर्ट में सुनवाई के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। यह मामला इसलिए भी अहम माना जा रहा है क्योंकि यह सीधे तौर पर श्रीदेवी की विरासत से जुड़ा है। उनके निधन के बाद से ही उनकी संपत्तियों और अधिकारों को लेकर समय-समय पर खबरें सामने आती रही हैं। फिलहाल, मद्रास हाईकोर्ट में इस याचिका पर सुनवाई का इंतजार है। अब देखना होगा कि कोर्ट इस मामले में क्या रुख अपनाता है और क्या कपूर परिवार को राहत मिलती है या नहीं।

### कांग्रेस पर सनसनीखेज दावे पर बुरा फंसे पत्रकार अर्नब गोस्वामी

**नई दिल्ली।** अपने बेबाक अंदाज और तीखे सवालों के लिए मशहूर वरिष्ठ टीवी पत्रकार अर्नब गोस्वामी एक बार फिर से बड़ी कानूनी मुश्किल में घिरते नजर आ रहे हैं। दिल्ली हाई कोर्ट ने कांग्रेस पार्टी की तरफ से दायर किए गए एक अहम मानहानि केस में सख्त रुख अपनाते हुए मंगलवार 17 मार्च को अर्नब गोस्वामी को तलब कर लिया। अदालत ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए गोस्वामी को समन भेजने का स्पष्ट आदेश जारी किया है, जिसके बाद से मीडिया जगत से लेकर सियासी गलियारों तक हलचल काफी तेज हो गई है। यह पूरा विवाद अर्नब गोस्वामी के एक टीवी शो के दौरान किए गए उस विवादित दावे से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने दर्शकों के सामने कहा था कि देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस का तुर्की में भी अपना एक दफ्तर मौजूद है।

### यूपी में अंडे पर एक्सपायरी डेट लिखनी होगी, 1 अप्रैल से लागू होगा नियम

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने लोगों की सेहत से जुड़ा एक बड़ा फैसला लिया है। 1 अप्रैल, 2026 से प्रदेश में अंडे पर एक्सपायरी डेट लिखना होगा। इस नियम के लागू होने के बाद दुकानदार अब ताजा अंडा कहकर पुराने या खराब अंडे बेच नहीं पाएंगे। ग्राहक खुद तारीख देखकर फैसला ले पाएंगे कि अंडा सुरक्षित है या नहीं। पशुपालन विभाग और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जांच में सामने आया कि कई जगहों पर पुराने या खराब अंडे 'फ्रेश' बताकर बेचे जा रहे थे, जिससे लोगों की सेहत को खतरा हो सकता था। नियमों का पालन नहीं हो रहा था। एफएसडीए के जॉइंट कमिश्नर हरिशंकर सिंह ने बताया, दो साल से इसकी कवायद चल रही थी। पहले बैच नंबर लिखने का निर्णय हुआ, लेकिन ये प्रैक्टिकली संभव नहीं था। क्योंकि अंडे अलग-अलग जगह से आते हैं, ऐसे में बैच नंबर लिखना संभव नहीं था।

---

## नाटो देश बोले- ये हमारी लड़ाई नहीं, होर्मुज का रास्ता खुलवाने से इनकार

# ईरान के साथ जंग में अकेले पड़े ट्रंप, नाटो देशों ने भी फेर लिया मुंह

**एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन**

ईरान में खामेनेई समेत 40 से भी ज्यादा अधिकारियों के मारे जाने के बाद अमेरिका को यह जंग बड़ी कामयाबी नजर आ रही थी। लेकिन 17 दिन बाद हालात बदल चुके हैं। युद्ध का कोई साफ अंत नजर नहीं आ रहा है। ईरान ने जवाब में होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते तेल आपूर्ति रोक दी, जिससे दुनिया की अर्थव्यवस्था पर बड़ी चोट पहुंची है। ट्रम्प अब अपने सहयोगी नाटो देशों से होर्मुज में रास्ता खुलवाने की अपील कर रहे हैं। हालांकि इन देशों ने साफ कर दिया है कि वे होर्मुज स्ट्रेट में अपने वॉरशिप नहीं भेजेंगे। यह फैसला ऐसे समय आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर नाटो देश इस अहम समुद्री रास्ते को फिर से खोलने में मदद नहीं करते, तो नाटो का भविष्य खराब हो सकता है।

**जर्मनी बोला- यह यूरोप की जंग नहीं-** द गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक जर्मनी ने साफ कहा है कि वह किसी भी सैन्य कार्रवाई में हिस्सा नहीं लेगा। जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा कि इस मामले में कभी कोई फैसला नहीं हुआ, इसलिए जर्मनी के सैन्य योगदान का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान की मौजूदा सरकार खत्म होनी चाहिए, लेकिन बमबारी करके उसे झुकाना सही तरीका नहीं है। जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने भी अमेरिका पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि यह यूरोप का युद्ध नहीं है और जब अमेरिकी नौसेना खुद इतनी ताकतवर है, तो कुछ यूरोपीय जहाज क्या कर लेंगे।



### इजराइल ने कहा- ईरान के सबसे ताकतवर अफसर लारीजानी को मारा

**एजेंसी ▸▸ तेल अवीव**



इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने दावा किया है कि रात को की गई एयरस्ट्राइक में ईरान के सिक्योरिटी चीफ अली लारीजानी मारे गए हैं। अगर इजराइल का यह दावा सही साबित होता है, तो वह इस युद्ध में खामेनेई के बाद मारे जाने वाले सबसे ताकतवर शख्स होंगे। इसके साथ ही इजराइल डिफेंस फोर्स ने बताया कि एक अलग हमले में ईरान के बसीज पैरामिलिट्री फोर्स के कमांडर गुलामरजा सुलेमानी को भी मार गिराया गया। हालांकि, इन दावों पर अभी तक ईरान की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं आई है। वहीं, इजराइल के दावों के बीच लारीजानी के एक्स अकाउंट पर एक हाथ से लिखा नोट पब्लिश किया है। इसमें उन्होंने हमले में मारे गए ईरानी नौसैनिकों को श्रद्धांजलि दी है, जिनका अंतिम संस्कार आज होने की उम्मीद थी।

### भारत ने होर्मुज के पास दो युद्धपोत तैनात किए

**तेल-गैस से भरे भारतीय जहाजों को सुरक्षा देंगे, आज पहला एलपीजी जहाज गुजरात पहुंचा**

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

अमेरिका-इजराइल और ईरान में जारी जंग के बीच भारत ने होर्मुज स्ट्रेट के पास अपने दो युद्धपोत तैनात किए हैं। एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि भारतीय नौसेना के ये टास्क फोर्स जहाज तेल और गैस लेकर भारत आने वाले व्यापारी जहाजों और टैंकरों को सुरक्षा देंगे। साथ ही जरूरत पड़ने पर उन्हें हर तरह की सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस बीच युद्ध के माहौल में भारत का पहला एलपीजी जहाज शिवालिक आज गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पहुंच गया। जहाज करीब 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लेकर आया है, जो लगभग 32.4 लाख घरेलू गैस सिलेंडरों के बराबर है।



रिपोर्ट्स के मुताबिक नंदा देवी और जग लाडकी नाम के दो और भारतीय जहाज भी तेल और गैस लेकर भारत आ रहे हैं और उनके कल तक पहुंचने की संभावना है। मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष और होर्मुज स्ट्रेट में बढ़ते खतरे के बीच भारत अपने ऊर्जा सप्लाई मार्ग और समुद्री व्यापार की सुरक्षा को लेकर सतर्क है।

- **ब्रिटेन बोला- हम इस युद्ध में नहीं फंसेंगे-** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि उनका देश इस बड़े युद्ध में नहीं फंसेगा। उन्होंने माना कि होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलना जरूरी है ताकि तेल बाजार स्थिर रहे, लेकिन यह आसान काम नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी कदम ज्यादा से ज्यादा देशों की सहमति से ही उठाया जाएगा। यूरोपीय देशों ने सैन्य कार्रवाई की बजाय कूटनीति पर जोर दिया है। होर्मुज स्ट्रेट बहुत अहम है क्योंकि यहां से दुनिया के लगभग 20% तेल और गैस की सप्लाई होती है, जो फिलहाल ईरान के कारण प्रभावित हो रही है।
- **इटली बोला- जंग नहीं बातचीत से हल निकले-** इटली के विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी ने कहा कि इस संकट का हल बातचीत से ही निकलना चाहिए और उनका देश किसी नौसैनिक मिशन को बढ़ाने के पक्ष में नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि यूरोपीय यूनियन के मौजूदा मिशन सिर्फ समुद्री डकैती रोकने और रक्षा के लिए हैं, उन्हें युद्ध में नहीं बदला जा सकता।

### यूरोपीय यूनियन ने भी ट्रम्प की अपील ठुकराई

दूसरी ओर, ट्रम्प लगातार अपने सहयोगियों पर दबाव बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन देशों को इस समुद्री रास्ते से फायदा होता है, उन्हें इसकी सुरक्षा में हिस्सा लेना चाहिए। ट्रम्प ने खासतौर पर ब्रिटेन से नाराजगी भी जताई, हालांकि उन्हें उम्मीद है कि वह इसमें शामिल होगा। यूरोपीय यूनियन के विदेश मंत्रियों ने भी अपने रेड सी (लाल सागर) मिशन को होर्मुज तक बढ़ाने से इनकार कर दिया। यूरोपीय यूनियन की विदेश नीति प्रमुख काजा कैलस ने कहा कि फिलहाल मिशन का दायरा बढ़ाने की कोई इच्छा नजर नहीं आती। यूरोपीय देश अमेरिका और इजराइल के युद्ध के मकसद को लेकर भी स्पष्टता चाहते हैं। एस्टोनिया के विदेश मंत्री ने कहा कि उन्हें समझना है कि ट्रम्प की रणनीति क्या है और आगे की योजना क्या होगी।

---

## पाक की अफगान में एयरस्ट्राइक, 400 मरे

### 250 लोग घायल, तालिबान का आरोप- पाक ने नशा मुक्ति सेंटर पर बम गिराए

**एजेंसी ▸▸ काबुल**

पाकिस्तान ने सोमवार रात एक बार फिर अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक की है। पाकिस्तानी एयरफोर्स के लड़ाकू विमानों ने राजधानी काबुल के कई इलाकों को निशाना बनाया, जिनमें एक हॉस्पिटल भी है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक इसमें 400 लोगों की मौत हो गई, वहीं 250 से ज्यादा घायल हैं।



रिपोर्ट्स के मुताबिक दारुलअमान, अरजान कीमत, खैरखाना और काबुल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास कई जगहों पर धमाकों और गोलीबारी की आवाजें सुनी गईं। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तानी सेना ने काबुल में एक नशा मुक्ति अस्पताल पर बम गिराए। तालिबान ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे मानवता के खिलाफ अपराध बताया है और कहा कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के एयरस्पेस का उल्लंघन किया है। वहीं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के प्रवक्ता मोशर्रफ जैदी ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताया और कहा कि काबुल में किसी अस्पताल को निशाना नहीं बनाया गया।

### लोकसभा से 8 विपक्षी सांसदों का निलंबन हटा

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

लोकसभा में मंगलवार को पहले फेज के दौरान निलंबित किए गए 8 सांसदों पर लगा सस्पेंशन हटा दिया गया। इनमें कांग्रेस के 7 और लेफ्ट के एक सांसद हैं। ये आठ सांसद 4 फरवरी को लोकसभा से पूरे बजट सत्र के लिए निलंबित किए गए थे।

### सबसे महंगा पेट्रोल बेचने वाले राज्यों में एमपी चौथा स्टेट

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

मध्य प्रदेश में रहने वालों के लिए पेट्रोल भरवाना देश के अधिकांश राज्यों की तुलना में काफी महंगा सौदा साबित हो रहा है। राज्यसभा में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा सोमवार को पेश किए गए ताजा आंकड़ों (11 मार्च 2026 तक) के विश्लेषण से पता चला है कि मध्य प्रदेश देश का चौथा ऐसा राज्य है जहां पेट्रोल की कीमतें सबसे अधिक हैं। राजधानी भोपाल में पेट्रोल की कीमत 106.52 प्रति लीटर तक पहुंच गई है। एमपी के पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश (लखनऊ) में पेट्रोल केवल 94.69 और गुजरात (गांधीनगर) में 94.70 प्रति लीटर मिल रहा है। गुजरात, उत्तर प्रदेश की राजधानियों में पेट्रोल के रेट को देखें तो करीब 11 रुपए सस्ता पेट्रोल मिल रहा है।

### महंगाई-बेरोजगारी को लेकर पटवारी का बीजेपी पर वार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**



मध्यप्रदेश में बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेस ने एक बार फिर प्रदेश की बीजेपी सरकार को घेरने की कोशिश की है। कांग्रेस नेता और प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने लाड़ली बहना योजना के तहत मिलने वाली 1500 रुपए की राशि को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने प्रदेश की लाड़ली बहनों से सवाल पूछते हुए कहा है कि मौजूदा महंगाई के मुकाबले ये राशि पर्याप्त है? पटवारी ने कहा कि आज आम परिवारों पर खर्च का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। बिजली बिल, रसोई गैस और बच्चों की पढ़ाई जैसे जरूरी खर्च पहले के मुकाबले काफी महंगे हो गए हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि रसोई गैस सिलेंडर 1 हजार रु. तक पहुंच चुका है। अब यदि संकट बढ़ता रहा, तो हालात ऐसे होंगे कि सिलेंडर के लिए 2 हजार रु. तक चुकाने होंगे।

### राम को काल्पनिक कहने पर हाई कोर्ट ने तलब किया

**एजेंसी ▸▸ वाराणसी**



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ आज वाराणसी कोर्ट में सुनवाई होगी। विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) यजुर्वेद विक्रम सिंह ने राहुल गांधी को 15 अप्रैल को कोर्ट में तलब किया है। उन्हें कोर्ट में हाजिर होने के लिए समन भी भेजा गया है, इस पर उन्हें फिजिकली बुलाया है। राहुल गांधी पर अमेरिका के न्यूयॉर्क में ब्राउन यूनिवर्सिटी में भगवान राम को काल्पनिक कहने का आरोप है। यहां राहुल ने भगवान श्रीराम को लेकर विवादित बयान दिए थे। उन्होंने भगवान राम को 'पौराणिक' बताया था और उस युग पर बताई जाने वाली कहानियों को काल्पनिक कहा था। इस मामले में वकील हरिशंकर पांडेय ने पुनरीक्षण याचिका दाखिल की है। राहुल गांधी पिछली तारीख पर भी वाराणसी कोर्ट नहीं पहुंचे थे, इस वजह से उनके मामले की सुनवाई नहीं हो सकी।

### किसी भी उम्र का बच्चा गोद लेने पर मातृत्व अवकाश

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अब किसी भी उम्र के बच्चे को गोद लेने वाली महिला को 12 हफ्ते की छुट्टी मिलेगी। सिर्फ 3 महीने से कम उम्र के बच्चे को गोद लेने पर ही छुट्टी देना गलत है। जस्टिस जेबी परदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच सोशल सिक्योरिटी कोड, 2020 से जुड़े मामले की सुनवाई कर रही थी।

### राजस्थान में बस और ट्रॉला की आमने-सामने की भिड़ंत में 5 की मौत

## दुर्घटना में एक दर्जन से अधिक घायल, कई गंभीर

**एजेंसी ▸▸ हनुमानगढ़**

राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के मेगा हाईवे पर प्राइवेट बस और ट्रॉला की आमने-सामने की भिड़ंत में 5 यात्रियों की मौत हो गई। एक दर्जन से अधिक घायल हैं। इनमें से कई की हालत गंभीर है। हादसा मंगलवार सुबह करीब 7 बजे हनुमानगढ़ में रावतसर थाना क्षेत्र के सरदारशहर रोड स्थित बरमसर के पास हुआ।



एसडीएम संजय अग्रवाल ने बताया बस श्रीगंगानगर से जयपुर जा रही थी। मेगा हाईवे पर सरसों से भरी दो ट्रॉलियां साइड में खड़ी थीं। बस ड्राइवर इन्हें ओवरटेक कर रहा था, तभी सामने से आ रहे ट्रॉले से जोरदार टक्कर हो गई। पुलिस ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू करते हुए घायलों को एम्बुलेंस की मदद से रावतसर हॉस्पिटल पहुंचाया। गंभीर घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल था। स्थानीय लोगों ने भी राहत कार्य में सहयोग किया और घायलों को बस से बाहर निकालने में मदद की।

## रील बना रहे युवक की खुद पर गोली चलाने से मौत

### वीडियो शूट कर रहा दोस्त अरे नहीं, अरे नहीं चिल्लाया

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

दिल्ली के न्यू अशोका गार्डन में मंगलवार को रील बनाते वक्त एक युवक की मौत हो गई। वह अपने दोस्त की पिस्तौल लेकर रील बना रहा था। दोस्त ही इसे शूट कर रहा था।

पुलिस का कहना है पिस्तौल का लाइसेंस वीडियो शूट करने वाले दोस्त के नाम पर है। मामले की जांच की जा रही है।

**दोस्त ने बताया मैगजीन लोड करने का तरीका-** वीडियो के शुरूआत में सब कुछ सामान्य लग रहा है। रील बना रहा युवक पवन हाथ में पिस्तौल लिए है। पवन पहले उसमें मैगजीन लोड करता दिख रहा है। वीडियो बनाने वाले दोस्त की आवाज भी वीडियो में सुनाई दे रही है। वह उसे मैगजीन लोड करने का तरीका बताते हुए सुनाई दे रहा है। वह कहता है बटन पर क्लिक करो मैगजीन अंदर चला जाएगा।

### पिस्तौल सीने पर रखी और फायर कर दिया



- लोड करने के बाद पवन ने पिस्तौल अपने सीने पर रखी। दोस्त को यह सब एक खेल लग रहा था, वह पवन को बंदूक न चलाने को भी कहता है। लेकिन पवन ने कैमरे की तरफ मुस्कुराते हुए देखा और पिस्तौल से फायर कर दिया।
- वीडियो में पवन के घाव से खून निकलता दिखाई देता है। उसके दोस्त की आवाज भी सुनाई देती है। वह कहता है, भाई, तूने क्या कर दिया। घायल पवन को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

### मुख्यमंत्री स्व. गुरकीरत के घर पहुंचे, परिजनों से मिले,परिवार ने सहायता की मांग रखी, कलेक्टर को निर्देश मिले हर संभव मदद की जाए

# गमगीन पिता ने पत्र में मजबूरी रखी मुख्यमंत्री के समक्ष

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कनाडा में उच्च अध्ययन के लिए गए उज्जैन के छात्र गुरकीरत मनोचा की वहां हत्या के मामले को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन प्रवास के दौरान उनके निवास पहुंचकर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व. मनोचा के परिजनों से चर्चा कर कनाडा में हुई असामयिक दुःखद मृत्यु पर शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान परिजनों ने मुख्यमंत्री से अंतिम संस्कार को लेकर अपनी मांग रखी है। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को हर संभव मदद के लिए निर्देश दिए हैं।

मनोचा निवास पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश के होनहार छात्र की मृत्यु से उनका हृदय व्यथित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परिजनों को स्व. गुरकीरत के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया में पूर्ण रूप से सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा श्री महाकाल से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने और शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### कनाडा में ही अंतिम संस्कार का पक्ष रखा-

स्व.छात्र के पिता गुरजीत एवं परिजनों ने अपनी बात रखते हुए मुख्यमंत्री को एक पत्र दिया जिसमें उन्होंने छात्र का विस्तृत विवरण रखते हुए कहा कि वर्तमान में कनाडा में क्राइम इन्वेस्टिगेशन (उ९ी क्ल्ल५ी२३ॅ३ङ्गल्ल) की प्रक्रिया जारी है तथा जब तक जांच पूर्ण नहीं हो जाती, तब तक मेरे पुत्र का पार्थिव शरीर परिजनों को सौंपा जाना संभव नहीं बताया गया है। इस प्रक्रिया में लगभग तीन सप्ताह का समय लगना संभावित है। इस दुःखद स्थिति में मेरा परिवार यह निर्णय लेने को विवश हुआ है कि हमारे परिवार के दो सदस्य कनाडा जाकर आवश्यक फ्यूनरल प्रक्रिया पूर्ण कर अस्थि संचय (अस्थि कलश) भारत लाएं। इस हेतु हमें शासन की सहायता की अत्यंत आवश्यकता है। इस पूरी प्रक्रिया में लगभग 40,000 से 50,000 डॉलर तक का व्यय संभावित है, जो हमारे लिए वहन करना अत्यंत कठिन है। इस प्रकरण में भारत सरकार एवं कनाडा सरकार के समन्वय से विशेष सहायता प्रदान कराई जाए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय एवं सहयोग मिल सके।

### ये सहायता मांगी

उन्होंने पत्र में परिवार के दो सदस्यों प्रभकीरत मनोचा (बड़े भाई) एवं साहेब सिंह (कजिन ब्रदर) को कनाडा भेजने हेतु उनकी वीजा प्रक्रिया शासन स्तर से त्वरित कराई जाए।दोनों व्यक्तियों के आवागमन (आना-जाना) एवं रहने-ठहरने की समुचित व्यवस्था शासन स्तर पर सुनिश्चित करवाने।कनाडा में फ्यूनरल प्रक्रिया पूर्ण कराने एवं अस्थि संचय (अस्थि कलश) भारत लाने की संपूर्ण व्यवस्था शासन के सहयोग से कराई जाए। इस संपूर्ण प्रक्रिया में होने वाले व्यय के लिए भारत सरकार एवं कनाडा सरकार द्वारा मानवीय आधार पर सहयोग एवं सहायता प्रदान की जाए। वहां पर होने वाले हॉस्पिटल खर्च एवं फ्यूनरल (अंतिम संस्कार) से संबंधित समस्त व्यय को भी वहां की सरकार द्वारा मानवीय आधार पर माफ/वहन कराने हेतु आवश्यक पहल की जाए। मृतक पुत्र द्वारा शिक्षा हेतु लिया गया शैक्षणिक ऋण (Education Loan) मानवीय आधार पर माफ कराने हेतु संबंधित संस्थाओं को निर्देशित करने की कृपा करें।विशेष निवेदन है कि मेरे पुत्र का पार्थिव शरीर जांच प्रक्रिया जारी रहते हुए भी यथाशीघ्र परिवारजन को सौंपने हेतु संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही की जाए, जिससे अंतिम संस्कार की प्रक्रिया में विलंब न हो।

## तिसरी आंख पर सवाल...

रंग पंचमी के रंग में भंग डालने का मामला शहर में हुआ था। यात्रा के पूर्व ही रंग में खलल डालने का कृत्य किया गया था। 6 लोगों की जान पर बन आई थी। घायल हुए लोग अब भी अपने जख्मों से दर्द का अहसास कर रहे हैं। यात्रा के पूर्व अज्ञात तत्वों ने रंग उडाने वाले पटाखों का उपयोग किया था। इन पटाखों के उपयोग के दौरान यहां रंगपंचमी के रंगोत्सव का आनंद लेने आए आमजन हताहत हुए और उन्हें जख्म मिले । इस मामले में वर्दी ने अज्ञात लोगों को दर्ज किया है। खुसूर-फुसूर है कि यात्रा के पूर्व तगडी तैयारी की गई थी। इस सुरक्षात्मक तैयारी में जमीन,आसमान सब कुछ शामिल किया गया था। जो तिसरी आंख हमारे स्मार्ट शहर में लगे हैं उनके साथ ही आकाश में आधुनिक आंखें तैनात थी। जमीनी स्तर से भी एक झएक हरकत पर तिसरी आंख की नजर जमी हुई थी। उसके बाद भी रंगीन पटाखों का उपयोग कर लिया जाना और उससे उत्पन्न हालातों में छूप जाना जैसी स्थिति पर सवाल खडे हो रहे हैं। रंग और गुलाल जरूर उड रहे थे लेकिन तिसरी आंख अपना काम कर रही थी। ऐसा भी नहीं है कि एक आध ही तिसरी आंख इस पर हो अनेक तिसरी आंख इस पर लगी हुई थी । घटनाक्रम के इतने दिनों बाद भी अज्ञात का सामने न आना तिसरी आंख पर सवाल खडे कर रहा है।




# सूर्य को जल देकर मनाया जाएगा हिंदू नव वर्ष

### प्रतिदिन 700 से 800 जरूरतमंद एवं गरीब जनों को भोजन वितरित किया जाता है

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री छात्रेश्वरी चामुंडा माता मंदिर पर चैत्र नवरात्रि 19 मार्च गुरुवार से 27 मार्च शुक्रवार तक मनाई जाएगी 19 मार्च गुरुवार को घट स्थापना प्रातः 7:30 बजे से साथ हिंदू नव वर्ष सूर्य को अर्घ देकर मनाया जाएगा एवं रामनवमी 27 मार्च शुक्रवार को अर्धरात्रि 12:00 बजे हवन कर समापन किया जाएगा चामुंडा माता का मंदिर प्रसिद्ध देवी मंदिर है जो शहर के मध्य स्थापित है माता जी की मूर्ति पूर्व दिशा की ओर मुख करके विराजित है साथ ही परिक्रमा पथ पर नवदुर्गा की मूर्तियां भी विराजी थे जिससे दर्शनार्थियों को मंदिर माता के दर्शन के साथ 9 देवियों के दर्शन का भी लाभ प्राप्त होता है एवं साथ में हनुमान जी एवं भैरव जी एवं शिवजी का भी दर्शन होते हैं मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन एवं पूजन को आते हैं।

सन 2016 से मंदिर में भक्त समिति के माध्यम से भोजन वितरण का कार्य



भी निरंतर जारी है जिसके अंतर्गत प्रतिदिन 700 से 800 जरूरतमंद एवं गरीब जनों को भोजन वितरित किया जाता है प्रतिदिन सुबह 7:30 बजे एवं शाम को 7:30 बजे भव्य आरती कर प्रसादी का वितरण किया जाता है पंडित शरद चौबे के मार्गदर्शन में निरंतर 40 वर्षों से नित्य हवन एवं दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जाता है यह जानकारी पंडित सुनील चौबे एवं वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र शाह के द्वारा प्रदान की गई।

### टैगोर चौराहे से दो तालाब तक निरीक्षण, हेलीपैड प्रतीक्षालय में गुणवत्ता और डेडलाइन पर फोकस

# बार-बार की खुदाई पर ब्रेक..निगम का 'पहले अंडरग्राउंड' फॉमूर्ला लागू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम के चल रहे इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की प्रगति और गुणवत्ता को परखने के लिए निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने टैगोर चौराहे से दो तालाब तक प्रस्तावित मार्ग चौड़ीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क निर्माण से पहले सीवर लाइन से जुड़ी प्रस्तावित कार्य योजना का तकनीकी रूप से समन्वित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि बाद में खुदाई या पुनःकार्य की स्थिति न बने।

आयुक्त ने कंसल्टेंट एजेंसी, ठेकेदार और निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रोजेक्ट की टाइमलाइन के अनुरूप कार्य की गति बढ़ाई जाए, साथ ही गुणवत्ता मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता न हो। उनका फोकस इस बात पर रहा कि पहले अंडरग्राउंड यूटिलिटी (सीवर) का कार्य पूर्ण हो, तभी रोड निर्माण शुरू किया जाए।

इसके अलावा, हेलीपैड स्थित प्रगतिरत प्रतीक्षालय का भी निरीक्षण किया गया। यहां



आयुक्त ने इंटीरियर व रोड कनेक्टिविटी कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने विशेष रूप से फिनिशिंग, उपयोगिता और यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कार्य करने पर जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान सहायक यंत्री साहिल मैदावाला एवं उपयंत्री मुकुल मेश्राम भी उपस्थित रहे।

## कैलाशचन्द्र गोठवाल को जिला अध्यक्ष, उज्जैन (म.प्र.) नियुक्त



**उज्जैन।** राष्ट्रीय अनुसुचित जाति जनजाति विकास परिषद नई दिल्ली के द्वारा श्री कैलाशचन्द्र गोठवाल को जिला अध्यक्ष, उज्जैन (म.प्र.) नियुक्त किया गया।राष्ट्रीय अनुसुचित जाति - जनजाति विकास परिषद नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रवीण मांगरिया की सहमती से एवं राष्ट्रीय विधिक परामर्शदाता श्री कुशाग्र चौहान, अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश की अनुशंसा पर व राष्ट्रीय कोर कमेटी के द्वारा श्री कैलाशचन्द्र गोठवाल को जिला अध्यक्ष, उज्जैन (म.प्र.) के पद पर नियुक्त किया गया। नव नियुक्ति पर परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण मांगरिया, राष्ट्रीय संयोजक फग्गन सिंह कुलस्ते, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पी.एस. मालवीय, प्रदेश अध्यक्ष सुश्री मोनिका शाह वट्टी, इंदौर जिलाध्यक्ष संतोष चौहान, महेश मिडकिया, अशोक सुरहिया, राजेंद्र गोठवाल, राजकुमार पोरवाल, गोपाल यादव, आदि ने बधाई दी गई।

### महावीर गैस एजेंसी के हॉकर ने दुकानों पर 2 हजार में पहुंचाई टंकी

# ब्लैक में गैस सिलेंडर की शिकायत पहुंची कलेक्टर कार्यालय

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध के कारण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ईधन की आपूर्ति प्रभावित बनी हुई है। गैस सिलेंडरों की किल्लत गहराती जा रही है। जिसका फायदा गैस एजेंसी के हॉकरों द्वारा उठाया जा रहा है। ऐसी ही शिकायत गैस सिलेंडर ब्लैक करने की कलेक्टर तक पहुंची है।

शहर में गैस सिलेंडर की आपूर्ति को बनाये रखने के लिये खाद्य विभाग द्वारा होटल, रेस्टोरेंटो में घरेलू सिलेंडरों की मौजूदगी पर छापा मार कार्रवाई की जा रही और ब्लैक करने वालों की धरपकड़ की जा रही है। बावजूद इसके गैस एजेंसी के हॉकर सिलेंडरों की कमी का फायदा ब्लैक कर उठाया जा रहा है। मंगलवार को सिलेंडर ब्लैक करने की शिकायत कलेक्टर कार्यालय तक पहुंची। शिकायतकर्ता युनूस पिता छुट्टन खान निवासी नेहरूनगर ने नागझिरी ने शिकायती आवेदन देकर बताया कि महावीर गैस एजेंसी के डीलर सोनू द्वारा दुकानों पर 2000 हजार में सिलेंडर ब्लैक में दिये जा रहे है। नागझिरी क्षेत्र की तीन-चार दुकानों पर सोनू द्वारा गैस टंकी के 2 हजार रूपये मांगे। जिसकी रिकार्डिंग भी उसके पास मौजूद है। सोनू द्वारा पूर्व पार्षद और समीर नामक व्यक्ति को 2 हजार में टंकी ब्लैक की गई। शिकायतकर्ता ने बताया कि गैस एजेंसी द्वारा टंकी की कालाबाजारी कर जा रही है। युनूस द्वारा आवेदन देकर की गई शिकायत पर कलेक्टर कार्यालय द्वारा जांच का आश्वासन दिया गया है।



### व्यवसायिक सिलेंडर भी ब्लैक में

आपूर्ति प्रभावित होने पर घरेलू सिलेंडर ब्लैक किये जा रहे है, वहीं व्यवसायिक सिलेंडरों की कालाबाजारी भी होना सामने आ रहा है। वर्तमान में व्यवसायिक सिलेंडर 1 हजार 884 रूपये के लगभग आ रहा है। होटल, रेस्टोरेंटों और शादी समारोह में व्यवसायिक सिलेंडर भी ब्लैक किये जा रहे है। एक ओर एजेंसियों पर नम्बर लगाने के लिये उपभोक्ताओं को घंटों लाइन में लगना पड़ा रहा है। वहीं कालाबाजारी ने उनकी परेशानी को ओर बढ़ा दिया है। नम्बर लगाने के बाद भी टंकी समय पर नहीं पहुंच पा रही है।

### इधर उपभोक्ता को लग रही साढे सात रूपये की चपत

हॉकरों द्वारा जहां 2 गुना कीमत में टंकी ब्लैक की जा रही है, वहीं घरेलू उपभोक्ताओं को भी साढ़े सात रूपये की चपत लगाई जा रही है। पहले ही गैस सिलेंडर पर 60 रूपये की बढ़ोत्री कर दी गई है। वर्तमान में गैस सिलेंडर 972 रूपये 50 पैसे का आ रहा है। लेकिन नम्बर लगाकर सिलेंडर लेने पहुंच रहे उपभोक्ताओं को खुल्ले पैसे नहीं होने का हवाला देकर 980 रूपये लिये जा रहे है। शहर में प्रतिदिन करीब 12 हजार गैस सिलेंडरों की खपत होना बताई जाती है। अगर आपूर्ति प्रभावित होने पर प्रतिदिन 8 से 10 हजार सिलेंडर की सप्लाय घरेलू उपभोक्ता को की जा रही है तो साढे सात रूपये अधिक लेने पर प्रतिदिन गैस एजेंसी के हॉकरों को होने वाली ऊपरी कमाई का अंदेशा सहज लगाया जा सकता है।

## चौपदार श्री पाठक की आवाज अनंत कोटि, ब्रम्हाण्ड नायक में समाई



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी में आगे-आगे रजत दंड लेकर चलने और सवारी के आने की उद्घोषणा करने वाले चौपदार श्री महाकाल पाठक 63 वर्ष निवासी सिंहपुरी की आवाज अब श्रद्धालुओं को सुनाई नहीं देगी। मंगलवार सुबह स्नान के बाद मंदिर जाने के दौरान उन्हें सांस लेने में दिक्कत हुई, परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार सुबह 10.30 बजे सिंहपुरी आताल-पाताल भैरव के पास से निकाली जाएगी।

मार्ग पर सवारी आने के पूर्व अखिल ब्रह्मांड नायक जगाधाधिपति जगदीशवर अनंत कोटी राजराजेश्वर राजाधिराज महाराज महाकालेश्वर महादेव की आवाज लगाने वाले उद्घोषक (चौपदार) श्री महाकाल पाठक की यह आवाज अब श्रद्धालुओं को सूनने को नहीं मिलेगी।

राजसी जमाने से पैतृक रूप से उद्घोषक (चौपदार) रहे श्री महाकाल पाठक नित्य की भांति मंगलवार सुबह उठे और स्नान,पूजन के उपरांत भगवान श्री महाकालेश्वर की आरती में शामिल होने के लिए घर से रवाना हुए थे कि उन्हें सांस लेने में गंभीर समस्या आने पर उन्होंने परिजनों को इसकी जानकारी दी और मुर्छित हो गए थे । उनके जवांई आकाश रावल एवं अन्य परिजन उन्हें तत्काल लेकर इंदौर रोड स्थित निजी अस्पताल पहुंचे थे । अस्पताल में चिकित्सकों ने उनका चेकअप करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**मंदिर में चौपदार से ही जानते थे:** श्री महाकाल पाठक पैतृक रूप से मिली उद्घोषक (चौपदार) की भूमिका का निर्वहन पिछले कई वर्षों से करते आ रहे थे। उनके पितृपुरूषों ने भी स्टेट के जमाने में इसी जिम्मेदारी का निर्वहन किया।63 वर्षीय श्री पाठक ने वर्षों तक शिक्षक के रूप में समाज में सेवा दी वे तत्कालीन समय में बालकनजी बारी स्कूल में सेवा में रहे। इसके साथ ही वे श्री महाकालेश्वर मंदिर में बाहरी पुरोहित थे एवं तीर्थ पुरोहित भी थे। श्री महाकालेश्वर मंदिर में उनके पास परंपरागत रूप से उद्घोषक (चौपदार) का पद रहा।

**बेटा अविवाहित,बेटी विवाहित:** श्री पाठक की अल्प आयु में निधन हो गया। वे अपने पीछे एक पुत्र एवं पुत्री छोड गए हैं। कुछ वर्ष पूर्व ही उन्होंने अपनी पुत्री का विवाह स्थानीय स्तर पर ही किया था। उनके जमाई पं.आकाश रावल के अनुसार वे हार्ट पेशेंट भी थे लेकिन मंगलवार सुबह आकस्मिक रूप से ही उनका स्वास्थ्य गडबडाया और उन्हें सांस लेने में दिक्कत हुई थी।

**पीढी दर पीढी निर्वहन:** महाकाल मंदिर में चौपदार के पद पर रहे पंडित महाकाल पाठक एक विशिष्ट पद से भूषित थे । इस पद की विशेषता यह है कि भगवान महाकाल के गर्भ ग्रह में चौपदार की वेशभूषा में महाकाल स्तवन के साथ-साथ के उद्घोष का संबोधन किया जाता था।

### 74 विद्यार्थियों को उपाधि, 107 को गोल्ड मेडल और 1 शोधार्थी को डी-लिट् की उपाधि

# दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों से राज्यपाल बोले माता-पिता एवं गुरू के प्रति सदैव आभारी रहना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय का 30 वां दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने कहा कि आपके माता-पिता ने आपको शिक्षित करने के लिए बहुत कष्ट उठाए है इसलिए पढ़ लिखकर अपने माता-पिता की सेवा करें। आप जीवन में कुछ भी बन जाओं परंतु अपने माता-पिता और गुरु के प्रति सदैव आभारी रहना उनकी सेवा करना। शिक्षित होने का उद्देश्य मात्र उपाधि अथवा प्रमाण पत्र पाना नहीं बल्कि समाज और देश की उन्नति में योगदान देकर एक जिम्मेदार नागरिक भी बनना है। इसलिए हम सभी इस बात का हमेश स्मरण रखें।

विश्व विद्यालय के स्वर्ण जयंती सभागृह में आयोजित दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव थे। दीक्षांत समारोह में 74 विद्यार्थियों को उपाधि, 107 को गोल्ड मेडल और 1 शोधार्थी को डी-लिट् की उपाधि प्रदान की गई।

### केवल उपाधि वितरण नहीं,7 दशकों का समर्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस अवसर पर कहा कि सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय का 30वां दीक्षांत समारोह केवल उपाधि वितरण नहीं बल्कि 7 दशकों के उस समर्पण का परिणाम है, जिसने दुनिया को कुशल मानव संसाधन और श्रेष्ठ स्कॉलर सौंपे। विश्वविद्यालय से सम्राट विक्रमादित्य का नाम जुड़ने से विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ा है और यहां के विद्यार्थियों के गर्व में वृद्धि हुई है। इस दौरान विश्वविद्यालय को विभिन्न यंत्रों के लिए 51 लाख रुपए, कृषि अध्ययन शाला के लिए पांच ड्रोन तथा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के शैक्षणिक भ्रमण के लिए एक बस प्रदान करने की घोषणा की।

### ऐसा रहा आयोजन

अतिथियों के आगमन के पश्चात सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के प्रशासनिक परिसर स्थित सम्राट विक्रमादित्य के मूर्तिशिल्प पर पुष्पांजलि अर्पित की। एनसीसी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। समारोह के प्रारंभ में राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान हुआ। अतिथियों के द्वारा मां वाग्देवी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज और कुल सचिव डा. अनिल शर्मा ने राज्यपाल श्री पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत पुष्पगुच्छ, पारिजात का पौधा, शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। इसके पश्चात कॉमर्स विषय की छात्रा श्वेता तलेसरा को विश्वविद्यालय द्वारा डी-लिट् की उपाधि से अलंकृत किया गया। साथ ही विश्वविद्यालय के 74 विद्यार्थियों को उपाधि और 107 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया।

### अध्ययनशाला भवन का लोकार्पण

अतिथियों द्वारा 17 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित नवीन कृषि अध्ययनशाला भवन का लोकार्पण एवं एमईआरयू (टएफ्न) परियोजना के तहत नव श्रृंगारित भर्तृहरि छात्रावास का लोकार्पण किया। इस दौरान अतिथियों ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सम्पादित चार पुस्तकों का विमोचन भी किया । उपाधि प्रदान करने के पश्चात विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. भारद्वाज ने सभी उपाधि प्राप्तकर्ता विद्यार्थियों को उपदेश दिया और सभी को शपथ दिलवाई गई।

## उठावना



मेरी परम पूज्यनीय बडी बहन एवं ऋतिक भालेराव की धर्ममाता श्रीमती जमना भालेराव उर्फ (जय श्री भालजा बडौदा गुजरात) का दिनांक 16 मार्च 2026 को श्रीजी शरण हो गया है। जिनका उठावना दिनांक 18 मार्च 20 26 को सायः 04:00 बजे मेरे निज निवास पर रखा गया है।

**शोकाकुल**

मनोहर . एन . भालेराव, एडव्होकेट एवं नोटरी, ऋतिक भालेराव, हाईकोर्ट एडवोकेट, तुकाराम भालेराव, विश्वजीत भालेराव, ईडब्ल्यूएस 422 सांदीपनि नगर पुरानी पानी की टंकी के पास आगर रोड उज्जैन मप्र

**मो. 9893041651, 9131646957**

## न्यूज़ ब्रीफ

### इंदौर की कक्षा चौथी की छात्रा ने अर्जित किया द्वितीय स्थान

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन और जिला आपूर्ति नियंत्रक एम. एल. मारु के मार्गदर्शन में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग इंदौर ने जिले में शासकीय विद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन जनवरी 2026 को आयोजित किया गया था। पोस्टर प्रतियोगिता की श्रेष्ठ प्रविष्टि राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु भोपाल प्रेषित की गई थी। कुमारी रानी चौधरी, कक्षा चौथी, शासकीय प्राथमिक विद्यालय 19, नयाबसेरा, गांधीनगर इंदौर ने राज्यस्तरीय पोस्टर प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान अर्जित करने पर 15 मार्च 2026, विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर खाद्य मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में 4000 रुपये एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

### जबलपुर-सोमनाथ का उज्जैन व बनारस-वेरावल एक्सप्रेस का नागदा स्टेशन के समय में बदलाव

जबलपुर-सोमनाथ का उज्जैन स्टेशन पर और बनारस-वेरावल एक्सप्रेस का नागदा स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय में आंशिक बदलाव किया है। पीआरओ मुकेश कुमार ने बताया ट्रेन नंबर 11464 जबलपुर-वेरावल एक्सप्रेस का 2 अप्रैल से और ट्रेन नंबर 11466 जबलपुर-वेरावल एक्सप्रेस का 3 अप्रैल उज्जैन स्टेशन पर आगमन रात 11.45 बजे और प्रस्थान 11.55 बजे होगा। ट्रेन नंबर 12946 बनारस-वेरावल सुपरफास्ट एक्सप्रेस का 1अप्रैल से नागदा स्टेशन पर आगमन रात 1.58 बजे एवं प्रस्थान रात 2.00 बजे होगा।

### सावित्री देवी फुले की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित

उज्जैन। माली-समाज उज्जैन के तत्वाधान में.. ज्ञान ज्योति, भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, समाज सुधारक माता सावित्री देवी फूले की 129 वीं पुण्यतिथि पर स्थानीय नरसिंहघाट धर्मशाला मंदिर परिसर में आयोजित की गई। माली-समाज उज्जैन संरक्षक शिवनारायण जागीरदार एवं अध्यक्ष लीलाधर आडतीया ने दीप प्रज्वलित किया, पश्चात सावित्री देवी फुले के जीवन पर प्रकाश डाला. संचालन गजानंद रामी ने किया ।

### डॉक्टर भटनागर को किया सम्मानित

**उज्जैन।** नगर के ख्याति प्राप्त हड्डी रोग और विकृति निवारक सर्जन डॉ जीतेन्द्र भटनागर ने तीन उद्बोधन गांधीनगर, अहमदाबाद, राष्ट्रीय असामी सम्मेलन में दिए। जिसमे रॉड पर लंबाई बढ़ाना, रॉड और प्लेट से विकृति निवारण और डायबिटिक कटने योग्य पंजे का पुनः निर्माण थे। अन्य उद्बोधन डॉ जीन मार्क गुइचेट, फ्रांस, जिन्होने, रॉड विकसित की है जो पेर को निश्चिंत तरह से घुमाने से 1 दूर होती है। अतः जब हंडी को बीच से काट कर इसे उसकी नाली के अंदर डाल कर घुमाने से लंबाई बढ़ती है। डॉ भटनागर को सम्मानित करते हुए । उसी तरह किए हुए उपचार का उदाहरण,घटिया, उज्जैन, निवासी किशोर 1-1/2 इंच जांघ छोटी वाला था तथा कुल्हे, घुटने पर टेढ़ा भी था। उसे डॉक्टर भटनागर ने उपचार कर समान्य बनाया।

### अधोसंरचना विकास कार्यों की वृहद समीक्षा की

**इंदौर।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधोसंरचनात्मक विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में एमजीएम मेडिकल कॉलेज इन्दौर में प्रस्तावित नवीन आधुनिक चिकित्सालय भवन सहित विभिन्न विकास कार्यों पर चर्चा कर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने आवश्यक निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी दिशा में चिकित्सा अधोसंरचना के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इन्दौर में प्रस्तावित नवीन आधुनिक चिकित्सालय भवन के निर्माण से बिस्तरों की संख्या में वृद्धि होगी।

### कृषि अभिमुखीकरण कार्यक्रम क्रियान्वयन तेज किए जाएंगे

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कृषक कल्याण वर्ष 2026 में विभिन्न विभाग मिलकर कृषि विकास और कृषक कल्याण योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य करेंगे। किसानों की आय बढ़ाने के लिए सभी उपायों पर क्रियान्वयन तेज किया जाएगा। कृषक कल्याण वर्ष का लाभ किसानों के परिवारों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। मध्यप्रदेश, देश का इकलौता राज्य है, जो 5 रुपए में किसानों को बिजली का कनेक्शन उपलब्ध करवा रहा है। ये किसानों के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार भोपाल में कृषक कल्याण वर्ष में सक्रिय सहभागिता जुटाने के उद्देश्य से आयोजित किए गए कृषि अभिमुखीकरण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला में उप मुख्यमंत्री द्वय जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ल सहित किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत आदि मौजूद थे।

### उज्जैन-नागदा मार्ग पर कार-आयशर के बीच भिड़ंत

# सांवरिया सेठ जा रहे 3 दोस्तो की मौत, 1 घायल

उज्जैन। लहसुन से भरी आयशर और कार के बीच मंगलवार सुबह 11 बजे के उज्जैन-नागदा मार्ग पर सीधी भिड़ंत हो गई। दुर्घटना भयावह थी। भिड़ंत के बाद कार पलटी खा गई और अगला हिस्सा चकनाचूर हो गया। दुर्घटना में 2 लोगो की मौत हो गई, 2 गंभीर घायल हुए थे, जिसमें से उपचार के दौरान शाम को तीसरे ने भी दम तोड़ दिया।

भेरूगढ़ थाना क्षेत्र के उज्जैन-नागदा मार्ग स्थित टोल के आगे ग्राम गोयला और ढाबला के बीच कार और आयशर के बीच आमने-सामने की सीधी भिड़ंत होते ही कार पलटी खा गई। लहसुन से भरी आयशर मार्ग से नीचे उतर तिरछी हो गई थी। दुर्घटना के बाद राहगीर तत्काल कार सवारो को बचाने के लिये आगे आये। कार में चार लोग सवार थे, जिन्हें वह मुश्किल बाहर निकल गया। कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से चकनाचूर हो चुका था। चारों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां एक की मौत होना सामने आया। तीन घायलों को शासकीय अस्पताल से निजी अस्पताल ले जाया गया जहां दूसरे की भी मौत हो गई। दुर्घटना की जानकारी लगते ही पुलिस घटनास्थल पहुंच गई थी। जहां से विवेचना के बाद अस्पताल पहुंची। इस दौरान मृतकों के नाम देवेंद्र पिता चिंतामणि जोशी और कैलाश उर्फ रिंकू पिता बंसीलाल शर्मा निवासी अब्दालपुरा होना सामने आए। घायलों में प्रवेश शर्मा निवासी इंदिरा नगर और सुरेश नवलानी सिंधी कॉलोनी शामिल थे। जिनका उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। एस आई शोभराम किरार ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर दोनों मृतकों का पोस्टमार्टम कराया गया है वहीं निजी अस्पताल में भर्ती घायलों के बयान दर्ज किए गए हैं। दुर्घटना के बाद चालक आयशर छोड़कर मौके से भाग निकला है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कार सवार चारो दोस्त थे और सुबह सांवरिया सेठ दर्शन यात्रा निकले थे। मृतकों में शामिल कैलाश शर्मा भाजपा नेता थे। दुर्घटना के बाद अस्पताल और पोस्टमार्टम कक्ष के बाहर घायल और मृतको के परिजनों, रिश्तेदारों और अब्दालपुरा के रहवासियों की भीड़ जमा हो गई थी।





कैलाश शर्मा (मृतक) सुरेश नलवानी (मृतक) देवेंद्र जोशी (मृतक)



### शाम को सुरेश नलवानी की हुई मौत

दुर्घटना के बाद घायलों में शामिल सुरेश नवलानी की हालत गंभीर बनी हुई थी, वही प्रवेश शर्मा की हालत में सुधार हो रहा था। सुरेश नवलानी को आईसीयू में भर्ती किया गया जहां उपचार के दौरान हालत में सुधार नहीं होने पर शाम को डॉक्टर ने इंदौर रेफर करने की बात कही लेकिन उन्हें इंदौर ले जाया जाता उससे पहले ही सुरेश की भी मौत हो गई। सुरेश नवलानी प्रॉपर्टी व्यवसाय से जुड़े थे। जिनका पोस्टमार्टम बुधवार सुबह कराया जाएगा।

### 3229 लोकेशन प्रभावित, 40 नई कॉलोनियों को भी किया शामिल

# उज्जैन में प्रॉपर्टी गाइडलाइन दरें 17.18% बढ़ेंगी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन में अचल संपत्तियों की नई गाइडलाइन दरों में औसतन 17.18% की वृद्धि का प्रस्ताव है। सोमवार को कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में इस पर विस्तार से चर्चा हुई। इस बैठक में उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा सहित समिति के सदस्य और सभी तहसीलों के राजस्व अधिकारी मौजूद रहे। वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित इन दरों के तहत जिले की कुल 4353 लोकेशन में से 3229 स्थानों पर दरें बढ़ाने का प्रस्ताव है। इनमें शहरी क्षेत्र की 1665 और ग्रामीण क्षेत्र की 1564 लोकेशन शामिल हैं। प्रस्तावित वृद्धि के अनुसार शहरी क्षेत्रों में दरों में 12.96% और ग्रामीण क्षेत्रों में 21.38% की बढ़ोतरी होगी। कुल औसत वृद्धि 17.18% रहने का अनुमान है।





#### आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित

प्रशासन ने आम जनता से नई गाइडलाइन दरों पर आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित किए हैं। नागरिक 22 मार्च शाम 6 बजे तक तहसील कार्यालय या वरिष्ठ जिला पंजीयक कार्यालय में अपनी राय दर्ज करा सकते हैं। इसके बाद अंतिम प्रस्ताव केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजा जाएगा।

#### जिले के 33 स्थानों पर 100% वृद्धि प्रस्तावित

उज्जैन शहर के कई प्रमुख क्षेत्रों जैसे तिरूपति ग्राण्ड, महाकाल मार्ग, दशहरा मैदान, वजीर पार्क, महालक्ष्मी नगर और दवा बाजार में दरों में वृद्धि प्रस्तावित है। वहीं ग्रामीण इलाकों में दताना, नरवर, पिपलौदा और जीवनखेड़ी जैसे क्षेत्रों में 50 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी देखी जा रही है। जिले के 33 स्थानों पर 100 प्रतिशत या उससे अधिक वृद्धि प्रस्तावित की गई है, जिनमें रत्नाखेड़ी, जमालपुर, मंगरोला, प्रकाश नगर और नागदा का जवाहर मार्ग शामिल हैं।

#### 40 नई कॉलोनियों को गाइडलाइन में शामिल किया



इस प्रस्ताव में जिले की 40 नई कॉलोनियों को भी गाइडलाइन में शामिल किया गया है, जिनमें से 29 उज्जैन तहसील में हैं। प्रमुख नई कॉलोनियों में शिवांश सिग्नेचर, तिरूपति सिलिकॉन सिटी, मनी विहार गोल्ड और द ग्रीन सिटी शामिल हैं।

### चौड़ीकरण में चूक : जंतर मंतर के सामने सड़क में अंतर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



शहर में जंतर-मंतर (वेधशाला) के सामने वाले मार्ग चौड़ीकरण में बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां निर्माण एजेंसी ने वेधशाला के सामने वाली सड़क करीब एक फीट ऊंची बना दी। आसपास के अन्य निर्माण व पुरानी सड़कें नीची हो गई हैं। यह वाहन चालकों के लिए स्थाई समस्या हो गई है। बारिश में वेधशाला के अलावा गऊघाट पाले की तरफ बने मकानों व आश्रम में जलजमाव होने की आशंका है। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बताया निर्माण एजेंसी लोनिवि है हालांकि उन्होंने गड़बड़ी से इनकार किया। एजेंसी ने बनाई 1 फीट ऊंची सड़क यह हिस्सा रोड से एक फीट नीचे है।

## ऑनलाइन क्विज के माध्यम से देंगे जवाब

### केबीसी की तर्ज पर होगी भाजपाइयों की परीक्षा...

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

भाजपा को यूं ही पार्टी विथ डिफरेंस नहीं कहा जाता। वह समय-समय पर अपने कार्यकताओं की परीक्षा भी लेती है। अब प्रशिक्षण के बाद एक बार फिर परीक्षा की तैयारी है। जो पदाधिकारियों और कार्यकताओं को सिखाया जाएगा, उसकी परीक्षा उसी दिन केबीसी की तर्ज पर ऑनलाइन माध्यम से होगी, जिसमें 80 प्रतिशत जवाब सही देना होंगे। शर्त यह भी रहेगी कि इस क्विज से कोई भी कार्यकर्ता बीच में बाहर नहीं हो सकता। भाजपा आने वाले भविष्य में प्रचार-प्रसार के विकल्प को देखते हुए अभी से ही अपने कार्यकताओं को सूचना तकनीकी और सोशल मीडिया के साथ-साथ एआई का प्रशिक्षण भी दे रही है। इसके लिए मंडल स्तर पर व्यवस्था की गई है।

#### अपनी भाषा में पार्टी का ऐप चलाने का ऑप्शन भी दिया गया

कार्यकर्ता को अपनी भाषा में पार्टी का ऐप चलाने का ऑप्शन भी दिया गया है। अब विभिन्न मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग शुरू हो चुके हैं। वर्ग में कुल 8 विषयों पर भाजपाइयों को ट्रेनिंग दी जाना है। इसके बाद शाम को ही भाजपाइयों की क्विज होगी, जिसमें उन्होंने क्या सीखा, उसकी परीक्षा ली जाएगी। इसके लिए संगठन के सरल ऐप पर लॉगइन कर अपना नाम और जानकारी देना होगी। इसके बाद क्विज शुरू होगी। क्विज के लिए प्रत्येक मंडल में एक विशेषज्ञ भी तैनात किया गया है, जो क्विज संबंधी औपचारिकता पूरी करेगा। भाजपा के आईटी विशेषज्ञों के अनुसार इस क्विज में कुल 20 प्रश्न होंगे, जो दिनभर दी गई जानकारी के अनुसार पूछे जाएंगे।



### कांग्रेस में ताकत फूंकने की कोशिश

**इन्दौर ।** कांग्रेस में अब गुटीय संतुलन को बनाने के लिए हर विधानसभा में समन्वय की कोशिश चल रही है और नई नियुक्ति में नाराजगी को दूर करने की कोशिश चल रही है। जिस तरीके से संगठन को मजबूत करने का काम चल रहा है उससे आने वाले दिनों में परिणाम और बेहतर हो सकते है। उल्लेखनीय है कि जिला और शहर कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति लंबे समय पहले ही हो चुकी है। लेकिन कार्यकारिणी गठन को लेकर अभी तक बात नहीं बन पाई है। इसके लिए संगठन से मशविरा किया जा रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की मंशानुसार युवाओं को आगे लाने के लिए कोशिश की जा रही है।

### युवाओं को मिलेंगे ज्यादा मौके

## मालवा प्रांत इंदौर और उज्जैन संभाग में बंटेगा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने अपने शताब्दी वर्ष में संगठनात्मक ढांचे में बड़ा बदलाव करने का फैसला लिया है। इस बदलाव के तहत मध्य प्रदेश में अभी मौजूद मालवा, महाकौशल और मध्यभारत जैसे तीन प्रांतों को खत्म किया जाएगा और उनकी जगह करीब छह नए संभाग बनाए जाएंगे।

संघ की हाल ही में हुई प्रतिनिधि सभा की बैठक में यह फैसला लिया गया। नए सिस्टम के तहत पूरे प्रदेश की जिम्मेदारी एक प्रचारक और कार्यकारिणी संभालेगी, जबकि देशभर में करीब 80 नए संभाग गठित किए जाएंगे। इससे जिला और विभाग स्तर के कार्यकर्ता सीधे संभागीय प्रचारकों से जुड़ सकेंगे। संघ का मानना है कि इस बदलाव से संगठन में कामकाज तेज होगा, फैसले जल्दी लिए जा सकेंगे और युवा कार्यकताओं को ज्यादा जिम्मेदारी मिलेगी। इस बारे में इंदौर में मालवा प्रांत के संघचालक डॉ. प्रकाश शास्त्री आज विस्तार से जानकारी देंगे।

#### जल्द पूरे देश में लागू होगी व्यवस्था

मध्य प्रदेश में अब तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का काम तीन प्रांत- मालवा, महाकौशल और मध्यभारत में बंटा हुआ था। नई व्यवस्था में पूरे प्रदेश की जिम्मेदारी एक ही प्रचारक संभालेगा, जबकि अलग-अलग संभागों में अलग प्रचारक नियुक्त किए जाएंगे। इस बदलाव से जिला और संभाग स्तर पर काम ज्यादा प्रभावी होगा। खासतौर पर युवा कार्यकताओं को अधिक मौके मिलेंगे और उन्हें सक्रिय करने में मदद मिलेगी। इससे संघ का नेटवर्क भी और मजबूत होगा। संघ के पदाधिकारियों के अनुसार, शताब्दी वर्ष को ह्लयुवा संघर्ष और संघर्ष का युवा वर्षह्व के रूप में मनाया जा रहा है। यह नई व्यवस्था उसी दिशा में उठाया गया एक अहम कदम है। संघ की यह नई व्यवस्था केवल मध्यप्रदेश तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसे जल्द ही पूरे देश में लागू किया जाएगा।

मध्यप्रदेश में तीन प्रांतों की व्यवस्था खत्म होने के साथ ही प्रांतीय प्रचारक और उनकी कार्यकारिणी भी खत्म हो जाएगी। अब पूरे राज्य के लिए एक राज्य प्रचारक नियुक्त किया जाएगा, जो संगठन की जिम्मेदारी संभालेगा। नई व्यवस्था में हर संभाग में एक प्रचारक के साथ पूरी कार्यकारिणी बनाई जाएगी।

दैनिक अवन्तिका
स्वागतम् 2026
तीन-तीन बहुरंगीय कैलेंडर


दो वितरित और तीसरा पंचांग कैलेंडर जल्द आपके हाथों में
नए साल के तीन तरह के
नि:शुल्क कैलेंडर जल्द आपके हाथों में
श्री राम लला मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर
11 दिसंबर के अंक के साथ नि:शुल्क वितरित हो चुका है।
अब दो कैलेंडर बाकी पंचांग कैलेंडर और तिथि कैलेंडर
हॉकर से अपनी प्रति सुरक्षित करें और लेते रहे एक एक करके तीनों कैलेंडर
9977755777, 77710 90777, 9617957337, 9893047988, 0734 4041777, 0731 4085777

## न्यूज-कॉलम

### गुड़ी पड़वा से रामनवमी तक प्रतिदिन युक्त नीम-रस का होगा वितरण

**आलोट-** विक्रम संवत, हिन्दू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नगर की सत्याग्रह सामाजिक एवं क्षेत्र की सांस्कृतिक संस्था आलोट द्वारा गुड़ी पड़वा दिनांक १९ मार्च २०२६ गुरुवार से २७ मार्च २०२६ शुक्रवार रामनवमी तक प्रतिदिन प्रातः ७ बजे से प्रातः ९ बजे तक स्थान-पुरानी तहसील परिसर आलोट पर नीम रस का वितरण किया जाएगा।। यह जानकारी संस्था के अध्यक्ष धिरेन्द्र सिंह निगम,वैध डॉ संतोष निगम,ने दी एवं संस्था के सदस्य विनय निगम,रमेश पोरवाल,योगेश निगम,कुशाल राव जाधव,रवि निगम,भुपेंद्र निगम,मोहन गुप्ता,नवीन उपाध्याय,धिरज राव,महेश परिहार,लखन दास बैरागी आदी ने आप सभी नीम प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर होने वाले विशाल नीम-रस वितरण का लाभ लेने की अपील की है।।

### धर्मेंद्र सोलंकी जिला उपाध्यक्ष मनोनीत



**बाग।** इंडियन जर्नलिस्ट ⁄ द्धद्ध पत्रकार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन राष्ट्रीय अध्यक्ष यूथविंग संदीप जैन, राष्ट्रीय संगठन सचिव व मध्य प्रदेश प्रभारी भूपेंद्र सिंह जादौन , प्रदेश अध्यक्ष राकेश साहू , प्रदेश अध्यक्ष यूथविंग धवन माहेश्वरी , युथविंग जिलाध्यक्ष धार आदित्यराज धाकड़ की अनुशंसा पर भारतीय पत्रकार संघ⁄द्धद्ध यूथविंग का धार जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया । सोलंकी की इस नियुक्ति पर वरिष्ठ पत्रकार अशोक पंवार, प्रदीप अगाल, राजकुमार मालवी, जयप्रकाश तापड़िया, युनुस खान, ब्रज जाजु, तेज बहादुर पंवार, दिनेश झंवर, रोहित झंवर, शेहजाद भारती, विशाल नामदेव, सुरेश अगाल, शिवशंकर परिहार, अंकित झंवर,राजु पंवार,निरेश सेठिया, कान्हा शर्मा, जाफर खान, लवकी जाजु, संजय देपाले, आदि ने बधाई शुभकामनाएं दी।

### ओशो संबोधि महोत्सव और कबीर भजन संध्या 20 से

**उज्जैन।** दानीगेट स्थित अनंत पेठ, धाकड़ धर्मशाला में ओशो ध्यान साधना केंद्र की अगुवाई में तीन दिवसीय ओशो संबोधि महोत्सव और कबीर भजन संध्या का आयोजन २० से २३ मार्च तक शाम ६ बजे से होगा। स्वामी प्रेम विवेक के अनुसार शिविर में वात, पित्त, कफ के संतुलन के साथ ध्यान की गहराई, आनंद और शांति के अनुभव पर केंद्रित सत्र होंगे। ध्यान विधियों का अभ्यास स्वामी प्रेम योगी, मां प्रेम मीरा और ध्यान ज्योति वैधा कराएंगे। प्रतिदिन भजन संध्या में अरुण गोयल कबीर के भजन प्रस्तुत करेंगे। शिविर के दौरान शिप्रा तट पर गुलाल और फूलों के साथ आनंदोत्सव भी मनाया जाएगा।

### 1 अप्रैल से शत प्रतिशत उर्वरक वितरण का कार्य ई टोकन के माध्यम से होगा

**उज्जैन।** जिला किसान कल्याण तथा कृषि विभाग के उपसंचालक ने जानकारी दी कि जिले में १५ जनवरी से ई विकास प्रणाली के अंतर्गत ई टोकन के माध्यम से किसानो को उर्वरक वितरण का कार्य किया जा रहा हैं। संचालनालय से प्राप्त निदेर्शानुसार १ अप्रैल २०२६ से शत प्रतिशत उर्वरक वितरण का कार्य ई टोकन के माध्यम से किया जाएगा। उक्त कार्य के सफल संचालन के लिए जिले के किसानों के रकबे के समस्त सर्वे नंबर फार्मर रजिस्ट्री (एग्री स्टेक) पर अपडेट होना अनिवार्य हैं। अतः निवेदन है कि ई विकास प्रणाली अंतर्गत ई टोकन से शत प्रतिशत उर्वरक वितरण हो इसके लिए शत प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री (एग्री स्टेक) पर अपडेट २५ मार्च तक करवाए।

### 75 प्रतिशत मावा व्यापार प्रभावित, 280 किलो के भाव लंबे समय से चल रहे

**उज्जैन।** मावा बाजार का स्थान बदलने से व्यापार ७५त्न कम हो चुका है। अब मावा व्यापारियों को खर्च निकालना भी मुश्किल हो गया है। ढाबा रोड का सड़क चौड़ीकरण के कारण अभी 100 साल पुराना मावा बाजार लुप्त हो गया। चौड़ीकरण में एक दर्जन मावा दुकान प्रभावित हुई है। मावा बाजार का नया बाजार मिर्जा नईम बेग मार्ग की आमने-सामने की दो पट्टी में लग रहा है। मावा व्यापार तो पहले से प्रभावित चल रहा है। नए बाजार में आने से बिक्री नाममात्र की रह गई। गर्मी आने से जोखिम भी बढ़ चुकी है। बाजार में इस समय लड्डू और गुलाब जामुन का मावा बिक रहा है।

### राजपुरा के गढ़ खंगाई माताजी मंदिर में 21 मार्च को सजेगी भजनों की शाम

**रतलाम।** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी गढ़ खंगाई माताजी मंदिर, राजपुरा में भक्तिमय आयोजन होने जा रहा है। आगामी 21 मार्च 2026, शनिवार को यहाँ विशाल भजन संध्या एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया है। आयोजनकर्ता पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी ने बताया कि माता रानी के दरबार में शाम 6.30 बजे से सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। क्षेत्र के श्रद्धालु भजनों की सरिता में गोते लगाएंगे। माता के जयकारों और भक्ति गीतों से पूरा परिसर गुंजायमान होगा। आयोजकों द्वारा इस वर्ष समय की पाबंदी को लेकर विशेष आग्रह किया गया है। कार्यक्रम के दौरान भोजन प्रसादी का समय शाम 7.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। निवेदक मंडल ने सभी धर्मप्रेमियों से अनुरोध किया है कि वे समय पर पधारकर माता का आशीर्वाद प्राप्त करें और प्रसादी ग्रहण कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

### मार्च माह में अवकाश के दिनो मे विशेष संचालन के लिए बैठक संपन्न

**रतलाम।** सचिव कृषि उपज मंडी किशोर कुमार नरगावे ने बताया कि कृषि उपज मंडी समिति रतलाम में किसान संघ, व्यापारी संघ, हम्माल संघ एवं तुलावटी संघ की संयुक्त बैठक मंडी भारसाधक अधिकारी/एसडीएम रतलाम शहर सुश्री आर्ची हरित की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मार्च माह में अवकाश के दिनों की अधिकता को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि मार्च 2026 में 19 मार्च को गुड़ी पड़वा, 20 मार्च को चैती चाँद, 21 मार्च को ईद-उल-फितर, 26 मार्च को नवरात्रि अष्टमी, 27 मार्च को रामनवमी, 29 मार्च को रविवार, 30 मार्च को बैंक क्लोजिंग, 31 मार्च को महावीर जयंती, 1 अप्रैल को वार्षिक लेखा बंदी तिथियों पर विभिन्न पर्व एवं प्रशासनिक कारणों से मंडी प्रांगण में अवकाश रहेगा।

## लूट की घटना का पुलिस ने तीन दिन में किया खुलासा

# बॉलीवुड फिल्म स्पेशल 26 देखकर डाली थी डकैती; 8 गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग



बाग में 13 मार्च को ठेकेदार राजकुमार मालवी के घर आईटी ऑफिसर बन सोने के आभूषण और नगदी लूट ले जाने की घटना का पुलिस ने तीन दिन में खुलासा कर दिया है।पुलिस ने इस मामले में 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है ०६ आरोपी अभी फरार है जिनकी तलाश पुलिस कर रही है।

आई जी अनुराग ने खुलासा करते हुए बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में बनाई गई विशेष टीमों ने सीसीटीवी फुटेज, साइबर और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की। लगातार प्रयासों के बाद 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। निकटवर्ती जिले खंडवा में भी इसी प्रकार की वारदात में 8 आरोपी शामिल है ।पुलिस ने आरोपियों के पास से दो स्कॉर्पियो, आर्टिगा वाहन सहित 1.35 करोड़ के सोने के आभूषण जप्त किए है घटना का मुख्य मास्टर माइंड शहजाद खान बेरछा थाना निवासी है ।


इसी तरह की वारदात दिनांक 12.मार्च को ग्राम पामाखेड़ी थाना नर्मदानगर जिला खण्डवा में भी अंजाम दिया था।,खण्डवा से सम्पर्क कर घटना में प्रयुक्त स्कार्पियों के सीसीटीव्ही फुटेज प्राप्त कर जिला धार एवं जिला खण्डवा की संयुक्त टीमों का गठन कर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु विभिन्न जिलों में भेजा गयाथा।

पुलिस जाँच मे पता चला कि देवास निवासी नरसिंह बघेल जो मूलरुप से डही का रहने वाला हैं जो कि अपराधिक प्रवृत्ति का होकर बाग,मनावर में लगातार आना जाना करता रहता था।इसी दौरान उसकी दोस्ती दिनेश पिता रुखड़िया निवासी मनावर व रमेश मोरी निवासी बाग से हो गई उसने अपने साथियों का प्लान दोनो को बताया ओर इस क्षेत्र में रहने वाले व्यवसायियों की जानकारी देने के लिये बोला इस पर दिनेश ने अपने साथी आबिद पेंटर और अय्युब से बात की और योजना बनाई कि नकली इंकम टैक्स, सीबीआई पुलिस की टीम हैं जिसकी रेड डालकर हम लोग डकैती की घटना करेंगे। पीड़ित परिवार इसकी सूचना डर के कारण किसी को नही देगा, जिससे हमे बड़ा फायदा होगा। हम लोग अपने क्षेत्र में ऐसे पैसे वाले लोगो की जानकारी नरसिंह को देंगे।

दिनेश ने अपने साथी अय्युब शाह निवासी मनावर व आबिद पेंटर निवासी बाग के माध्यम से बाग के ठेकेदार राजकुमार मालवी के घर सोना और केश होने की जानकारी नरसिंह ओर दिलीप को दी,जिसके बाद नरसिहं द्वारा अपने साथी शहजाद को उक्त बाते बताई गई व शहजाद ने प्लानिंग कर अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर नकली इनकम टैक्स अधिकारी बनकर राजकुमार मालवी ठेकेदार के घर लूट की थी।

## अंशधारी उज्ज्वल पाटिल ने शक्कर कारखाना में लेखाधिकारी की बहाली को लेकर सवाल उठाए

**बुरहानपुर।** शक्कर कारखाना अंशधारी उज्ज्वल पाटिल ने



नवलसिंह सहकारी शक्कर कारखाना में लेखाधिकारी की बहाली को लेकर सवाल उठाए हैं। आरोप है कि 6 मार्च को लेखा विभाग से हटाकर कंप्यूटर साइंस विभाग में स्थानांतरित किया गया था, जो जांच में सहयोग नहीं करने और कार्यालय अधीक्षक से अभद्र व्यवहार की शिकायतों के बाद किया गया। 7 मार्च को पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह के हस्तक्षेप के बाद आदेश बदल दिया गया और लेखाधिकारी को फिर से उसी पद पर बहाल कर दिया गया। अंशधारी का दावा है कि यह बहाली फोन पर दबाव बनाकर कराई गई और बहाली के बाद लेखा विभाग के कर्मचारियों के साथ फिर से अभद्र व्यवहार किया गया। शिकायत में यह भी कहा गया है कि संबंधित व्यक्ति कारखाने के डेलीगेट नहीं हैं, फिर भी प्रशासनिक मामलों में उनका हस्तक्षेप हो रहा है। उज्ज्वल पाटिल ने सहकारिता पंजीयक, कलेक्टर और प्रबंध संचालक को शिकायत भेजकर पूरे मामले की जांच की मांग की है। मांग की गई है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाए ताकि संस्थागत प्रक्रिया पर भरोसा कायम रह सके।

## पेंशन प्रकरणों का निराकरण कर हितग्राहियों को समय पर लाभ देना सुनिश्चित करे

**बड़वानी ।**कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह कलेक्ट्रेट सभागृह बड़वानी में आयोजित समय-सीमा सह अन्तरविभागीय समन्वय संबंधी बैठक में विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यो की विस्तृत समीक्षा की गई।कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि 50 दिवस से अधिक पुराने और एल ३ व एल ४ स्तर पर लंबित शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से किया जाए। लंबित प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लंबित रखने की प्रवृत्ति पर गहरी अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। आगामी गुड़ी पड़वा पर्व के लिए कानून व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं हेतु संबंधित निकायों और एसडीएम को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए । बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के सम्बंध में आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को समय-सीमा में मूल्यांकन सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी को पुस्तक मेला आयोजित करने और ३० मार्च तक आगामी सत्र की पुस्तकों के निर्धारित मानक की जांचने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि आगामी 19 मार्च से पूरे प्रदेश के साथ-साथ जिले में भी जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू होकर 30 जून 2026 तक चलेगा। इस अभियान के तहत नवीन जल संरचनाओं का निर्माण, भूजल संवर्धन, जल संरचनाओं की सफाई एवं मरम्मत और मानसून पूर्व पौधारोपण की तैयारी की।

# मानवता की मिसालः लापता मंदबुद्धि युवक को ग्रामीणों ने सुरक्षित ढूंढा, परिजनों को सौंपा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

जिले के भगवानपुरा वार्ड नंबर 9 के रहने वाले एक मंदबुद्धि युवक के सुरक्षित मिलने से क्षेत्र में खुशी और संतोष का माहौल है। जानकारी के अनुसार, विनोद कुमार का 26 वर्षीय पुत्र दीपक (दीपु) मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण बीते 10 मार्च को अपने घर से कहीं चला गया था। काफी तलाश के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला, तो रामपुरा नवजीवन निःशक्तजन कल्याण संघ के अध्यक्ष माणक मोदी एवं रूक्रष्ट पार्वती मोदी ने मानवीय पहल करते हुए इस मामले को समाचार पत्रों और सोशल मीडिया पर प्रमुखता से उठाया।

सोशल मीडिया पर फैली इस जानकारी का असर जल्द ही देखने को मिला, 15 मार्च कोजब बैंसला की हेमलता धनोतिया ने बालक को पहचानने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि उक्त युवक को साइकिल लेकर रामपुर बैसला मार्ग की ओर जाते हुए देखा है। इस सूचना के मिलते ही बैंसला के ग्रामीणों ने सक्रियता दिखाई और एक विशेष खोज अभियान चलाया।

बैंसला सरपंच अमर रावत के नेतृत्व में दिलखुश मीणा, मनोहर मीणा, दिनेश मीणा, तरुण कहार और सत्यनारायण मीणा ने मिलकर बैंसला-चम्बल मार्ग पर युवक की सघन तलाश शुरू की। ग्रामीणों की इस तत्परता और सामूहिक प्रयास का परिणाम रहा कि कुछ ही समय में दीपक को सुरक्षित ढूंढ निकाला गया। युवक के मिलने के तुरंत बाद इसकी सूचना उसके परिजनों को दी गई, जिससे परिवार की आंखों में खुशी के आंसू छलक आए। उन्होंने रामपुरा नवजीवन संस्था के अध्यक्ष मानक मोदी और बैंसला के सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सबकी एकजुटता और मानवता के कारण ही उनका बेटा आज घर वापस आ पाया है।

# ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन,



कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के निदेर्शानुसार एवं उपसंचालक कृषि के मार्गदर्शन में विकासखंड खाचरौद अंतर्गत नागदा में अनुविभागीयो राजस्व कार्यालय में ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत ई-टोकन व्यवस्था के संबंध में समस्त पटवारी, पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर कार्यालयीन सहायक संचालक कृषि श्री कमलेश कुमार राठौर ने प्रशिक्षण में उपस्थित पटवारियों को फार्मर रजिस्ट्री (एग्री-स्टैक) को अद्यतन (अपडेट) करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती रंजना पाटीदार ने भी उपस्थित पटवारियों एवं पंचायत सचिवों/रोजगार सहायकों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। साथ ही सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में किसानों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार करें तथा ई-टोकन प्रणाली के बारे में जानकारी देते हुए आवश्यक सहयोग प्रदान करें। श्री राठौर ने बताया कि आगामी 1 अप्रैल 2026 से उर्वरक का वितरण शतप्रतिशत ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से ही किया जाएगा, जिससे उर्वरक वितरण की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी एवं व्यवस्थित रूप से संचालित हो सकेगी।ई-विकास प्रणाली से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं के साथ-साथ नरवाई प्रबंधन के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।उक्त प्रशिक्षण में श्रीमती मधु नायक, तहसीलदार नागदा, श्री सुभाष सुनहरे, नायब तहसीलदार नागदा एवं श्री देवेश गोखले, नायब तहसीलदार नागदा अनुविभागीय कृषि अधिकारी श्रीमती अनुप्रिया असाठी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री संदीप करोडे सहित खाचरोद के कृषि विकास अधिकारी श्री मनोज हिंडाऊ सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## ड्रग्स माफिया दिलावर पठान को वन विभाग ने लिया गिरफ्त में, दो दिन पूछताछ के बाद आज करेगी न्यायालय में पेश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

मास्टरमाइंड ड्रग्स माफिया दिलावर पठान पर वन विभाग ने शिकंजा कसा है। दिलावर पर वन्य जिव संरक्षण का आपराधिक प्रकरण दर्ज है। दिलावर से पूछताछ के लिए वन विभाग इंदौर की एसटीएफ टीम रतलाम पहुंची है। दो दिन के रिमांड के बाद टीम आरोपी को आज न्यायलय में पेश करेगी।

उल्लेखनीय हे की दो माह पूर्व ड्रग्स का मास्टरमाइंड दिलावर पठान की कालूखेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम चिकलाना में घर पर अवैध ड्रग्स की फेक्ट्री का पुलिस ने भंडाफोड़ किया था। फेक्ट्री से बड़ी मात्रा में ड्रग्स, बंदूके, गोलिया, केमिकल, सहित वन्य जिव मिले थे। पुलिस मुख्य आरोपी दिलावर सहित परिवार के 16 लोगो को आरोपी बनाया था। जो की अभी जेल में है।

मुख्य सरगना दिलावर के घर में मिले वन्य जिव 2 मोर, 6 तीतर और 40 किलो चन्दन के मामले इंदौर एसटीएफ की टीम रतलाम पहुंची और दिलावर से पूछताछ के लिए दो दिन का रिमांड लिया। टीम दिलावर को जावरा के अस्पताल में मेडिकल चेकअप करवाने के बाद अन्य जीवो सहित मौके से बरामद संरक्षण किए वन्य जिव के बारे में विस्तृत पूछताछ कर रही है। सोमवार को टीम दिलावर को लेकर मौके पर पहुंची और जानकारिया जुटाई। आज मंगलवार को टीम आरोपी दिलावर पठान को वन विभाग के न्यायलय में पेश करेगी।

पूछताछ करने आई टीम में इंदौर एसटीएफ के अधिकारी एसडीओ प्रदीप कछावा, वन रेंजर राधेश्याम जोशी, विष्णु पाटीदार, प्रभारी रतलाम रेंजर कमल सिंह देवड़ा सहित वन आरक्षक शामिल थे।

### 178 विद्यार्थियों को मिलेंगी डिग्रियां

**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय का 30वां दीक्षांत समारोह मंगलवार सुबह 11 बजे से कोठी रोड स्थित विश्वविद्यालय परिसर के स्थित स्वर्ण जयंती हॉल में शुरू होगा। दीक्षांत समारोह में कुल 178 विद्यार्थियों को डिग्रियां और मेडल प्रदान किए जाएंगे।

# 5 मार्च तक फार्मर रजिस?ट्री का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करें- कलेक्टर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन,



कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने सोमवार सुबह प्रशासनिक संकुल भवन के कलेक्टर कार्यालय सभागृह में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने २५ मार्च तक फार्मर रजिस्ट्री का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश अनुविभागीय अधिकारियों को दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि आगामी एक अप्रैल से शत प्रतिशत उर्वरक वितरण का कार्य ई-टोकन के माध्यम से किया जाएगा। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निवारण की ब्लॉकवार और विभागवार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने तहसीलदार उज्जैन ग्रामीण व बड़नगर, सीईओ जनपद तराना को सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए और नॉन अटेंडेंट शिकायत रहने पर विभागीय कार्यवाही की चेतावनी जिला अधिकारियों को दी।बैठक में खाद्य आपूर्ति विभाग की जिला अधिकारी को निर्देश दिए कि घरेलू सिलेंडर व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में उपयोग ना हो यह सुनिश्चित किया जाए, उक्त कार्य करने वालों पर सख्त कार्यवाही करें। कालाबाजारी और तय मूल्य से अधिक दरों पर सिलेंडर बेचने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्यवाही करें। गैस एजेंसी संचालकों और संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर गैस आपूर्ति उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने रबी उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निशुल्क एचपीवी टीकाकरण अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर सर्वाईकल कैंसर से रोकथाम में एचपीवी टीकाकरण के योगदान के बारे में किशोरियों के पालकों को दल गठित कर घर-घर जाकर जागरुक करने के निर्देश दिए। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत सचिव, आंगनवाडी कार्यकर्ता, आशा वर्कर को मोबीलाईज कर टीकाकरण अभियान में तेजी लाए। सीएमएचओ, स्वास्थ्य अधिकारियों की ब्लाक वार ड्यूटी लगाकर अभियान का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।बैठक में जिले के 30 सितंबर तक ०६ वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी बच्चों का कक्षा एक में शाला प्रवेश सुनिश्चित कराने के निर्देश कलेक्टर श्री सिंह ने दिए। बैठक में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा की।

# सकारात्मक सोच से मिलेगा सच्चा आनंद : महापौर पटेल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

अंतर्राष्ट्रीय खुशहाली दिवस के अवसर पर आनंद विभाग रतलाम द्वारा गुलाब चक्कर पर जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर आनंद के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले ५४ व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर प्रहलाद पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि लोग अक्सर नकारात्मक सोच के कारण आनंदित नहीं रह पाते। सकारात्मक सोच अपनाकर हम परिस्थितियों का रचनात्मक तरीके से सामना कर सकते हैं, जो हुआ उसे स्वीकार कर आगे बढने का मार्ग खोज सकते हैं। उन्होंने कहा कि सच्ची मुस्कान भीतर से आती है और वास्तविक आनंद पाने के लिए बनावटीपन से बाहर निकलना आवश्यक है।

नगर निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग वास्तविक आनंद से दूर होते जा रहे हैं। एकल परिवार की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण हम बुजुर्गों से मिलने वाले संस्कार और संस्कृति से भी दूर हो रहे हैं।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं न्यायाधीश नीरज पवैया ने कहा कि वर्तमान समय में संवेदनशीलता की कमी सबसे बड़ी समस्या है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे दूसरों के दुख-दर्द में सहभागी बनें, तभी सच्चे आनंद की अनुभूति होगी।

पीएम श्री महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वाय. के. मिश्रा ने कहा कि यदि हम सकारात्मक कार्यों और व्यवहार में आनंद खोजेंगे तो जीवन में कभी ऊब नहीं होगी और जीवन सार्थक बनेगा। वहीं पर्यावरणविद् भूमि पवैया ने दीर्घकालिक खुशहाली के लिए सेवा कार्यों से जुड? की आवश्यकता पर बल दिया।

आनंद विभाग की जिला समन्वयक सीमा अग्निहोत्री ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय खुशहाली दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों के दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव लाना है। उन्होंने कहा कि केवल आर्थिक विकास ही नहीं, बल्कि लोगों की खुशहाली और संतुष्टि भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े आनन्दकों ने अपने कार्यों और उद्देश्यों की जानकारी साझा की। संजय ओझा, रूपेश राठौड़ और श्याम सुंदर भाटी की हास्य कविताओं ने कार्यक्रम में हास्य का रंग भर दिया। अंत में महापौर प्रहलाद पटेल ने गीत एवं कविता प्रस्तुत कर माहौल को आनंदमय बना दिया, जिससे पूरा सभागार ठहाकों से गूंज उठा।

कार्यक्रम की शुरूआत पुष्पेंद्र सिंह सिसौदिया एवं धर्मा कोठारी की प्रार्थना से हुई। आयोजन के सफल संचालन में सुरेंद्र अग्निहोत्री, बंटी, शुभम प्रजापत और हरिओम धाकड़ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन गिरीश सारस्वत ने किया तथा अंत में मधु परिहार ने आभार व्यक्त किया।

# सुख, दुःख और मोह



सांख्य-दर्शन के अनुसार, समस्त विश्व-प्रपंच के मूलभूत दो तत्व हैं-पुरुष और प्रकृति। पुरुष ईश्वर नहीं है। वह जीव है। वह प्रकृति के समस्त व्यापारों का द्रष्टा है। वह जन्म-मरण के चक्कर से मुक्त है। इस मत के अनुसार, जगत का उपादान-तत्व प्रकृति है। इसके तीन गुण हैं- सत्व, रजस् और तमस । सत्व सौजन्य और सुख उत्पन्न करता है। रजस् सभी क्रियाओं का स्रोत है और दुःख उत्पन्न करता है। तमस् क्रियाशीलता में बाधा पहुंचाता है। सत्व, रजस और तमस क्रमशः सुख, दुःख और आलस्य उत्पन्न करते हैं। ये तीनों गुण प्रकृति के सारभूत तत्व हैं। त्रिगुणात्मक प्रकृति से उद्भूत जगत की प्रत्येक वस्तु सुख, दुःख और मोह रूप है। वाचस्पति मिश्र ने सांख्यतत्त्वकौमुदी में कहा है - एक कुल-शील सम्पन्न सुन्दरी युवती से उसके पति को सुख, सौतों को दुःख तथा उसे न पा सकनेवाले अन्य कामी पुरुष को मोह होता है। इससे स्पष्ट है कि उस युवती में उन विभिन्न प्राणियों के लिए सुख, दुःख और मोह, तीनों बातें विद्यमान हैं। यही स्थिति संसार के अन्य सभी पदार्थों की है। सृष्टि के पहले सभी गुण साम्यावस्था में रहते हैं। पुरुष और प्रकृति के सान्निध्य से गुण क्षोभ होता है। प्रकृति में भीषण उथल-पुथल मच जाती है। एक गुण दूसरे गुण पर अधिकार जमाने की कोशिश करता है। अपने-अपने प्रभुत्व के अनुसार सृष्टि आरंभ होती है। सबसे पहले महत उत्पन्न होता है। यह व्यक्ति की बुद्धि का आधार है। सत्व गुण की अधिकता के कारण बुद्धि का उदय होता है। उसका स्वाभाविक धर्म स्वयं को तथा दूसरी चीजों को प्रकाशित करना है। सत्व के प्रभुत्व से बुद्धि में धर्म, ज्ञान, वैराग्य और ऐश्वर्य बढ़ता है। तमस् की अधिकता से अधर्म, अज्ञान और आसक्ति पैदा होती है। महत से अहंकार उत्पन्न होता है। मैं और मेरा का अभिमान अहंकार है : अभिमानोऽहङ्कारः। अहंकार के कारण ही पुरुष अपने को कर्ता, कामी और स्वामी समझने लगता है। अहंकार ही संसार के सब व्यवहारों का मूल है। अहंकार से इसके सात्विक (वैकारिक) रूप में मन, पांचों ज्ञानेंद्रियां और पांचों कर्मेंद्रियां विकसित होती हैं। इसी से इसके तामस (भूतादि) रूप में पांच सूक्ष्म तत्व उत्पन्न होते हैं। रजस (तैजस) रूप दोनों में रहता है। नेत्र, श्रवण, घ्राण, रसना और त्वचा, पांच इंद्रियां हैं। पांच ज्ञानेंद्रियों से क्रमशः रूप, शब्द, गंध, स्वाद और स्पर्श का ज्ञान होता है। ये सब पुरुष के लिए उत्पन्न होते हैं और अहंकार के परिणाम हैं।...

सच तो यह है कि वैष्णव धर्म में जिस विष्णु की कल्पना की गई है, वह पुरुष है और जिस लक्ष्मी की कल्पना की गई है, वह प्रकृति है। ईश्वर चिंतन की परंपरा में सांख्य मत का निश्चय ही महत्वपूर्ण स्थान है।



**सम्पादकीय**

## उलझता युद्ध

ईरान-अमेरिका युद्ध शुरू हुए आधा महीने से ज्यादा वक्त बीत गया, लेकिन दिनों-दिन यह उलझता जा रहा है। यह युद्ध बड़ी चिंता ही नहीं, बल्कि मानवता का अपमान है। युद्ध में दोनों तरफ से अतिवादी कदम उठाए जा रहे हैं। युद्ध रोकने की कोशिशें नदारद हैं, पर अमेरिका के ज्यादातर सहयोगी इस युद्ध के लिए तैयार नहीं हैं। तेल का अभाव झेल रही दुनिया जानती है, होर्मुज जलडमरूमध्य पर यातायात का सुचारू होना जरूरी है। पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लग रहा था कि वह ईरान पर हावी हो जाएंगे और होर्मुज मार्ग पर असर नहीं पड़ेगा। अब यह काम ट्रंप या उनकी सेना नहीं कर पा रही है, तो उन्होंने चीन और नाटो के सदस्य देशों को एक तरह से ललकारा है कि ये देश इस समुद्री मार्ग को खुलवाने के लिए आगे आएं। इस बीच, सोमवार को कच्चे तेल की कीमत लगभग 105 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई है। वास्तव में, यह ऐसे देशों को युद्ध में शामिल करने की एक चाल हो सकती है, जो युद्ध के पक्ष में नहीं हैं। सीधा सा अर्थ है - होर्मुज को खुलवाने की कोई भी कोशिश ईरान से लड़ने के समान होगी।

इस त्रासद युद्ध के संबंध में दूसरी सबसे अहम बात है, अफवाहों और डीपफेक का इस्तेमाल। अफवाहों का बाजार ऐसा गर्म है कि कभी ईरान के नए सर्वोच्च नेता के न होने या बुरी तरह से घायल होने की खबर आती है, तो कभी इजरायल के सर्वोच्च नेता के निधन की खबर आती है। खुद को जिंदा बताने के लिए इजरायली नेता अपना वीडियो जारी करते हैं, जिसे एक एआई टूल ग्रोक डीपफेक करार देता है। यह एक ऐसा युद्ध है, जिसमें एकाधिक देश अपने नेताओं को सुरक्षित करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं। तकनीक के आधुनिक दौर में यह बहुत खतरनाक बात है कि किसी भी नेता की हत्या के लिए उसका लोकेशन ज्ञात होना पर्याप्त है। अगर इजरायल को ईरानी नेताओं की लोकेशन चाहिए, तो ईरान भी कम नहीं है। नेताओं की लोकेशन की बेरहम तलाश के दौर में सच्चाई अपना लोकेशन गंवा चुकी है। आज हकीकत यह है कि दुनिया विश्वास या अविश्वास की बेहद नाजुक डोर पर टिकी है। ध्यान रहे, विगत महीनों से ट्रंप हर किसी पर टैरिफ की तलवार भांज रहे थे, अमेरिकी मदद और संवेदना के दायरे को समेटते चले जा रहे थे। आज जब जरूरत आन पड़ी है, तब उनके नाटो के देश ही मदद का हाथ नहीं बढ़ा रहे हैं।

### मनमानी और सुविधा का शोषण

# कटौती की मार कर्मचारियों पर, विधायकों के बढ़ते भत्ते

हाल के समय में सरकारी कर्मचारियों के बीच एक निर्णय को लेकर व्यापक चर्चा और असंतोष देखा जा रहा है। एलटीसी के बदले एक माह के वेतन के विकल्प को समाप्त करने का निर्णय कई कर्मचारियों के लिए चिंता का विषय बन गया है। अनेक कर्मचारी संगठनों और शिक्षकों ने इसे अपने हितों के विपरीत बताया है। उनका कहना है कि यह निर्णय उन कर्मचारियों के लिए विशेष रूप से नुकसानदायक है जो विभिन्न कारणों से यात्रा नहीं कर पाते थे और एलटीसी के बदले वेतन विकल्प का लाभ लेते थे।



डॉ सत्यवान सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

यह मुद्दा केवल एक आर्थिक सुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे कर्मचारियों के मनोबल, उनकी आर्थिक सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था की कार्यक्षमता पर भी प्रभाव पड़ सकता है। किसी भी सरकार के लिए यह आवश्यक होता है कि वह कर्मचारियों की परिस्थितियों को समझते हुए निर्णय ले, क्योंकि सरकारी कर्मचारी ही नीतियों को धरातल पर लागू करने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम होते हैं।

एलटीसी सरकारी कर्मचारियों को दी जाने वाली एक महत्वपूर्ण सुविधा है। इसका उद्देश्य यह है कि कर्मचारी समय-समय पर अपने परिवार के साथ यात्रा कर सकें, अपने कार्य के दबाव से कुछ समय के लिए दूर होकर मानसिक और शारीरिक रूप से तरोताजा हो सकें। इस सुविधा के माध्यम से कर्मचारियों को देश के विभिन्न हिस्सों को देखने और परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलता है।

हालांकि हर कर्मचारी के लिए यात्रा करना संभव नहीं होता। कई बार पारिवारिक जिम्मेदारियाँ, बच्चों की पढ़ाई, बुजुर्गों की देखभाल, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ या अन्य व्यक्तिगत परिस्थितियाँ ऐसी होती हैं जिनके कारण कर्मचारी इस सुविधा का लाभ नहीं ले पाते। ऐसे कर्मचारियों के लिए एलटीसी के बदले एक माह के वेतन का विकल्प एक व्यावहारिक समाधान था। यह विकल्प कर्मचारियों के लिए आर्थिक सहारे के रूप में कार्य करता था। विशेष रूप से मध्यम और निम्न आय वर्ग के कर्मचारियों के लिए यह अतिरिक्त राशि घर के खर्चों, बच्चों की पढ़ाई, चिकित्सा जरूरतों या अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक होती थी। ऐसे में जब इस विकल्प को समाप्त किया जाता है, तो इसका सीधा असर उन कर्मचारियों पर पड़ता है जो यात्रा नहीं कर पाते थे और इस विकल्प पर निर्भर रहते थे।

सरकारी कर्मचारियों की आय सामान्यतः निश्चित और सीमित होती है। उन्हें अपने परिवार की सभी आवश्यकताओं को उसी आय के भीतर संतुलित करना पड़ता है। यदि ऐसी किसी सुविधा को समाप्त किया जाता है, तो उसका प्रभाव सीधे उनके घरेलू बजट पर पड़ता है। यही कारण है कि इस निर्णय को लेकर कर्मचारियों के बीच चिंता और असंतोष की भावना दिखाई दे रही है।

किसी भी प्रशासनिक व्यवस्था की सफलता काफी हद तक कर्मचारियों के मनोबल पर निर्भर करती है। यदि कर्मचारी संतुष्ट और प्रेरित होंगे तो वे अपने कार्य को अधिक जिम्मेदारी और दक्षता के साथ करेंगे। लेकिन यदि उन्हें यह महसूस होने लगे कि उनकी सुविधाओं में लगातार कटौती हो रही है, तो इससे उनके मनोबल पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। विशेष रूप से शिक्षकों की भूमिका समाज में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। शिक्षक केवल पाठ्यक्रम की पढ़ाई तक सीमित नहीं होते, बल्कि वे समाज के भविष्य का निर्माण करते हैं। वे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, विचार और मूल्यों को आकार देने का कार्य करते हैं। इस दृष्टि से शिक्षकों की संतुष्टि और प्रेरणा समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। यदि शिक्षकों और कर्मचारियों को यह महसूस हो कि उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को पर्याप्त महत्व नहीं दिया जा रहा है, तो यह स्थिति लंबे समय में प्रशासनिक और सामाजिक दोनों स्तरों पर प्रभाव डाल सकती है। इसलिए कर्मचारियों से जुड़े निर्णयों में संवेदनशीलता और संतुलन का होना आवश्यक है।

इस पूरे विषय के साथ एक और पहलू अक्सर चर्चा में आता है। आम जनता और कर्मचारियों के बीच यह धारणा भी बनती जा रही है कि जहाँ एक ओर कर्मचारियों की सुविधाओं में कटौती की जा रही है, वहीं दूसरी ओर विधायकों और जनप्रतिनिधियों के भत्तों तथा पेंशन में लगातार वृद्धि होती रहती है।


विधायक लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग हैं और उन्हें अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए उचित सुविधाएँ मिलनी चाहिए। लेकिन जब तुलना की जाती है तो कर्मचारियों और आम जनता के मन में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या नीति निर्माण में संतुलन और समानता का ध्यान रखा जा रहा है।

लोकतंत्र की मूल भावना यही है कि सभी वर्गों के साथ न्यायपूर्ण और संतुलित व्यवहार किया जाए। यदि किसी वर्ग को यह महसूस हो कि उसके साथ असमान व्यवहार हो रहा है, तो इससे व्यवस्था के प्रति विश्वास कमजोर हो सकता है। सरकार के सामने वित्तीय संसाधनों के प्रबंधन की चुनौती भी होती है। कई बार आर्थिक परिस्थितियों के कारण खर्चों में कटौती करनी पड़ती है। लेकिन यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि ऐसे निर्णय लेते समय यह सुनिश्चित किया जाए कि उनका प्रभाव किसी एक वर्ग पर ही अधिक न पड़े। यदि किसी आर्थिक कारण से खर्चों में कमी करना आवश्यक हो, तो इसके लिए व्यापक और संतुलित दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए। नीति निर्माण में पारदर्शिता और संवाद भी उतने ही महत्वपूर्ण होते हैं। कर्मचारियों और सरकार के बीच संवाद किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती का आधार होता है। यदि कर्मचारियों को यह विश्वास हो कि उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना जा रहा है, तो वे भी अपने कार्यों को अधिक जिम्मेदारी और समर्पण के साथ निभाते हैं। संवाद के माध्यम से सरकार कर्मचारियों की वास्तविक परिस्थितियों और चुनौतियों को बेहतर ढंग से समझ सकती है। इसी प्रकार कर्मचारी भी सरकार की प्रशासनिक और आर्थिक सीमाओं को समझ सकते हैं। इससे कई बार ऐसे समाधान निकल आते हैं जो सभी पक्षों के लिए स्वीकार्य होते हैं। वर्तमान स्थिति में यह आवश्यक है कि इस विषय को टकराव के रूप में न देखा जाए, बल्कि इसे संवाद और समझदारी के माध्यम से हल करने का प्रयास किया जाए। यदि आवश्यक हो तो सरकार इस निर्णय पर पुनर्विचार कर सकती है

## झुनझुनलाल का 'सरकारी स्वर्ग'

महुआर गांव के 'झुनझुनलाल' ने जब प्रधानी का चुनाव लड़ा, तो उनका घोषणापत्र किसी जादुई उपन्यास से कम नहीं था। उनका मानना था कि राजनीति वह कड़ाही है जिसमें जनता को तलने के बाद, नमक-मिर्च भी जनता की जेब से ही वसूला जाता है। गांव की खस्ताहाल डिस्पेंसरी को उन्होंने 'कायाकल्प केंद्र' का नाम दिया, जहाँ इलाज के नाम पर केवल हनुमान चालीसा का पाठ और अदरक वाली चाय उपलब्ध थी। झुनझुनलाल ने तर्क दिया कि एलोपैथी तो विदेशी षड्यंत्र है, असली स्वास्थ्य तो गांव की धूल फांकने और सरकारी वादों को पचाने में है। उनके दफ्तर में 'ईमानदारी' का बोर्ड इतनी ऊँचाई पर लगा था कि किसी भी भ्रष्ट अधिकारी की नजर उस तक पहुँच ही न सके। गांव के बुजुर्ग 'दुखिया बाबा' कहते थे कि झुनझुनलाल की बातों में उतना ही यथार्थ है, जितना किसी मुफ़्तखोर की दुआओं में असर।

प्रचार के अंतिम दौर में झुनझुनलाल ने गांव के सूखे पीपल के पेड़ को 'सरकारी कल्पवृक्ष' घोषित कर दिया। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली से एक विशेष 'फ्रीक्वेंसी' इस पेड़ पर उतरने वाली है, जिससे पेड़ की टहनियों पर फल की जगह राशन के पैकेट और 5-ॠ के सिग्नल लटकेंगे। पूरे महुआर में होड़ मच गई; लोग अपनी फटी धोतियां और खाली झोले लेकर पेड़ के नीचे डेरा डाल दिए। झुनझुनलाल ने पेड़ के तने पर चांदी का वर्क चिपका दिया और वहां एक 'डिजिटल दानपात्र' रखवा दिया, जिसमें श्रद्धा और वोट दोनों की आहुति अनिवार्य थी। विपक्षी 'भोंपू सिंह' इस चमत्कार के आगे नतमस्तक थे, क्योंकि उन्हें डर था कि कहीं कल्पवृक्ष से उनके खिलाफ कोई श्राप न निकल आए। जनता को विश्वास हो गया कि अब न मेहनत करनी पड़ेगी, न हल चलाना पड़ेगा; बस पेड़ के नीचे मुँह बाए लेटे रहना है। चुनाव का परिणाम आते ही जब झुनझुनलाल की जीत का जुलूस उसी पीपल के पास पहुँचा, तो जनता ने अपने राशन के पैकेटों की मांग की। झुनझुनलाल ने बड़े प्रेम से एक-एक पत्थर उठाया और जनता की ओर उछालते हुए कहा– भाइयों, कल्पवृक्ष ने अपना पहला फल 'धैर्य' के रूप में दिया है! जो इस पत्थर को झेल गया, समझो उसे मोक्ष मिल गया। जनता हक्की-बक्की रह गई, तभी झुनझुनलाल ने माइक संभाला और बोले, मूर्खों!



## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 18 मार्च 2026 बुधवार
सूर्योदय - 06:37 सूर्यास्त 18:34
चैत्र मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - चतुर्दशी 08:26 उपरांत अमावस्या
नक्षत्र - पूर्वाभाद्रपद 05:21 उपरांत उत्तराभाद्रपदा
योग - शुभ 04:01 उपरांत शुक्ल
करण - शकुनि
चन्द्रमा - कुंभ में है। 23:36 पर मीन में प्रवेश करेगा।

**मेष-** चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। जल्दबाजी न करें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है।

**वृषभ-** विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। भाइयों से कहासुनी हो सकती है। आय बनी रहेगी।

**मिथुन-** व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में सहकर्मी विरोध कर सकते हैं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**कर्क-** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे। व्यापार ठीक चलेगा।

**सिंह-** निवेश में जल्दबाजी न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर संयम रखें।

**कन्या-** अनहोनी की आशंका रहेगी। पारिवारिक जीवन सुख-शांति से बीतेगा। प्रसन्नता रहेगी।

**तुला-** पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा।

**वृश्चिक-** भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। मित्रों तथा पारिवारिक सदस्यों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा।

**धनु-** व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। शत्रुओं का पराभव होगा। प्रमाद न करें। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से भेंट होगी।

**मकर-** डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा लाभदायक रहेगी। किसी बड़ी समस्या से सामना हो सकता है। व्यापार में वृद्धि के योग हैं।

**कुंभ-** पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। व्यवसाय में अधिक ध्यान देना पड़ेगा।

**मीन-** किसी अपने का व्यवहार दुःख पहुंचाएगा। कानूनी समस्या हो सकती है। दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1750-3057 चना काबली- 3200-8000, चना बड़ा- 4970-8000, रायड़ा- 5561-5756, बटला- 1601-3554, सोयाबीन- 3202-5990, तुअर- 2400-4601 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,56,700, रवा- 1,56,500 चांदी- टंच- 2,54,500 पाट- 2,54,000।

**समसामयिक**


## धरा ये कैसा वेश

अतृप्त चाहतों के नाम पर धरा है ये कैसा वेश,
रो रही है मानवता आपस में लड़ रहे जो देश,
खुद के स्वार्थ में कर रहे हैं प्रकृति का नुकसान,
फतेह करना चाहे महत्वाकांक्षाओं का आसमान ।
तोड़ रहे सीमाएं भुलकर भाईचारे का उपदेश,
कोई तो समझाएं उन्हें भेजें शांति का संदेश,
हाथों में थामें खड़े असंख्य परमाणु हथियार,
सभ्य इंसान होकर करें जानवरों सा व्यवहार ।
लूटना चाहते हैं खजाना कौन सा अति विशेष,
क्यों जख्मी कर रहे है बहुरंगी सभ्यता अशेष,
कोहराम मचा रहा आज विश्व में दुखदाई ये खेल,
मौत का तमाशा रचा कौन होगा पास कौन फेल ।
अत्याचार अनाचार अनैतिक अमानवीय आवेश,
ईश तेरे आनंद महल में छाया ये कैसा परिवेश,
झूलस रहे क्रोध नफरत की आग में आम इंसान,
गंवा रहे है बेकसूर होकर भी मासूम अपनी जान ।

मोनिका डागा आनंद

# गर्मियों में पुरुष इस तरह करें स्किन की देखभाल

महिला हो या पुरुष हर कोई एक सुंदर दिखना चाहता है। इसके लिए लोग तरह-तरह के उपाय और नुस्खे आजमाते हैं। स्किन एक्सपर्ट्स कहते हैं कि महिलाओं की तरह पुरुषों को भी मौसम के अनुसार स्किन की देखभाल करनी चाहिए, क्योंकि महिलाओं की तुलना में पुरुषों की स्किन पर रोमछिद्र ज्यादा बड़े होते हैं, ऐसे में स्किन डैमेज होने की संभावना अधिक होती है। खासकर गर्मियों के मौसम में तो पुरुषों को स्किन का खास ख्याल रखना चाहिए। नीचे जानिए स्किन केयर के कुछ जरूरी टिप्स-



### 1. दो बार चेहरा धोएं

जिन पुरुषों की स्किन ऑयली होती है, उन्हें चेहरे को दिन में कम से कम दो बार साफ जरूर करना चाहिए। इसके लिए एक बेहतर क्वालिटी वाले क्लींजर या फिर फेसवॉश का इस्तेमाल कर सकते हैं। बस इस बात का ध्यान रखें कि चेहरे पर साबुन न रगड़ें और चेहरे को अच्छे से धोएं, जिससे रोमछिद्रो में मौजूद गंदगी साफ हो सकती है।

### 2. टोनर का उपयोग करें

एक्सपर्ट्स कहते हैं कि महिलाओं की तुलना म् पुरुषों की स्किन काफी ज्यादा मोटी और टाइट होती है, लिहाजा उन्हें एस्ट्रिंजेंट या ग्लाइकोलिक एसिड (जीए) जैसे टोनर का इस्तेमाल करना चाहिए। इस तरह का टोनर स्किन के छिद्रों को साफ रखने में आपकी मदद कर सकता है।

### 3. स्क्रबिंग भी है जरूरी

गर्मी के मौसम में स्किन की स्क्रबिंग बेहद जरूरी होती है। इससे स्किन से डेड सेल्स बाहर निकल जाते हैं। पुरुषों को आमतौर पर हर 3 दिनों में एक बार डीप एक्सफोलिएशन के लिए स्क्रबिंग करना चाहिए, इससे स्किन पर नैचुरल निखार आ सकता है।

### 4. मॉइश्चराइज रखना बेहद जरूरी

स्किन को मॉइश्चराइज रखने के लिए गर्मियों में हमेशा लाइटवेट मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करना चाहिए, इससे स्किन मॉइश्चराइज रहती है, साथ ही झुर्रियां होने की संभावना भी कम होती है। इसके अलावा मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करने से स्किन से दाग-धब्बे, ड्राईनेस और पिंपल्स की परेशानी भी कम हो सकती है।

### 5. सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें

इन दिनों चिलचिलाती धूप स्किन का ग्लो छीन लेती है। इससे बचने के लिए सनक्रीन का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। कई पुरुष सनस्क्रीन का इस्तेमाल नहीं करते हैं, उनका मानना होता है कि इससे उनकी स्किन पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन जान लीजिए कि सनस्क्रीन लगाने से आपकी स्किन सूर्य की किरणों से सुरक्षित रहती है। गर्मियों में हर 2 घंटे के बाद सनस्क्रीन लगाएं, ताकि आपकी स्किन सुरक्षित रह सके।

## मेरी दोस्त गोरैया

दस्तक मेरे दरवाजे पर चहकने की तुम देती गौरैया
चाय,बिस्किट लेता मैं तुम्हारे लिए रखता
दाना-पानी यही है मेरी पूजा
मन को मिलता सुकून लोग सुकून के लिए
क्या कुछ नहीं करते ढूंढते स्थान
गोरैया का घोंसला मकान के अंदर
क्योकि वो संग रहती इंसानों के साथ
हम खाये और वो घर में रहे भूखी
ऐसा कैसे संभव दान और सुकून
इन्हें देने से स्वतः आपको मिलेगा
हो सकता है हम अगले जन्म में बने गोरैया
और वो बने इंसान दोस्ती - सहयोग
कर्म के रूप में साथ रहेंगे।

### मेहंदी

निखर जाती है बेटी के
हाथों की सुन्दरता में
चार-चाँद लगाती जाए
जब लगी हो हाथों में मेहंदी।
मेहंदी,रोसा और बेटी
लगती जैसे बहन हो आपस में
महकती जाए निखरती जाए
जब लगी हो हाथों में मेहंदी।
मेहंदी भी जाती है बेटी के
संग ससुराल में
बाबुल की यादों के आंसू कैसे पोंछे
जब लगी हो हाथों में मेहंदी।
जब न होगी बेटियाँ
तो किसे लगायेंगे मेहंदी
होगी बेटियां तब ज्यादा ही रचेगी
जब लगी हो हाथों में मेहंदी।



संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

**धर्म-आस्था**

# सुनने की साधना – संबंधों को संवारने का रामायण सूत्र

आज का समय तीव्र गति और निरंतर संवाद का समय है। साधन बढ़े हैं, शब्दों की संख्या बढ़ी है, परंतु संवेदनशील सुनने की कला कहीं पीछे छूटती प्रतीत होती है। हर व्यक्ति अपने विचार व्यक्त करने में तत्पर है, पर दूसरों की भावनाओं को धैर्यपूर्वक सुनने का अभ्यास कम होता जा रहा है। परिणामस्वरूप रिश्तों में दूरी, मन में अकेलापन और समाज में असहजता का वातावरण बनता दिखाई देता है। ऐसे समय में हमारे प्राचीन आदर्श जीवन को दिशा देने वाली प्रेरणा प्रदान करते हैं।

मानवीय संबंधों की सबसे मजबूत नींव विश्वास और समझ होती है। यह विश्वास तभी जन्म लेता है, जब सामने वाला व्यक्ति स्वयं को सुना और स्वीकार किया हुआ अनुभव करे। आज अक्सर देखा जाता है कि जैसे ही कोई अपने मन का बोझ साझा करना चाहता है, हम तुरंत उसे सलाह देने या सुधारने का प्रयास करने लगते हैं। यह प्रवृत्ति संवाद की आत्मीयता को कमजोर कर देती है। जबकि कई बार मनुष्य को समाधान नहीं, केवल एक शांत सहारा और धैर्यपूर्ण सुनवाई की आवश्यकता होती है।

हमारे सांस्कृतिक आख्यानों में इस सत्य का अत्यंत मार्मिक चित्रण मिलता है। जब माता कैकयी ने वनवास का वचन माँगा, तब स्थिति अत्यंत कठिन थी। यह निर्णय किसी भी पुत्र के जीवन को बदल देने वाला था। फिर भी मर्यादा के आदर्श ने तर्क या विरोध के स्थान पर धैर्य और स्वीकार का मार्ग चुना। उस क्षण केवल सुनना ही सबसे बड़ी करुणा और कर्तव्य बन गया। इससे यह संदेश मिलता है कि कभी-कभी परिस्थितियों से संघर्ष करने से अधिक महत्वपूर्ण होता है, उन्हें समझकर शांत मन से स्वीकार करना।

प्रकार निषादराज गुह का प्रसंग भी सुनने की शक्ति को उजागर करता है। वन यात्रा के दौरान जब उनके मन में वेदना और चिंता उमड़ी, तब उन्हें उपदेश या तर्क नहीं मिला, बल्कि आत्मीय मौन और सहानुभूति का स्पर्श मिला। यह सुनना ही उनके लिए सबसे बड़ी सांत्वना बन गया। यह उदाहरण बताता है कि मनुष्य के हृदय को सबसे अधिक राहत तब मिलती है, जब उसकी भावनाओं को बिना बाधा और बिना निर्णय के स्थान दिया जाए। भरत के साथ संवाद का प्रसंग भी उतना ही प्रेरक है। अपराधबोध और दुख से व्याकुल मन को किसी समाधान से पहले सहानुभूति की आवश्यकता होती है। जब पीड़ा को शब्दों में व्यक्त करने की स्वतंत्रता मिलती है, तब भीतर की टूटन स्वयं ही धीरे-धीरे भरने लगती है। यही कारण है कि सुनने को एक प्रकार की साधना कहा गया है, जिसमें व्यक्ति अपने अहंकार और अधीरता को त्यागकर दूसरे के अनुभवों को स्थान देता है।

समकालीन समाज में यह सीख और अधिक प्रासंगिक हो उठती है। आज हर व्यक्ति तनाव, प्रतिस्पर्धा और अनिश्चितताओं से घिरा हुआ है। ऐसे में जब वह किसी अपने के सामने अपने मन की व्यथा रखता है, तो वह केवल समाधान नहीं चाहता, बल्कि यह अनुभव करना चाहता है कि कोई उसकी भावनाओं को समझ रहा है। यदि उस क्षण उसे केवल उपदेश मिले, तो उसका अकेलापन और गहरा हो सकता है। इसके विपरीत यदि उसे धैर्यपूर्ण सुनवाई मिले, तो उसके भीतर स्वयं ही समाधान खोजने की शक्ति जागृत हो जाती है। सुनने की यह संस्कृति परिवार, समाज और कार्यस्थल – हर स्तर पर सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है। जब संवाद में संवेदनशीलता आती है, तो विवाद कम होते हैं और सहयोग की भावना मजबूत होती है। यह केवल व्यक्तिगत संबंधों को नहीं, बल्कि सामूहिक जीवन को भी संतुलित बनाती है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने व्यवहार में इस जीवन सूत्र को स्थान दें। जब कोई अपने मन की पीड़ा साझा करे, तो हम उसे तुरंत सुधारने या दिशा देने की जल्दी न करें। पहले उसकी बात को पूरे मन से सुनें, उसकी भावनाओं को समझें और उसे यह विश्वास दें कि वह अकेला नहीं है। यही मानवीयता का वास्तविक स्वरूप है।

अंततः यह समझना आवश्यक है कि हर समस्या का समाधान शब्दों में नहीं होता। कई बार मौन, सहानुभूति और धैर्य ही सबसे प्रभावी उत्तर होते हैं। सुनने की यह साधना संबंधों को गहराई देती है और जीवन में संतुलन लाती है। यदि हम इस मार्ग को अपनाएँ, तो संवाद में मधुरता, संबंधों में स्थायित्व और समाज में सद्भाव स्वतः स्थापित हो सकता है। यही जीवन का सार है, यही प्रेम का सच्चा मार्ग है।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

# एसडीएम वरवडे द्वारा सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण, नवीन भवन की खामियां फिर आई सामने

## प्रसव कक्ष के शौचालय में पानी लीकेज अनुपस्थित कर्मचारियों को नोटिस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) किरण वरवडे द्वारा पदभार ग्रहण करने के बाद क्षेत्र के विभिन्न विभागों की व्यवस्थाओं का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को उन्होंने सुसनेर स्थित सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के नवीन भवन में एक बार फिर निर्माण कार्य की खामियां सामने आईं जिस पर एसडीएम ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को अवगत कराने की बात कही।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम वरवडे सबसे पहले भर्ती वार्ड में पहुंचीं और वहां भर्ती मरीजों से चर्चा कर उन्हें मिल रही चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। मरीजों ने बताया कि उन्हें अस्पताल में उपचार मिल रहा है और आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके बाद एसडीएम ने अस्पताल के मेटरनिटी वार्ड का निरीक्षण किया और वहां मौजूद स्टाफ व प्रसूता महिलाओं से बातचीत कर प्रसव के दौरान दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के नवीन भवन में कई निर्माण संबंधी खामियां सामने आईं। प्रसूति वार्ड के शौचालय से पानी का लीकेज होने के कारण वार्ड का उपयोग ठीक से नहीं हो पा रहा है। वहीं दवाई वितरण कक्ष की छत से भी पानी टपकने की समस्या सामने आई। इस संबंध में एसडीएम ने कहा कि पुलिस हाउसिंग बोर्ड द्वारा निर्मित यह भवन गुणवत्ता के अनुरूप नहीं बना है और इस मामले से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। साथ ही मौके पर स्थिति की वीडियोग्राफी भी करवाई गई। एसडीएम ने अस्पताल परिसर की सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया और व्यवस्थाओं में सुधार करने के निर्देश मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव कुमार बरसेना को दिए। निरीक्षण के दौरान कुछ बेड पर बेडशीट नहीं होने पर भी उन्होंने नाराजगी जताई और अस्पताल में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। वहीं निरीक्षण के दौरान तीन कर्मचारी अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए, जिस पर उनके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी किया गया है। अनुपस्थित कर्मचारियों में बृजराज नागर (एन.ओ.), शाहरुख खान (एक्स-रे तकनीशियन) और सुरेश ढाबर (ऑफ्थेल्मिक असिस्टेंट) शामिल हैं। मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से जारी आदेश में इन कर्मचारियों से तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं तथा संबंधित दिवस का वेतन भुगतान नहीं करने की बात भी कही गई है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पूर्व ही जिला कलेक्टर प्रीति यादव द्वारा सर्वेश यादव के स्थान पर किरण वरवडे को सुसनेर का एसडीएम नियुक्त किया गया है। पदभार ग्रहण करने के बाद से ही वह क्षेत्र के विभिन्न विभागों की व्यवस्थाओं का लगातार निरीक्षण कर सुधार के निर्देश दे रही हैं। निरीक्षण के दौरान पटवारी मोहित नागर भी उपस्थित रहे।

**इनका कहना**

अस्पताल के प्रश्चात महिलाओं को रखे जाने कक्ष में शौचालय से पानी लीकेज होने की समस्या सामने आई है। पुलिस हाउसिंग बोर्ड के द्वारा बनाई गई यह बिल्डिंग बिल्कुल भी ठीक नही है। इस संबन्ध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करवाया जाएगा।

**किरण वरवड़े, एसडीएम सुसनेर**



## आउटसोर्स विद्युत कर्मचारी संघ ने 12 सूत्रीय मांगों के संदर्भ में ज्ञापन सौपा

**ब्यावरा।** महाप्रबंधक मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड व्रत राजगढ़ के मुख्यालय पर आउटसोर्स विद्युत कर्मचारी संघ की 12 सूत्री मांगों के संदर्भ में ज्ञापन भारतीय मजदूर संघ के बेनर तले मध्य प्रदेश बाय स्त्रोत विद्युत कर्मचारी संगठन द्वारा दिया गया जिसमें भारतीय मजदूर संघ विभाग प्रमुख गोपाल प्रसाद शर्मा जिलाध्यक्ष राजेश सक्सेना मध्य प्रदेश विद्युत पेंशनर संघ जिलाध्यक्ष अशोक मिश्रा सेवानिवृत्ति पेंशनर संघ जिला संयोजक बापूजी सुमन जिला संरक्षक बाबूलाल शर्मा विद्युत पेंशनर संघ संरक्षण सुरेश बनवाड़े मध्य प्रदेश बाय स्त्रोत विद्युत कर्मचारी संगठन के जिला अध्यक्ष पवन शर्मा जिला सचिव विनोद वर्मा व संगठन के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे ज्ञापन का वाचन सुरेश बनावडे ने किया तत्पश्चात डीसी श्री खरे को ज्ञापन दिया श्री खरे द्वारा सभी समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया गया।

## एस डी आर एफ प्रशिक्षण लेकर आपदा मित्रों ने इंगोरिया थाने पर आमद दर्ज कराई



**इंगोरिया।** होमगार्ड कार्यालय से आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण लेकर सोमवार शाम 7 बजे 5 पुलिस मित्रों ने इंगोरिया थाने पर आमद दी। अनुभव संयोजक राधेश्याम यादव ने बताया कि बड़नगर और इंगोरिया थाना क्षेत्र में कहीं भी प्राकृतिक आपदा या मानवीय आपदा में 24 घंटे हमारी सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। सात दिवसीय एस डी आर एफ ट्रेनिंग में हमें नाव से तैराकी, डूबते को बचाने, सी पी आर देने, आग लगने में कैसे मदद करना बारिश और प्राकृतिक आपदा में सहयोग करने का प्रशिक्षण दिया गया। थाना प्रभारी दीपेश यादव , एस आई राजेंद्र सिंह तोमर, ए एस आई दिनेश निनामा, हेड मुहर्रिर अखिल शुक्ला और स्टॉफ ने ने सभी आपदा मित्रों को प्रशिक्षण से लौटने पर बधाई दी।

## नाबालिग द्वारा ट्रैक्टर चलाने का वीडियो वायरल, पुलिस ने बनाया 11 हजार का चालान

**ब्यावरा।** गत दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक नाबालिग बालक ट्रैक्टर चलाते हुए दिखाई दे रहा था। उक्त वीडियो के संबंध में थाना ब्यावरा शहर पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जांच की जांच के दौरान पाया कि जगदीश पिता कमललाल लोधा 32 वर्ष, निवासी लोधीपुरा थाना ब्यावरा का 13 वर्षीय पुत्र दोपहर लगभग 11:30 बजे ट्रैक्टर को ब्यावरा से चलाकर अपने गांव लोधीपुरा ले जा रहा था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए उक्त ट्रैक्टर को पकड़कर थाने में खड़ा किया एवं ट्रैक्टर मालिक जगदीश लोधा को थाने तलब किया। ट्रैक्टर मालिक के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 5/180, 4/181 एवं 146/196 के अंतर्गत विधिवत कार्यवाही करते हुए कुल ग्यारह हजार रुपये का चालान किया गया। पुलिस ने आम नागरिकों से अनुरोध किया है कि किसी भी नाबालिग अथवा अनधिकृत व्यक्ति को वाहन चलाने हेतु न दें। नाबालिग द्वारा वाहन चलाना कानूनन अपराध है तथा इससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। सभी नागरिक यातायात नियमों का पालन

# जनरेटर अल्टीनेटर व इनवर्टर बैटरी चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

राजगढ़ पुलिस ने संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु निरंतर कार्रवाई की जा रही। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के मार्गदर्शन में एसडीओपी खिलचीपुर डी.वी.एस. नागर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी भोजपुर श्रीमती संगीता शर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल ने जनरेटर अल्टीनेटर व इनवर्टर बैटरी चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी भोजपुर द्वारा पुलिस टीम के साथ घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्रित कर अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में दो विशेष टीमों का गठन किया। एक टीम द्वारा आरोपियों की तलाश की तथा दूसरी टीम द्वारा 300 सीसीटीवी कैमरों की जांच की। साथ ही साइबर सेल की मदद से तकनीकी जानकारी प्राप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया।

दिलीप पिता रामचरण जाटव 37 वर्ष, निवासी ग्राम नारियाबे, हाल निवास मधु मिलन फैक्ट्री के सामने, ब्यावरा और संजय उर्फ बंटी पिता कैलाश मेवाड़े 38 वर्ष, निवासी बैकुंठ मार्ग, ब्यावरा, अब्दुल रशीद उर्फ अल्लू पिता अब्दुल लतीफ 45 वर्ष, निवासी पंचमुखी हनुमान मंदिर के सामने, ब्यावरा को गिरफ्तार किया ।

आरोपियों ने अपने शौक पूरे करने के उद्देश्य से चोरी की योजना बनाई थी। योजना के अनुसार अब्दुल रशीद उर्फ अल्लू का कार्य किराए की अर्टिगा कार लाना तथा अन्य आरोपियों को चोरी की जगह तक पहुंचाना था, जबकि दिलीप और संजय चोरी की वारदात को अंजाम देते थे।

आरोपियों ने ग्राम ढाबली थाना भोजपुर में दुर्गा प्रसाद विश्वकर्मा की दुकान से रात के अंधेरे का फायदा उठाकर जनरेटर के 5 अल्टीनेटर चोरी कर लिए और उन्हें अर्टिगा कार में रखकर ब्यावरा लाकर सुठालिया बायपास स्थित शाहरुख कबाड़ी को बेच दिया। आरोपियों ने पुनः इसी तरीके से चोरी की योजना बनाई और उस्मान भाई के पोल्ट्री फार्म पहुंचे। यहां आरोपी अल्लू ने कार को सड़क किनारे गेहूं के खेत में छिपाकर खड़ा किया, ताकि किसी को वाहन दिखाई न दे। इसके बाद दिलीप और संजय ने वहां से एक जनरेटर का अल्टीनेटर एवं इनवर्टर की चार बड़ी बैट्रियां चोरी कर अर्टिगा कार में रख लीं और पुनः ब्यावरा जाकर कबाड़ी को बेच दिया। आरोपियों से 2 अल्टीनेटर, 4 क्षतिग्रस्त अल्टीनेटर, 1 हथौड़ा, 1 कटर 4 पाना, 5 घटना में प्रयुक्त अर्टिगा कार, 6 दो मोबाइल जप्त किये।



## बड़े रोजा इफ्तारी कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक जैन

**महिदपुर रोड।** सोमवार को रमजान महिने के 27 वें बड़े रोज रोजा इफ्तारी का आयोजन विधा यक दिनेश जैन बोस की उपस्थिति में किया। हुसैनी चौक में आयोजित सामूहिक रोजा इफ्तारी कार्यक्रम में विधायक दिनेश जैन बोस ने शामिल होकर समाज जनों को संबोधित करते हुए कहा रमजान के पाक महिने में खुदा की इबादत कर आप सभी ने आर्थिक रूप से कमजोर समाज के भाई बहनों को रमजान के महिने में मदद कर जो अमन और भाईचारा दिखाया है। वह काबिले तारीफ है बड़े रोजे का सामूहिक इफ़्तारी कार्यक्रम में छोटे-बड़े छोटे सभी महिलाओं ने सामूहिक रोजा इफ्तार किया आयोजन में समाज सेवी गफ्फार भाई मुल्तानी, शहजाद मंसूरी, टीपू पठान शानू पठान युनूस पठान नाहरू मंसूरी समीर पठान तालीब मंसूरी, शाहरूख मंसूरी आदि आती फ भाई बादर पठान सरदार कुरैशी सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

## ग्राम खरेली में घर में लगी आग, जलकर सारा सामान खाक

**मक्सी।** स्थानीय ग्राम खरेली में एक घर में बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगने से घर जलकर खाक हो गया। आग की खबर सुनते ही आसपास के लोग घरेलू बर्तनों और ट्रेक्टर चलित स्प्रे पम्प से आग बुझाने में जुट गए और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग की तेज लपटे देख घटना की जानकारी दमकल कर्मियों को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी लेकर दमकल कर्मी घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से 2 घंटे से अधिक समय मे आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक घर का सारा सामान जल गया था। घर में रखा सारा सामान, बर्तन, बक्से, सोफे, कपड़े, कागजात, गहने, एवं अन्य सामान जल गए। मिली जानकारी के अनुसार टोंकखुर्द भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष सिद्दनाथ केलोदिया निवासी खरेली के घर में शाम 5 बजे के करीब अचानक बिजली की शार्ट सर्किट से आग लग गई और आग ने देखते ही देखते भयावह रूप धारण कर लिया एवं अपने आगोश में सारे घर को ले लिया। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग की लपटें इतनी तेज थीं कि घर से कोई सामान निकालना मुश्किल हो रहा था। वहीं घटना को होते देख आसपास अफारा तफरी का माहौल बन गया था। वही ग्राम पंचायत खरेली के पटवारी मुकेश यादव द्वारा मोका मुआयना कर पंचनामा बनाया गया एवं सम्पति के आर्थिक नुकसान का आकलन किया। एवं विस्तृत रिपोर्ट तैयार की गई।

## चैत्र नवरात्रि पर मेले की तैयारियों को लेकर नपा ने निरीक्षण किया



**खाचरौद।** नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद भरावा द्वारा आगामी चैत्र महोत्सव 2026 में नगर के अतिप्राचीन माँ चामुण्डा माता मंदिर पर लगने वाले मेले की तैयारियों के संबंध में नगर पालिका के पार्षदों, मेला समिति के सदस्यों, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रवि गुप्ता के साथ निरीक्षण किया व आवश्य निर्देश प्रदान किये।उक्त जानकारी देते हुए भरावा ने बताया कि 16 मार्च को नगर पालिका के पार्षद व निकाय के अमले के साथ चामुण्डा माता मंदिर पर 19 मार्च से लगने वाले 9 दिवसीय मेले की व्यवस्थाओं को लेकर निरीक्षण किया व चर्चा कर आवश्यक निर्देश जैसे परिसर की सफाई, पेयजल आपुर्ति, मैदान समतलीकरण आदि आवश्यक निर्देश संबंधितो को प्रदान किये। मेले को भव्यता प्रदान करने हेतु मेले में प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जावेगा। साथ ही आकर्षक झूला चकरी, मीना बाजार सहित कई अन्य खान पान की दुकानों के साथ ही मंदिर परिसर पर आकर्षक विद्युत साज सज्जा की जावेगी। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष दिनेश ठन्ना, पार्षदगण दशरथ वाकतारिया, राकेश राठौर, प्रकाश डाबी, जय जायसवाल, राजेन्द्र धाकड़, नपा उपयंत्री बी एल पाटीदार, स्वास्थ्य प्रभारी शिवसिंह रघुवंशी आदि उपस्थित थे।

## नेशनल लोक अदालत में कुल 213 प्रकरणों का किया गया निराकरण




**खाचरोद।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उज्जैन के निदेर्शानुशार तहसील विधिक सेवा समिति खाचरोद द्वारा न्यायालय परिसर खाचरोद में आज दिनांक 14.03.26 को नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रातः 10.50 बजे प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नीतूकांता वर्मा, द्वितीय जिला न्यायाधीश नीरज शर्मा, शैफाली सिंह व्यवहार न्यायाधीश वर्ग वरिष्ठ खण्ड, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड पंकज बुटानी द्वारा दीप प्रज्वलित, माल्यार्पण कर एवं अभिभाषक संघ खाचरोद के अध्यक्ष प्रवीण पंड्या, अभिभाषक विद्युत मंडल कनिष्ठ यंत्री संजय मालवीय, समस्त बैंकों के बैंक मैनेजर, तथा नगरपालिका खाचरोद के समस्त पदाधिकारीगण एवं न्यायालय खाचरोद के कर्मचारीगण द्वारा सरस्वती पूजन एवं माल्यार्पण कर लोक अदालत का शुभारंभ किया गया।

# लोक अदालत में 602 प्रकरणों का निराकरण

## आपसी सुलाह से फिर साथ आए दम्पत्ति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

तहसील न्यायालय शुजालपुर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह आयोजन मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर के निदेर्शानुसार किया गया। लोक अदालत की अध्यक्षता तृतीय जिला न्यायाधीश एवं तहसील विधिक सेवा समिति शुजालपुर की अध्यक्ष सपना पोर्ते ने की।

वर्ष 2026 की प्रथम लोक अदालत में न्यायालय में लंबित लिटिगेशन प्रकरणों के साथ ही न्यायालय में दर्ज होने से पूर्व के प्री लिटिगेशन मामलों का भी निराकरण किया गया। लोक अदालत में कुल 602 प्रकरणों का आपसी समझौते से निराकरण हुआ। इनमें 118 लिटिगेशन और 484 प्री लिटिगेशन प्रकरण शामिल रहे। इन मामलों में कुल 2 करोड़ 12 लाख 54 हजार 334 रुपये की समझौता राशि प्राप्त हुई। लोक अदालत को सफ ल बनाने में न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, न्यायालयीन कर्मचारियों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर तृतीय जिला न्यायाधीश सपना पोर्ते प्रथम जिला न्यायाधीश अभिलाष जैन, चतुर्थ जिला न्यायाधीश दुर्गा सोलंकी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी राम अचल पाल एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गजल पालवा सहित अधिवक्ता, लोक अभियोजन कार्यालय के अधिकारी, न्यायालयीन कर्मचारी, राजस्व, विद्युत विभाग, बैंक शाखाओं के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में पक्षकार उपस्थित रहे। लोक अदालत के माध्यम से लंबित प्रकरणों का त्वरित एवं आपसी सहमति से समाधान कर पक्षकारों को राहत प्रदान की गई।



**सुलह से फि र साथ आए दंपती**

नेशनल लोक अदालत में एक वर्ष से अलग रह रहे दंपती के बीच सुलह कराते हुए प्रकरण का निराकरण किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गजल पाहवा के न्यायालय में घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत लंबित प्रकरण किरण बनाम विनोद की सुनवाई के दौरान लोक अदालत में समझाइश और संवाद के माध्यम से दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया गया। करीब एक वर्ष से अलग रह रहे पति-पत्नी ने आपसी सहमति से विवाद समाप्त कर फिर साथ रहने का निर्णय लिया।

लोक अदालत में भावुक माहौल के बीच दंपती ने एक -दूसरे को माला पहनाकर नए सिरे से जीवन शुरू करने का संकल्प लिया। सुलह प्रक्रिया में अधिवक्ता विष्णु राठौर, धारणा जायसवाल, इशाक खान तथा सुलहकर्ता महेशचंद्र गोस्वामी की अहम भूमिका रही। तहसील विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष एवं तृतीय जिला न्यायाधीश सपना पोर्ते के मार्गदर्शन में हुए इस समाधान से दोनों पक्षों और उनके परिजन खुशी के साथ घर लौटे।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा ग्राम मुंडली पटवारी हल्का नम्बर 00014 तह. तराना जिला उज्जैन में स्थित सर्वे नम्बर 46/1/2/1 रकबा 0.28 हेक्टर में से 1500 वर्गफीट का खुला भुखण्ड जो रूगनाथ पिता मांगीलाल जाति मोगीया निवासी ग्राम मुंडली के स्वामित्व का रोड़ से लगा हुआ स्थित है। जिसके पूर्व में शेष भुमि, पश्चिम में उज्जैन रोड़, उत्तर में सर्वे नम्बर 46/1/1 की भूमि तथा दक्षिण में शेष भुमि स्थित है। उक्त चतुर्सीमता में वर्णित भूखण्ड को विक्रेता रूगनाथ पिता मांगीलाल जाति मोगीया निवासी ग्राम मुंडली से क्रेता श्रीमती ललिता पति भारतसिंह सौलंकी जाति मोगीया निवासी ग्राम सुरजपुरा तह. तराना जिला उज्जैन द्वारा कृय किया गया है। जिसका आंशिक बयाना भी अदा कर दिया गया है। जिस किसी को भी उक्त वर्णित बिक्रित सम्पत्ति सम्बन्धीत लेख या दस्तावेज हो, शासकीय, अर्द्धशासकीय लेन देन हो, या किसी प्रकार का उक्त सम्पत्ति पर कर्ज या टेक्स बकाया हो या उक्त भूमि संबंधित कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में उपस्थित हो कर आज दिनांक से 7 दिवस के अन्तराल में आपत्ति दर्ज करा सकता है। 7 दिन के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं कि जावेगी।

दिनांक :- 17.03.2026

**मिर्जा असद बैग एड्व्होकेट**
**कार्यालय- कोर्ट परीसर तराना जिला उज्जैन**
**मोबा. 7415348079**

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी देना है**

बेरछा, अकोदिया, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**सम्पर्क करें**

**दैनिक अवन्तिका कार्यालय**
**2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन**
**0734-4041777, मोबा. 9977755777**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता हे कि मेरे पक्षकार ने धर्मेन्द्रसिंह पिता भगवानसिंह जाति राजपुत निवासी ग्राम पाल्की तहसील नागदा जिला उज्जैन से उनके द्वारा श्यामुबाई पुत्री अमरसिंह, फुन्दा बाई पुत्री भंवरसिंह, गंगाबाई बैवा रतनसिंह, राजुबाई पुत्री भंवरसिंह, गेन्दाबाई पुत्री रतनसिंह, गेन्दा बाई पुत्री रतनसिंह, टीका बाई पुत्री भंवरसिंह, लिला बाई पुत्री अमरसिंह, गीताबाई बैवा भंवर सिंह' कमला बाई पुत्री अमरसिंह से उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य की ग्राम महू स्थित अनुबन्धित भुमि जो कि ग्राम महु मे स्थित होकर सर्वे नम्बर 611 रकबा 0.47 हे, भुमि को क्रय करने का अनुबन्ध किया हे, जिसमे मेरे पक्षकार ने बयाना पेटे राशी भी अदा कर दी हे।

यह कि, उक्त कृषि भुमि पर किसी भी व्यक्ति, बैंक संस्था, सोसायटी, वित्तीय निकाय, भुमि, विकास बैंक, जिला सहकारी बैंक, शासकीय अथवा अर्धशासकीय, विभाग, या ट्रस्ट के पक्ष मे रहन, बय, दान, आदी, की हुई हो, अथ्वा उक्त कृर्षि भुमि के किसी भी वैद्य उत्तराधिकारियों का उक्त भुमि मे किसी प्रकार का कोई स्वत्व, हित्त, हिस्सा, हो या किसी को भी किसी प्रकार की आपत्ति होतो, इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर असल दस्तावेज, मय प्रमाण के मेरे अग्रलिखीत आफीस मे मिले व आपत्ति पेश करे।

अतः इस जाहिर सुचना के द्वारा सुचित किया जाता हे कि 7 दिवस की अवधि मियाद के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भुमि का विक्रय पत्र का सम्पादन अपने पक्ष में करवालिया जावेगा, तथा बाद मियाद ऐसी कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हित मे बन्धनकारक नही रहेगी। दिनांक 17/03/2026

**जाकिर हुसैन एडव्होकेट**
**पताः- किदवई मोहल्ला चांदबड चौक**
**उन्हेल तहसील नागदा जिला उज्जेन**
**मो0 98278-47404 एंव 99260-66398**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने ओमप्रकाश माली पिता पूनमचंद जी माली, निवासी- जयसिंहपुरा, तहसील व जिला उज्जैन से इनके द्वारा क्रय अनुबंधित ममता पति राधेश्याम जी, जाति- भोई, रीना कहार पति मनीष जी, पुत्री राधेश्याम जी, जाति- भोई, कृषक- ग्राम निम्बोदा, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन, निवासीगण- नरसिंह घाट कॉलोनी, उज्जैन, आदि के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 247 रकबा 1.36 हेक्टेयर में की ममता पति राधेश्याम जी व रीना कहार पति मनीष जी, पुत्री राधेश्याम जी के हिस्से स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि रकबा 0.80 हेक्टेयर स्थित ग्राम निम्बोदा, पटवारी हल्का नंबर 72, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन, जिसके पूर्व में- सड़क, पश्चिम में- पटेल जी की भूमि, उत्तर में- महेश जी की भूमि, दक्षिण में- अंतर सिंह जी की भूमि है, को क्रय करने का सौदा कर आंशिक प्रतिफल राशि अदा कर दी है, शेष प्रतिफल राशी अदा कर विक्रय-पत्र का निष्पादन व पंजीयन कराना शेष है।

उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था या बैंक का कोई ऋण, भार बकाया हो, अथवा भूमि अन्यत्र कहीं रहन, बय या दान की हुई हो अथवा भूमि में किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित या अधिकार हो और विक्रय में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात दिवस की समयावधि में मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज लेखी प्रमाण के लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा अवधि व्यतीत होने के बाद विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करा ली जायेगी और बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी, और न ही मेरे पक्षकार के स्वत्व, हित व आधिपत्य को प्रभावित करेगी। सूचित हो।

दिनांक 17/03/2026

**प्रमोद कुमार जैन एडवोकेट**
**4, महावीर नगर, सावेंर रोड, उज्जैन**
**मोबाईल नं. 9406886383**

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनसंघटन को सूचना दी जाती है कि हमारे मुवक्किल भूमि सर्वे नंबर 601 रकबा 3.5800 हेक्टेयर में से रकबा 2.565 हेक्टेयर स्थित ग्राम जलोदिया, तहसील बड़नगर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश (विषयक सम्पत्ति) को उसके मालिक नंदराम आयु 78 वर्ष पिता घीसा जाति अहीर, निवासी ग्राम जलोदिया, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन मध्यप्रदेश मध्यप्रदेश से लीज पर लेने के इच्छुक है।

कोई भी कम्पनी/व्यक्ति सहित कोई बैंक या वित्तीय संस्थान, विशक सम्पत्ति या उसके किसी हिस्से के सम्बंध में कोई हक, स्वामित्व, दावा मांग या अधिकार रखता हो या दावा करता हो या किसी कम्पनी/व्यक्ति सहित किसी बैंक या वित्तीय संस्थान को कोई जानकारी हो या विशयक सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी विकय, अदला-बदली, सुपुदर्गी, दान, पट्टा, विरासत, गिरवी, भार में पक्षकार हो, लम्बित कानूनी कार्यवाही, कब्जा समझौता, विकास का अधिकार, साझेदारी, पारिवारिक समझौता, बंदोबस्त डिकी या किसी अदालत द्वारा जारी आदेश, सरकार या किसी कम्पनी द्वारा अधिग्रहण, प्रतिबन्ध या किसी अन्य बाधा में पक्षकार हो तो ऐसी कम्पनी / व्यक्ति इस नोटिस के प्रकाशन के तिथि से 07 (सात दिन) दिन की अवधि के अन्दर निम्न वर्णित पते पर लिखित में नोटरीकृत दस्तावेजी सबूतों के साथ निम्न हस्ताक्षरकर्ता को सूचित कर सकते है, जिसमें असफल होने पर यह माना जायेगा कि किसी प्रकार को कोई प्रतिकूल हक, हिस्सा, स्वामित्व, अधिकार, हिस्सा, दावा या मांग विशयक सम्पत्ति के सम्बन्ध में अस्तित्व में नहीं है और उपरोक्त वर्णित मालिकों का विशयक सम्पत्ति पर पूर्ण, स्पष्ट और बाजारयोग्य अधिकार एवं कब्जा है।

**दीपक शर्मा एडव्होकेट**
**बड़नगर, जिला उज्जैन**
**मो.नं. 9826562344**

## रिटायर्ड जज के घर से चार एलपीजी सिलेंडर चोरी

**भोपाल।** एलपीजी सिलेंडर की चोरी वो भी रिटायर्ड जज के घर से। देशभर में एलपीजी संकट के बीच गैस सिलेंडर की चोरी का ये मामला भोपाल का है। वहीं, कटनी में एक ही हफ्ते में चार सरकारी स्कूलों से 11 सिलेंडर चोरी हो गए हैं। पहली वारदात भोपाल में लालघाटी इलाके के ओम शिव नगर में 15 मार्च की रात की है। इसका वीडियो मंगलवार को सामने आया। कोहेफिजा पुलिस के मुताबिक, फरियादी रॉबिन जैन ने थाने में इसकी शिकायत की है। अधिवक्ता रॉबिन के पिता स्व. विमल कुमार जैन पूर्व न्यायाधीश रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि देर रात रॉबिन के घर के सामने एक बाइक आकर रुकी। इस पर तीन युवक सवार थे। एक युवक उतरा, बाकी दो बाइक पर ही बैठे रहे। युवक ने घर के अंदर झांका। फिर साथियों को इशारा करके वापस बाइक पर जा बैठा। थोडी देर बाद बाइक से दो युवक लौटे। इनमें से एक उतरा और रॉबिन के घर की पार्किंग में से एक-एक कर चारों सिलेंडर उठाए। फिर बाइक पर रखे। इसके बाद वे भाग निकले।

## सेंट्रल स्कूलों में EWS बच्चों को एडमिशन..नवोदय में क्यों नहीं?

**जबलपुर।** देशभर के 650 से ज्यादा नवोदय विद्यालयों में 2019 के संवैधानिक प्रावधान के बावजूद आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को प्रवेश में शामिल नहीं किए जाने के मुद्दे पर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से जवाब तलब किया है। कोर्ट ने एक सप्ताह में जवाब देने के निर्देश दिए हैं। मामले की सुनवाई मंगलवार को जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ में हुई। कोर्ट ने सभी प्रतिवादियों को नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई एक सप्ताह बाद तय की है। जबलपुर निवासी छात्रा नव्या तिवारी की ओर से उनके अभिभावक धीरज तिवारी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि नवोदय विद्यालयों की स्थापना का उद्देश्य ग्रामीण और वंचित वर्ग के प्रतिभाशाली छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना है, लेकिन वर्तमान प्रवेश नीति में EWS वर्ग को शामिल नहीं किया गया है। याचिका में बताया गया कि नवोदय विद्यालयों में प्रवेश के दौरान, अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति , अन्य पिछड़ा वर्ग , ग्रामीण छात्र, बालिकाएं और दिव्यांग छात्र के लिए आरक्षण और प्रावधान मौजूद हैं, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए कोई आरक्षण या अलग व्यवस्था नहीं है, जिससे यह वर्ग पूरी तरह वंचित रह जाता है।

## हिमाचल में कल से भारी बारिश-बर्फबारी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में कल यानी बुधवार से भारी बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, 18 मार्च की शाम से मौसम बदलेगा और 21 मार्च की सुबह तक प्रदेश में बारिश-बर्फबारी जारी रहेगी। इस दौरान अधिक और मध्यम ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी होगी, जबकि निचले और मैदानी इलाकों में 18 से 20 मार्च के बीच बारिश होगी। मुताबिक, बुधवार से एक्टिव हो रहे वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का ज्यादा असर मनाली, शिमला, कुफरी, नारकंडा, सोलंग वैली और सिस्सू जैसे पर्यटन स्थलों पर ज्यादा रहेगा। इन जगह बारिश और बर्फबारी की गतिविधियां बढ़ेंगी। इससे तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की संभावना है। 18 और 19 मार्च को कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों में ओलावृष्टि को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि 19 और 20 मार्च को चंबा, कांगड़ा और कुल्लू में भारी बारिश और बर्फबारी का यलो अलर्ट रहेगा। इसके अलावा 18 से 20 मार्च के बीच कई जिलों में आंधी, बिजली गिरने और 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की भी चेतावनी दी गई है। मनाली के सोलंग वैली में बर्फ पर फिसलने के बाद गाड़ी ड्राइवर के बिना ही चलने लगी।

## इंदौर में जयस छात्र संगठन का प्रदर्शन, पुलिस से धक्का-मुक्की

**इंदौर।** छात्रों की विभिन्न मांगों को लेकर जयस छात्र संगठन के साथ छात्र मंगलवार को इंदौर कलेक्टर ऑफिस के बाहर पहुंचे। काफी देर तक वे ज्ञापन देने के लिए कलेक्टर का इंतजार करते रहे, लेकिन जब उनका धैर्य खत्म हो गया तो उन्होंने कलेक्टर ऑफिस में घुसने की कोशिश की, मगर पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इस दौरान धक्का-मुक्की भी हुई। काफी देर तक कलेक्टर ऑफिस के बाहर यह प्रदर्शन चलता रहा। मंगलवार को कलेक्टर ऑफिस के बाहर बड़ी संख्या में छात्र जयस छात्र संगठन के बैनर तले पहुंचे। हाथों में मांगों की तख्तियां लिए छात्र कड़ी धूप में कलेक्टर ऑफिस के बाहर बैठ गए। वे काफी देर से कलेक्टर से मिलने का इंतजार कर रहे थे, लेकिन काफी देर बाद भी जब वे कलेक्टर से नहीं मिल पाए तो उनका धैर्य जवाब दे गया और उन्होंने कलेक्टर ऑफिस के अंदर घुसने की कोशिश की। पुलिस की बैरिकेडिंग हटाने का भी प्रयास किया। इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो धक्का-मुक्की भी हुई, मगर पुलिस ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया। जयस प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि टंट्याभील चौराहे से लेकर कलेक्टर ऑफिस तक पैदल मार्च के रूप में यहां आए। जयस छात्र संगठन और जयस संगठन यहां मौजूद है। यहां पूरे प्रदेशभर से स्टूडेंट्स आए हैं। उनकी मांग थी कि आए दिन स्टूडेंट्स के साथ अत्याचार हो रहा है, शोषण हो रहा है। बैकलॉग के पदों पर कुछ बोल नहीं रहे हैं, पिछले गेट से नौकरी दे रहे हैं। एग्जामों में घोटाला हो रहा है। व्यापम में घोटाला हो रहा है।

## कांग्रेसियों ने दुकानदारों को फ्री बांटा कोयला

**भोपाल।** रसोई और कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कथित कमी को लेकर कांग्रेस ने अनोखे तरीके से विरोध दर्ज कराया। गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव रविन्द्र साहू झूमरवाला ने मंगलवार को बरखेड़ा पठानी क्षेत्र में दुकानदारों और आम नागरिकों के बीच कोयले का वितरण किया। कोयला बांटकर सरकार को बताई गैस की समस्या रविन्द्र साहू ने कहा कि गैस सिलेंडरों की उपलब्धता नहीं होने से लोगों को रोजमर्रा के काम करने में परेशानी आ रही है। ऐसे में प्रतीकात्मक विरोध के तौर पर कोयला बांटकर सरकार का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित किया गया है।

# दुर्गा गार्डन के पास जुए की मेहफिल से 7 गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

शहर में अवैध गतिविधियों पर लगाम कसने की दिशा में लालघाटी पुलिस ने एक अहम कार्रवाई को अंजाम दिया है। बीती रात पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी करते हुए दुर्गा गार्डन के पास जुआ खेलते सात लोगों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 12,800 रुपये की नकदी और 52 ताश के पत्ते जब्त किए हैं। पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, लालघाटी थाना पुलिस को 16 मार्च की रात एक



मुखबिर से सटीक सूचना मिली थी कि दुर्गा गार्डन के समीप स्ट्रीट लाइट के उजाले में कुछ लोग ताश के पत्तों पर पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई की और मौके के लिए रवाना हुई। पुलिस बल जैसे ही दुर्गा गार्डन के पास पहुंचा, वहां सात लोग जुआ खेलते हुए नजर आए। पुलिस को अचानक सामने देखकर जुआरियों में हड़कंप मच गया और उन्होंने वहां से भागने का प्रयास किया। हालांकि, पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए पहले ही घेराबंदी कर ली थी, जिससे सातों आरोपियों को मौके पर ही दबोच लिया गया।

### चढ़े पुलिस के हत्थे

तलाशी के दौरान जुआ फड़ से कुल 12,800 रुपये नकद और एक ताश की गड्डी बरामद हुई। पुलिस ने जुआ खेलते हुए पंकज पिता बंशीलाल यादव काछीवाड़ा, दीपक पिता प्यारेलाल गवली लक्ष्मी नगर, संतोष सिंह पिता सीताराम कुशवाह निवासी भट्ट मोहल्ला, समीर खां पिता जाकिर खां निवासी लालपुरा, सद्दाम पठान पिता सलीम पठान मगरिया, अमृतलाल शर्मा पिता भंवरलाल शर्मा काशीनगर, राधेश्याम कुशवाह पिता मदनलाल कुशवाह काछीवाड़ा को पकड़ा। पुलिस ने मौके पर ही पंचों की मौजूदगी में जब्ती पंचनामा तैयार किया और नकदी व ताश के पत्तों को विधिवत जब्त कर लिया।

# मां प्रभावेश्वरी मंदिर में चोरी का खुलासा, गुना का आरोपी गिरफ्तार

### दान पेटी से चुराए गए 21,600 रुपये नकद बरामद, पुलिस की विशेष टीम ने की त्वरित कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

मां प्रभावेश्वरी देवी मंदिर बेरछा में हाल ही में हुई चोरी की घटना का बेरछा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में गुना जिले के एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की गई नकदी बरामद कर ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 13 मार्च 2026 को फरियादी महावीर जैन ने थाना बेरछा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अलसुबह करीब 4.15 से 4.40 बजे के बीच किसी अज्ञात बदमाश ने मां प्रभावेश्वरी मंदिर की दान पेटी का ताला तोड़ दिया है। बदमाश पेटी में रखे करीब 25,000 से 30,000 रुपये नकद चुराकर ले गया।

शिकायत के आधार पर बेरछा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। धार्मिक स्थल पर हुई इस चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए शाजापुर पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस डॉ. नागेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में बेरछा थाना प्रभारी भरतसिंह किरार ने एक विशेष टीम का गठन किया। गठित टीम ने लगातार पतारसी और सुरागों के आधार पर आरोपी परमाल सिंह 41



वर्ष पिता बुंदेल सिंह यादव को धर दबोचा। आरोपी मूल रूप से ग्राम गेलोन, थाना आरोन, जिला गुना (म.प्र.) का निवासी है।

पुलिस ने सख्ती से पूछताछ के बाद आरोपी के कब्जे से मंदिर की दान पेटी से चुराए गए कुल 21,600 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। चोरी का जल्द पर्दाफाश करने में बेरछा थाना प्रभारी भरतसिंह किरार, उप निरीक्षक मेहरबान सिंह चौहान, सहायक उप निरीक्षक रघुनाथ सिंह राठौड़, केदार पटेल, प्रधान आरक्षक हरीश सक्सेना, विनोद शर्मा, रामबरन सेंगर, पिंकू यादव, आरक्षक अरुण सितपरा, रूपसिंह यादव और सैनिक राजाराम मालवीय का सराहनीय योगदान रहा।

## जबलपुर में NSUI का प्रदर्शन, कलेक्ट्रेट घेरा-पुलिस ने खदेड़ा

**जबलपुर।** जबलपुर में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कई मांगों को लेकर टाउन हॉल से कलेक्ट्रेट की ओर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि जबलपुर जिले में कई स्थानों पर किराए की इमारतों में अवैध रूप से स्कूल संचालित किए जा रहे हैं, जिससे बच्चों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने ऐसे स्कूलों की पहचान कर तत्काल कार्रवाई की मांग की। साथ ही लंबे समय से लंबित छात्रसंघ चुनाव भी जल्द कराने की मांग उठाई। मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता टाउन हॉल से कलेक्ट्रेट की ओर प्रदर्शन करते हुए निकले। घंटाघर के पास पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन कार्यकर्ता बैरिकेड पार कर आगे बढ़ने लगे। इसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग कर उन्हें खदेड़ा और स्थिति नियंत्रित की। इस दौरान कुछ कार्यकर्ताओं और पुलिसकर्मियों को हल्की चोटें भी आईं, वहीं भगदड़ में कई कार्यकर्ताओं के जूते-चप्पल सड़क पर छूट गए। कार्यकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर कई लोग सरकारी विभागों में नौकरी कर रहे हैं, जिनकी जांच कर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। इसके अलावा छात्रों को रेलवे और सरकारी बसों में रियायत देने, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और कॉलेजों के आसपास से शराब दुकानों को हटाने की भी मांग की गई। एनएसयूआई ने शिक्षा के बढ़ते व्यवसायीकरण पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि स्कूल-कॉलेजों द्वारा की जा रही अवैध वसूली पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। मामले में सीएसपी सोनू कुर्मी ने बताया कि कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट जाने का प्रयास कर रहे थे। प्रशासन की ओर से एसडीएम को मौके पर बुलाकर बातचीत की कोशिश की गई, लेकिन जब कार्यकर्ता जबरन आगे बढ़ने लगे तो पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। उन्होंने बताया कि इस दौरान करीब 20 से अधिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है।

## ट्रेन के आगे कूदी छात्रा, तीन हिस्सों में बंटा शरीर, 300 मीटर दूर मिला सिर

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा में एक छात्रा ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। उसका शरीर तीन हिस्सों में बंट गया। सिर घटना स्थल से करीब 300 मीटर दूर मिला, जबकि पैर का पता नहीं चला। घटना सोमवार देर रात भोपाल बायपास स्थित कचनारिया आईटीआई के सामने की है। देहात थाना पुलिस के एएसआई गुलाब सिंह धाकड़ ने बताया कि पचौर से ब्यावरा की ओर आ रही ओखा-गोरखपुर एक्सप्रेस के लोको पायलट ने स्टेशन पर सूचना दी थी। उसने बताया कि कचनारिया आईटीआई के सामने एक युवती इंजन के आगे कूद गई थी। इसके बाद स्टेशन के ऑन-ड्यूटी डिप्टी एसएस ने तत्काल पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही एएसआई धाकड़ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वहां युवती का क्षत-विक्षत हालत में शव मिला। पुलिस ने युवती की पहचान पडोनिया निवासी टीना दांगी (22) पिता हरिनारायण दांगी के रूप में की है। टीना सेकंड ईयर की पढ़ाई के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। फिलहाल, पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। युवती ने आत्महत्या क्यों की? पुलिस इसका पता लगा रही है। परिजनों ने बताया टीना का व्यवहार सोमवार को सामान्य था। उसने शाम को अपने पिता को चाय बनाकर पिलाई। गांव के लोगों को वह घर के बाहर भी दिखाई दी, तब किसी ने यह अनुमान नहीं लगाया था कि वह किसी परेशानी में है और आत्महत्या का कदम उठा सकती है। हालांकि, पुलिस अंतिम संस्कार के बाद परिजनों को बयान के लिए बुलाएगी। पुलिस ने देर रात करीब 6 किमी तक छात्रा का एक पैर तलाशा, लेकिन नहीं मिला। पुलिस ने आशंका जताई है कि ट्रेन से टकराने के बाद युवती का शरीर अलग-अलग हिस्सों में बंट गया। यह भी संभावना है कि गायब पैर ट्रेन के इंजन में फंसकर आगे चला गया हो।

## विदिशा में ट्रक और लोडिंग ऑटो की टक्कर, घायल हुआ ऑटो चालक

**विदिशा।** विदिशा में महाराजा खेत सिंह खंगार प्रतिमा के पास निर्माणाधीन फ्लाईओवर पर गलत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने अंगूर से भरे लोडिंग ऑटो को सामने से टक्कर मार दी, जिसमें ऑटो चालक घायल हो गया और सड़क पर गिरे अंगूरों को लोगों ने लूट लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अंगूर से भरा लोडिंग ऑटो भोपाल की ओर से आ रहा था और फ्लाईओवर से गुजर रहा था। इसी दौरान मिर्जापुर की तरफ से एक तेज रफ्तार ट्रक गलत दिशा में आ गया और उसने ऑटो को टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर में लोडिंग ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक के हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। घटना मंगलवार दोपहर की है। दुर्घटना के बाद ऑटो में भरे अंगूर सड़क पर चारों तरफ बिखर गए। सड़क पर अंगूर बिखरे देखकर राहगीरों और आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें लूटना शुरू कर दिया। हादसे के तुरंत बाद ट्रक चालक अपना वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल ऑटो चालक को तुरंत जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

## सिलेंडर लेकर जनसुनवाई पहुंचा युवक

**गुना।** गुना शहर की हनुमान कॉलोनी निवासी एक युवक गैस सिलेंडर की बुकिंग के 8 दिन बाद भी डिलीवरी न मिलने पर मंगलवार को खाली सिलेंडर लेकर कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में पहुंच गया। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने गैस एजेंसी से बात कर उसे मौके पर ही भरा हुआ सिलेंडर दिलवाया। हनुमान कॉलोनी निवासी दिनेश ने बताया कि उन्होंने आठ दिन पहले गैस सिलेंडर की बुकिंग की थी। बुकिंग के बाद उनके पास कन्फर्म नंबर भी आ गया था, लेकिन इसके बावजूद एजेंसी वाले सिलेंडर नहीं दे रहे थे। दिनेश के अनुसार, एजेंसी वाले कह रहे थे कि पांच दिन बाद आना, तब सिलेंडर मिलेगा। दिनेश के अनुसार, एजेंसी वाले कह रहे थे कि पांच दिन बाद आना, तब सिलेंडर मिलेगा। दिनेश यादव ने बताया, घर में गैस खत्म हो चुकी है। आठ दिन से परेशान हो रहे हैं। युवक ने कहा, काम करने जाएं या टंकी लेकर घूमें। आठ दिन से भूखे प्यासे बैठे हैं। पेड़ काटकर जलाने लगूं क्या। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, ब्लॉक में दो दो हजार रुपए में टंकी बेची जा रही है। अब हमारे पास क्या रास्ता बचा है। परेशान होकर मंगलवार को दिनेश यादव खाली सिलेंडर लेकर कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में पहुंच गए। दिनेश का कहना था, कलेक्टर साहब से बात करेंगे कि क्यों नहीं दे रहे। हम थोड़ी ब्लैक में ले रहे हैं। हमारे पास नंबर है, कनेक्शन है।

# अवैध मादक पदार्थो के विरूद्ध सख्त कार्रवाई

**आगर मालवा।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थों के क्रय-विक्रय, परिवहन एवं संग्रहण पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु सतत अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी आगर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली शशि उपाध्याय के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई।

घटना का संक्षिप्त विवरण- दिनांक 17/03/2026 को थाना कोतवाली आगर पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर आगर की ओर आ रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा आगर-कानड़ रोड, कलेक्टर कार्यालय के सामने नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान मुखबिर के बताए अनुसार संदिग्ध वाहन को रोककर तलाशी ली गई। वाहन चालक ने अपना नाम इरशाद अहमद पिता एहतेजाद अहमद, निवासी कसाईवाड़ा, आगर बताया। विधिवत वैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुए वाहन एवं आरोपी की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कार की पिछली सीट पर रखे एक प्लास्टिक के झोले से कुल 2 किलो 300 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। साथ ही आरोपी के कब्जे से एक ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन एवं घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार भी जब्त की गई। बरामद मादक पदार्थ को विधिवत तौल कर सीलबंद किया गया तथा आरोपी को गिरफ्तार कर अपराध क्रमांक 0108/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी से अवैध मादक पदार्थ के स्रोत एवं नेटवर्क के संबंध में पूछताछ जारी है।

गिरफ्तारशुदा आरोपी- इरशाद अहमद पिता - एहतेजाद अहमद निवासी - कसाईवाड़ा, आगर, जिला आगर मालवा (म.प्र.) उम्र - 48 वर्ष जब्तशुदा मशरुका- अवैध मादक पदार्थ गांजा - 2 किलो 300 ग्राम (कीमत लगभग ?1,38,000/-) ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन -01 नग (कीमत लगभग 15,000/-) कुल जब्तशुदा मशरुका की अनुमानित कीमतरू ?9,53,000/- सहित समस्त पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

## मध्य प्रदेश ने विकास के नए सोपान गढ़े - विधायक श्री गहलोत

**आगर मालवा ।** मध्य प्रदेश में पिछले अनेक वर्षों में सड़क ,बिजली, यातायात, सिंचाई और ग्रामीण विकास सहित ऐसे अनेक मानक हैं, जिन पर केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं ने जमीनी स्तर पर अच्छा असर दिखाया है। यह विचार क्षेत्रीय विधायक आगर मधु गहलोत ने व्यक्त किये। पत्र सूचना कार्यालय भोपाल द्वारा आगर मालवा में एक दिवसीय वार्तालाप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वार्तालाप में अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री गहलोत ने कहा कि केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं ने समाज में विकास के नए सोपान गढ़े हैं और इनका असर स्पष्ट रूप से समाज में दिखाई देता है। वार्तालाप में शुभारंभ सत्र के अवसर पर अपर कलेक्टर आरपी वर्मा ने कहा कि शासन- प्रशासन का सदैव यह प्रयास रहता है कि सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतरीन तरीके से हो और साथ ही साथ उन योजनाओं की जानकारी आम जनता तक भी पहुंचे ताकि वह इनका अच्छी तरह से लाभ उठा सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक तरुण सेन ने कहा कि कोविड काल के बाद मीडिया का स्वरूप काफी बदल गया है । उन्होंने कहा कि पारंपरिक मीडिया के स्थान पर डिजिटल मीडिया अब समाज में गहरी पकड़ बना रहा है । अनेक ऐसे विषय और मुद्दे होते हैं जिन पर राष्ट्रीय मीडिया का ध्यान बाद में जाता है लेकिन डिजिटल मीडिया अपनी सक्रियता के कारण उन मुद्दों को आम जनता तक आसानी से पहुंचा देता है। श्री सेन ने कहा कि इस प्रकार के वार्तालाप जैसे कार्यक्रम निश्चित ही सरकार और मीडिया के बीच में एक सेतु का काम करते हैं । कार्यक्रम में विषय वस्तु प्रतिपादित करते हुए स्वागत उद्बोधन में पत्र सूचना कार्यालय भोपाल के निदेशक मनीष गौतम ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं। कार्यक्रमों और निर्णय के बारे में जानकारी मीडिया तक आसानी से पहुंच सके यह प्रयास पीआईबी द्वारा पूरी सजगता के साथ किया जाता है।


## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी सिध्द्ध पिता केसा जाति बागरी निवासी ग्राम घौंसला तहसील महिदपुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश के द्वारा अपने हक एवं हिस्से की भूमि सर्वे नम्बर 913 रकबा 0.63 हेक्टेयर कुल किता 01 कुल विक्रीत रकबा 0.63 हेक्टर याने 2 बीघा 13 बिसवा भूमि ग्राम घौंसला तहसील महिदपुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उक्त भूमि का विक्रय/अनुबंध पत्र/सौदा चिटठी संपादित करवा कर टोकन बयाना राशि भी मेरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है। यह कि उपरोक्त भूमि विक्रय मे यदि उक्त अनुबंधित कृषि भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत संस्था बैंक निकाय शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था या स्थानिय शासन का कोई ऋण भार या बोझ या हित अधिकार आधिपत्य विक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार ही या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहीर सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर स-प्रमाण मुझे कार्यालयिन समय मे लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारी नहीं होगी। सूचित हो।

इति दिनांक 17-03-2026

**भरत अम्जेरिया**
**सर्विस प्रोवाइडर तहसील कार्यालय घटिया जिला उज्जैन**
**मोबाईल नम्बर 7580980225**



## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है जो कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी जगदीश शर्मा पिता श्री रामलाल शर्मा द्वारा शिवकुमार शर्मा पिता जगदीश शर्मा जाति ब्राहम्ण निवासी कृषक ग्राम कालुहेडा तहसील घटिटया जिला उज्जैन म.प्र. के द्वारा अपने हक एवं हिस्से की भूमि सर्वे नम्बर 630 रकबा 1.95 याने (9 बिघा 15 बिसवा) भूमि स्थित ग्राम कालुहेडा तहसील घटिटया जिला उज्जैन में उक्त भूमि का विक्रय/अनुबंध पत्र/सोदा चिटठी संपादित करवा कर टोकन बयाना राशि भी मेरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है । यह कि उपरोक्त भूमि विक्रय में यदि उक्त अनुबंधित कृषि भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत संस्था बैंक, निकाय, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था या स्थानिय शासन का कोई ऋण भार या बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार ही या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर स-प्रमाण मुझे कार्यालयिन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारी नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक 17 मार्च 2026

**दिनेश वर्मा सर्विस प्रोवाइडर**
**उप पंजीयक कार्यालय घटिटया जिला उज्जैन**
**मो. 9424067457,9981811377**

न्यूज-कॉलम

## स्नातक तृतीय वर्ष की प्रायोगिक परीक्षा 24 को

**मंदसौर।** शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य ने बताया कि बी.एससी., बी.ए., बी.काम, बी.बी.ए. और बी.सी.ए. तृतीय वर्ष के समस्त नियमित एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा आगामी २४ मार्च को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा ओपन इलेक्टिव (इंटरनेट एंड इट्स एप्लीकेशन) एवं वोकेशनल (सायबर क्राइम एंड ला) विषयों के लिए कंप्यूटर विभाग में संपन्न होगी। संबंधित परीक्षार्थी निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। परीक्षा से जुड़ी विस्तृत जानकारी के लिए विद्यार्थी महाविद्यालय के टेलीग्राम ग्रुप या कंप्यूटर विभाग के सूचना पटल का अवलोकन कर सकते हैं।

## सोसायटियों में ऋण जमा करने की तिथि बढ़ाई जाए- विधायक श्री जैन

**मंदसौर।** विधायक विपिन जैन ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सोसायटियों में ऋण जमा कराने की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग की है। विधायक जैन ने पत्र में उल्लेख किया कि वर्तमान में जिले में रबी सीजन की गेहूं की फसल की कटाई चल रही है और समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तिथि भी 16 मार्च से बढ़ाकर 1 अप्रैल कर दी गई है। ऐसी स्थिति में किसानों के पास अपनी उपज बेचकर ऋण चुकाने के लिए पर्याप्त समय और धन उपलब्ध नहीं है। सोसायटियों में ऋण जमा करने की वर्तमान अंतिम तिथि २८ मार्च निर्धारित है, जो किसानों के लिए व्यवहारिक नहीं है क्योंकि फसल की सरकारी खरीदी ही १ अप्रैल से शुरू होगी। इसके अतिरिक्त मार्च के अंतिम सप्ताह में कई अवकाश होने के कारण किसानों को और अधिक कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है।

## सकल जैन समाज के प्रतिनिधि सभा की बैठक 21 मार्च को

**मंदसौर।** सकल जैन समाज की गतिविधियों को विस्तार देने के लिए आगामी 21 मार्च, शनिवार को एक बैठक आहूत की गई है। नवनियुक्त अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन, संरक्षक सुरेन्द्र लोढ़ा और उनकी टीम ने बताया कि १०८ सदस्यीय प्रतिनिधि सभा की यह बैठक रात्रि 8.30 बजे जीवागंज स्थित जैन स्थानक श्री दिवाकर मूल तपो भवनज पर आयोजित होगी। इस बैठक में समाज के सभी पूर्व अध्यक्षों और प्रतिनिधियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। प्रवक्ता विजयेन्द्र फांफरिया के अनुसार, बैठक का मुख्य एजेंडा इस वर्ष आयोजित होने वाले श्री महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव की रूपरेखा तैयार करना है।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में सुनी ४५ आवेदकों की समस्याएं,

**मंदसौर।** कलेक्टोरेट कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जिला स्तरीय जनसुनवाई में मंगलवार को अपर कलेक्टर एकता जायसवाल और जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन ने जिलेभर से आए ४५ आवेदकों की समस्याओं को विस्तार से सुना। इस दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आम नागरिकों की शिकायतों का समय सीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक परेशान न होना पड़े। जनसुनवाई में भूमि विवाद, अतिक्रमण और योजनाओं के लाभ से जुड़े कई महत्वपूर्ण मामले सामने आए। इनके अलावा पीएम किसान सम्मान निधि, संबल योजना, सीमांकन, बिजली बिल के विवाद और नल-जल योजना में अनियमितताओं से संबंधित आवेदनों पर भी अधिकारियों ने संबंधित विभागों को त्वरित निराकरण के लिए पाबंद किया है।

## मार्च माह में अवकाश के दिनो मे विशेष संचालन के लिए बैठक संपन्न

**रतलाम।** सचिव कृषि उपज मंडी किशोर कुमार नरगावे ने बताया कि कृषि उपज मंडी समिति रतलाम में किसान संघ, व्यापारी संघ, हम्माल संघ एवं तुलावटी संघ की संयुक्त बैठक मंडी भारसाधक अधिकारी/एसडीएम रतलाम शहर सुश्री आर्ची हरित की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मार्च माह में अवकाश के दिनों की अधिकता को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

**सूचना**
समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
मोबा. 9977755777
7771090777

# कलेक्ट्रेट घेराव से पहले पुलिस ने करणी सेना को रोका : रतलाम में एक महिला प्रदर्शनकारी बेहोश

## जीवन सिंह शेरपुर बोले- कलेक्टर को बीजेपी ज्वाइन करा दीजिए

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



11 सूत्रीय मांगों को लेकर मंगलवार दोपहर कलेक्ट्रेट का घेराव करने जा रहे करणी सेना परिवार के कार्यकताओं और प्रमुख जीवन सिंह को पुलिस ने शहर के बाहर ही रोक दिया है। शहर के सभी एंट्री पॉइंट और महू-नीमच फोरलेन पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। रोकने पर जीवन सिंह ने आपत्ति जताई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनता के हित के लिए हम कलेक्टर से मिलकर अपनी बात रखना चाहते हैं।

प्रदर्शन को 5 घंटे से ज्यादा का समय हो गया है। एक-एक अधिकारी जाकर प्रदर्शनकारियों से बात करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे कलेक्टर मिशा सिंह को बुलाने की मांग पर अड़े हैं। जीवन सिंह से बात करने जावरा एसडीएम और सीएसपी पहुंचे, तो जीवन सिंह ने अधिकारियों से कहा कि कलेक्टर मैडम को बीजेपी ज्वाइन करवा दीजिए। कलेक्टर जनता की सेवक हैं, लेकिन भीड़ के नाम पर हमें रोककर हमारी आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है।

जीवन सिंह ने अधिकारियों से यह भी कहा कि कलेक्टर मैडम के बीजेपी ज्वाइन करने के लिए वे सोशल मीडिया पर उनका प्रचार करेंगे।

अभी तक किसी को आगे नहीं जाने दिया है। महिलाओं ने बैरिकेड्स हटा कर आगे जाने की कोशिश की है। जिन्हें महिला पुलिसकर्मियों ने रोक दिया है। एक महिला बेहोश हो गई है। जिसे गाड़ी में बैठाकर लेकर गए हैं।

प्रदर्शनकारी कलेक्टर मिशा सिंह को बुलाने की मांग पर अड़े है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कलेक्टर एसी चैंबर में बैठी हैं और जनता सड़क पर बैठी है। हमारी समस्या कलेक्टर नहीं सुनेगी तो कौन सुनेगा। प्रशासन के अधिकारी समझा रहे हैं। वहीं प्रदर्शनकारी कलेक्टर के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर मुदार्बाद के नारे लगा रहे हैं।

**प्रशासन रास्ता रोक कर अपराध कर रहा है**

जीवन सिंह शेरपुर ने कहा कि कलेक्टर व प्रशासन हमें रोक कर अपराध कर रहा है। हम जनता की आवाज हैं। जनता की समस्या बताना चाहते है। लेकिन हमें दबाने की कोशिश की जा रही है। गांव में कोई अधिकारी या कर्मचारी आकर दिखाएं। हम भी उन्हें घुसने नहीं देंगे। गांवों में अवैध शराब बिक रही है यह सब प्रशासन की मिलीभगत से ही संभव है। हमारा रास्ता क्यों रोका जा रहा है हम अपराधी थोड़ी हैं।

बता दें कि करणी सेना परिवार प्रमुख जीवनसिंह शेरपुर के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट का घेराव किया जाना है। प्रदर्शन में शामिल होने आ रहे लोगों को पुलिस द्वारा डोसी गांव स्थित महू-नीमच फोरलेन पर बैरिकेड्स लगाकर शहर के बाहर ही रोका जा रहा है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसपी अमित कुमार और एएसपी विवेक कुमार लगातार क्षेत्रों का भ्रमण कर रहे हैं।

## बरखेड़ा पंथ में सात दिवसीय रासेयो शिविर का समापन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलिया मंडी।

पंडित अटल बिहारी वाजपेई शासकीय महाविद्यालय, पिपलिया मंडी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम बरखेड़ा पंथ में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

समापन अवसर पर शिविर की सात दिवसीय गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने प्रतिदिन प्रभात फेरी निकालकर ग्रामीणों को स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक किया। योग एवं व्यायाम के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति सजगता बढ़ाई गई।

शिविर के दौरान ग्राम में स्वच्छता अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थलों की सफाई, गाजर घास उन्मूलन तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु रैलियां आयोजित की गईं। साथ ही विभिन्न सामाजिक विषयों पर बौद्धिक सत्र आयोजित कर जनजागरण किया गया। स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से भोजन बनाकर आत्मनिर्भरता का संदेश भी दिया।

मुख्य अतिथि नगर परिषद पिपलिया मंडी के उपाध्यक्ष भारत सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में सेवा, अनुशासन एवं राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करती है तथा उन्हें समाज के प्रति उत्तरदायी बनाती है।

विशिष्ट अतिथि ग्राम बरखेड़ा पंथ के सरपंच अभिमन्यु कारपेंटर ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से ग्राम में सकारात्मक जागरूकता का वातावरण निर्मित होता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. डी. सी. बोरीवाल ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञानार्जन नहीं, बल्कि समाज सेवा एवं नैतिक मूल्यों का विकास भी है, जिसे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर सार्थक रूप में पूरा करता है।

अन्त्योदय प्रकोष्ठ के कैलाश रत्नावत ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने पर बल दिया, वहीं उपसरपंच दशरथ पाटीदार ने स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना की।

कार्यक्रम में स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया।

अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कन्हैया लाल लोहार ने अतिथियों, ग्रामवासियों, सरपंच, सचिव, उपसरपंच, महाविद्यालय स्टाफ एवं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने शिविर के सफल संचालन में सहयोग हेतु कैंप प्रभारी प्रो. गोविंद तवर एवं अरुण नरगावे का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कुमारी नेहल चोपड़ा बनीं यूनिवर्सिटी गोल्ड मेडलिस्ट, प्रवीण सूची में प्रथम स्थान



**रतलाम।** श्री अरिहंत कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल एजुकेशन, रतलाम की छात्रा कुमारी नेहल चोपड़ा ने सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन द्वारा घोषित सत्र 2022-2025 बीबीए की प्रवीण सूची में प्रथम स्थान प्राप्त कर यूनिवर्सिटी गोल्ड मेडल हासिल किया है। इस उपलब्धि से उन्होंने रतलाम शहर एवं संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है। नेहल की इस उत्कृष्ट सफलता से महाविद्यालय में हर्ष का वातावरण है। इस अवसर पर वाइस प्रिंसिपल डॉ. नितिन राव चव्हाण ने कहा कि नेहल की मेहनत, अनुशासन और समर्पण अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। वहीं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. आनंद त्रिवेदी ने कहा कि नेहल एक अत्यंत गंभीर, मेहनती एवं अध्ययनशील छात्रा हैं और संस्थान को उन पर गर्व है। नेहल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों एवं नियमित अध्ययन को दिया। उन्होंने बताया कि निरंतर प्रयास, सही मार्गदर्शन और आत्मविश्वास के बल पर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। शहर के शिक्षाविदों एवं गणमान्य नागरिकों ने भी कुमारी नेहल की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## पेंशनर समाज रतलाम ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को दिया



**रतलाम।** मप्र पेंशनर समाज रतलाम ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन 16 मार्च सोमवार को दोपहर 1 बजे जोरदार नारेबाजी के साथ कलेक्टर प्रतिनिधि डिप्टी कलेक्टर राधा महन्त को दिया। सात सूत्रीय मांगों में अभी घोषित ३त्न महंगाई राहत को पेंशनरों को भी जुलाई 2025 से एरियर सहित दिये जाने तथा आदेश तुरन्त जारी करने की मांग की। राज्य पुनर्गठन अधिनियम दो हजार की धारा 49(6) को तुरन्त विलोपित किया जाए। छठवें वेतन आयोग का ३२ माह का एरियर तथा सातवें वेतन आयोग का 27 माह के एरियर का तुरन्त भुगतान किया जाए। पेंशनरों को 65 वर्ष की आयु प्रारंभ पर 5 प्रतिशत, 70 वर्ष आयु प्रारंभ पर 10 प्रतिशत 75 वर्ष आयु प्रारंभ पर 15 प्रतिशत और 80 वर्ष आयु प्रारंभ पर 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन दिया जाए। अभी 80वें वर्ष पूर्ण होने एवं 81 वें वर्ष के प्रारंभ पर 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन दिये जाने की व्यवस्था को बंद किया जाये तथा भुगतान कर्ता बैंक को इस बाबत निर्देश दिए जाएं। 1 जुलाई और 1 जनवरी वेतन वृद्धि वाले प्रकरणों में लाभ और एरियर सेवानिवृत्ति दिनांक से दिया जाए। शिक्षा विभाग को निर्देश जारी किए जाएं कि वे न्यायालयीन निर्णय वाले प्रकरणों में 2023 के बजाय सेवानिवृत्ति दिनांक से लाभ एवं एरियर दिये जाएं। जिला पेंशन कार्यालय बंद नहीं किए जाएं। पेंशनर समाज के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेंट कार्यक्रम में नगर के अन्य संगठनों में प्रमुख पेंशनर एसो., विद्युत मंडल पेंशनर एसो. और जावरा तहसील के पेंशनर साथियों ने बड़ी संख्या में सम्मिलित होकर इसे साझा संघर्ष का स्वरूप दिया। ज्ञापन देते समय पेंशनर समाज के अध्यक्ष सुरेन्द्र छाजेड़,सचिव बहादुर सिंह, प्रमुख पेंशनर एसो. अध्यक्ष राजेश व्यास, विद्युत मंडल पेंशनर एसो. के सचिव अरविन्द सोनी सम्मिलित थे। ज्ञापन का वाचन और कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन सुरेन्द्र छाजेड़ ने किया।

## 19 मार्च से होगा हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 का प्रारंभ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

भारतीय काल गणना और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक हिंदू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा १९ मार्च २०२६ से प्रारंभ हो रहा है। इस विशेष दिन से न केवल नव संवत्सर का उदय हो रहा है, बल्कि शक्ति की उपासना का पर्व चैत्र नवरात्रि भी इसी तिथि से शुरू होगा। शुभ मुहूर्त में घट स्थापना, दुर्गा अनुश्ठान, पूजा प्रारंभ होगी। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को अबूझ मुहूर्त्त माना गया है, इस तिथि को ब्रम्हाजी ने सृश्टि का निर्माण किया था। अतः पूरे दिन पूजा की जा सकती है। चौघडिये के अनुसार घट स्थापना के मुहूर्त्त प्रातः 6.55 से 8.15 तक शुभ, दिवा 11.08 से 12.38 तक चल, 12.14 से 1.02 तक अभिजित, 12.39 से 2.09 तक लाभ, 2.09 से 3.39 तक अमृत, सायं 5.10 से 6.41 तक शुभ है।

उक्त जानकारी कर्मकाण्डीय विप्र पुजारी परिषद् के नवनियुक्त अध्यक्ष पं.मालचन्द शर्मा ने देते हुए बताया कि परिषद्की ओर से मास पर्यन्त के निम्न व्रत-त्यौहार मान्य किए गए हैं 20 मार्च को सिंजारा, चन्द्रदर्शन, चेटीचण्ड 21 मार्च को गणगौरी पूजा (इसे मनोरथ तृतीया भी कहते हैं, व्रत करने से मनोरथ सिद्धि होती है और सौभाग्य की वृद्धि होती है।) 23 मार्च को दोलोत्सव, कल्पादि 24 मार्च को स्कंद षष्ठी 26 को दुर्गाश्टमी, रामनवमी 27 को नवमी प्रातः 10.07 तक 29 को कामदा एकादशी 30 को प्रदोष व्रत, हरिदमनोत्सव 31 को महावीर जयंती (जैन), शिव दमन चतुर्दशी, इस दिन शिवपूजा करने से विशेष फल मिलता है। 1 अप्रैल को पूर्णिमा व्रत 2 अप्रैल को हनुमान जयंती, चैत्र मास पूर्ण, वैशाख स्नान प्रारंभ।

## पिपलिया में कई समाजजनो ने रंग तेरस हर्षोल्लाह से मनाई

**पिपलिया मंडी।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नगर के विभिन्न समाजों द्वारा 17 मार्च मंगलवार को रंग तेरस हर्षोल्लाह से मनाई गई। स्थानीय पोरवाल समाज ने बैंड बाजे के साथ ढोल की थाप पर नृत्य करते हुए बाजार मुख्य बाजार में गैर निकाली। जिसमें पुरुष महिला बच्चों ने जमकर आनंद लिया। इसी तरह सकल ब्राह्मण समाज द्वारा गायत्री शक्तिपीठ पर एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर भगवान परशुराम की तस्वीर को माल्यार्पण कर महिलाओं ने वह बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। सामूहिक भोज के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## सकल जैन समाज के नवमनोनीत अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन का भव्य बहुमान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर।




दशपुर योग शिक्षा संस्थान के सचिव लोकेन्द्र जैन (गोटावाले) को सकल जैन समाज, मंदसौर का अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर उनका योग संस्थान के साधकों और पदाधिकारियों ने पगड़ी, शाल, श्रीफल, पुष्पमालाओं और उपरना से आत्मीय स्वागत किया। साथ ही युवा प्रकोष्ठ के नवमनोनीत महामंत्री कमलेश कटारिया का भी साधकों ने स्वागत किया।

नवमनोनीत अध्यक्ष श्री जैन ने कहा कि मुझे जो यह महत्वपूर्ण और गरिमामयी दायित्व सौंपा गया है, उसे मैं केवल एक पद नहीं बल्कि सेवा का एक पावन अवसर मानता हूँ। मैं समाज के वरिष्ठों के मार्गदर्शन और युवाओं के जोश को साथ लेकर चलने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूँ। मेरा प्रयास रहेगा कि जैन समाज की गौरवशाली परंपराओं को संजोते हुए हम आधुनिक युग की चुनौतियों का भी मिलकर सामना करें। आपने कहा कि कि योग संस्थान उनके लिए एक परिवार की तरह है और यहीं से सीखी गई अनुशासन की भावना उन्हें समाज सेवा के इस बड़े पथ पर सही दिशा दिखाएगी।

योग गुरु सुरेन्द्र जैन ने कहा कि लोकेन्द्र जैन का चयन योग संस्थान के लिए भी गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि योग शिक्षक के रूप में उनकी विनम्रता और कार्यकुशलता अब पूरे समाज को लाभान्वित करेगी। संस्था के अध्यक्ष सीए दिनेश जैन ने भी लोकेन्द्र जैन को बधाई देते हुए आगामी कार्यकाल की मंगलकामना की। इस दौरान प्रेमेन्द्र चौरड़िया, धरमदास संगतानी और कृष्णा पाटीदार ने भी अपने विचार व्यक्त किए और श्री जैन के सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए एक सही निर्णय बताया। इस अवसर पर जिनेन्द्र उकावत, प्रीति जैन, ललित जैन, कैलाश रिछावरा, शोकिन धाकड़, अनिल कोठारी, सुभाष पाटीदार, सुमन रावल, लवली टूटेजा, महेश सेठिया, आनंद कश्यप, शांकी कश्यप, राजेन्द्र चाष्टा, साधना जैन सहित बड़ी संख्या में साधक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विजय पलोड़ द्वारा किया गया, आभार जितेश फरक्या ने माना।



## प्राची पुरोहित को राज्यपाल द्वारा डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई

**रतलाम।** विक्रम विश्वविद्यालय द्वारा 17 मार्च को आयोजित दिक्षान्त समारोह में माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा प्राची पुरोहित, रतलाम को संगीत गायन के क्षेत्र में पीएच.डी. उपाधि प्रदान की गई। प्राची पुरोहित ने अपना शोधकार्य- डॉ. वर्षा अग्रवाल के निर्देशन में "गायनाचार्य पं.सज्जनलाल ब्रह्मभट्ट की संगीत विरासत एवं संगीत शिक्षण का विश्लेषणात्मक अध्ययनझ विषय पर किया गया। प्राची की संगीत (गायन) में रूचि बचपन से ही रही है तथा वर्ष 2018 में संगीत कला में विश्वविद्यालय में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने पर 'स्वर्ण पदकझ से राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया था। प्राची ने पीएच.डी. की उपाधि मिलने पर इसका श्रेय अपने गुरूजन पं.सज्जनलाल ब्रह्मभट्ट, डॉ. स्नेहा पंडित एवं अपने माता-पिता को दिया है। प्राची के पिता राजेन्द्र पुरोहित नगर निगम कर्मचारी है। प्राची की इस उपलब्धि पर परिवारजन एवं मित्रगणों द्वारा हर्ष व्यक्त किया।

## माँ सरस्वती और नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमाओं का भव्य अनावरण

**मन्दसौर।** विद्या भारती सरस्वती विहार परिवार द्वारा च्मुक्तांगनज में माँ सरस्वती एवं स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान उपस्थित जनों ने जय हिंद के नारों के साथ देश के नायक को नमन किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया, जिसमें शिक्षिकाओं द्वारा देशभक्तिपूर्ण समूह गीत और नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात भारतीय आदर्श शिक्षण समिति द्वारा सरस्वती विहार परिवार का सम्मान किया गया। इस गौरवमयी आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में विद्या भारती मालवा के सचिव गोपाल काकानी, अध्यक्ष प्रकाश धनगर, जिला संघ चालक दशरथ सिंह झाला, समिति सचिव अशोक पारिक, सहसचिव सुनील शर्मा, कोषाध्यक्ष राजदीप परवाल, सदस्य रविंद्र पांडे, अभिभावक प्रतिनिधि प्रवीण उपाध्याय, रमेश कश्यप, सीबीएसई स्कूल प्राचार्य डॉ. सरोज प्रसाद, सैनिक स्कूल प्राचार्य अविनाश चतुर्वेदी, बीएड कॉलेज प्राचार्य योगिता सोमानी, एमपी बोर्ड विद्यालय के प्राचार्य महेश वप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक और आचार्य परिवार उपस्थित रहा।

## गुजराती जिला सेन समाज के चुनाव 31 मार्च को

**मंदसौर।** स्थानीय गुजराती सेन समाज की निर्वाचन समिति की बैठक में निर्णय लिया है कि गुजराती सेन समाज के जिला अध्यक्ष (वरिष्ठ) एवं युवा अध्यक्ष के पदों के लिए निर्वाचन आगामी 31 मार्च को बंजारी बालाजी मंदिर परिसर में संपन्न होगा। निर्वाचन प्रक्रिया के तहत दोनों पदों के उम्मीदवारों के लिए 11 हजार रु. नामांकन शुल्क निर्धारित किया गया है। आयु सीमा के अनुसार युवा अध्यक्ष पद के लिए अधिकतम 45 वर्ष और वरिष्ठ जिला अध्यक्ष पद के लिए 45 वर्ष से अधिक आयु के समाजजन दावेदारी कर सकेंगे। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार, 31 मार्च को प्रातः 11 बजे तक नामांकन लिए जाएंगे, जिसके बाद एक घंटे का समय आपसी सहमति बनाने के लिए दिया जाएगा। सहमति न बनने पर दोपहर 12 बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू होगी। निर्वाचन समिति ने स्पष्ट किया है कि मतदान में केवल वही समाजजन भाग ले सकेंगे, जो दोपहर बजे तक मतदाता सूची में अपना पंजीयन करा लेंगे। सभी मतदाताओं के लिए आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा।

## तरबूजों के बीच छिपाकर ले जाया जा रहा 85 किलो डोडाचूरा जब्त

**मन्दसौर।** जिले के नारायणगढ़ थाना पुलिस ने एक ट्रक में भरे तजबूजों के बीच छूपाकर लेजाये जा रहे ८५ किलो अवैध डोडाचूरा बरामद कर राजस्थान के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उपनिरीक्षक बाबूलाल डामोर और उनकी टीम पिपलिया मंडी-मनासा रोड पर सगज बावजी मंदिर के पास बरखेड़ा वीरपुरिया फंटे पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान ट्रक क्र. आरजे 40 जीए 0335 को रोककर तलाशी ली गई। ट्रक तरबूजों से भरा हुआ था, लेकिन बारीकी से जांच करने पर उनमें छिपाकर रखे गए ६ प्लास्टिक के कट्टे मिले, जिनमें कुल 85 किलोग्राम डोडाचूरा भरा था। पुलिस ने मौके से ट्रक चालक सुरेंद्र (29) पिता डालूराम जाट निवासी लूणकरणसर बीकानेर (राज.) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान दो मोबाइल फोन और ट्रक भी जब्त किया है। आरोपी के विरुद्ध थाना नारायणगढ़ पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

## नीमच भाजपा के वरिष्ठ नेता करणसिंह परमाल का निधन

**नीमच** । छात्र जीवन से जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी के झंडे को उठाकर चलने वाले करण सिंह परमाल उर्फ करण दादा का मंगलवार सुबह आकस्मिक निधन हो गयाद्य इसके साथ ही जिले की राजनीति में एक युग का अंत हो गया द्य संस्कार एवं मूल्यों की राजनीति करने वाले भाजपा के कद्दावर नेता करणसिंह परमाल उर्फ करण दादा पत्रक रूप से संघ परिवार से जुड़े रहे। छात्र राजनीति के दौर से ही उन्होंने भाजपा व संघ की भावना रखने वाले युवाओं को जोडा और राष्ट्रीय भावना से उत्पत्ति युवाओं को विजय श्री दिलवाई। उनसे लंबे समय से परिचित पार्टी कार्यकताओं ने उन्हें "सच्चा कर्मयोगी" और "पार्टी का सिपाही" बताया जिले के हर नेता ने उन्हें च्समर्पित कार्यकर्ताज्, "संघर्षशील चेहरा" और "पार्टी की रीढ़" बताया । उनके निधन के समाचार जानकर राजनीति से जुड़े और व्यक्ति ने उन्हें पर श्रद्धांजलि दीद्य भाजपा के संघर्ष के दौर में सक्रिय रहे करण दादा, लक्ष्मीनारायण पाण्डेय के खास माने जाते थे द्य उन्होंने अंतिम समय तक पार्टी संगठन और वरिष्ठ नेताओं के सानिध्य में निरंतर निष्ठा और दृढ़ता से काम किया द्य आज मंगलवार को सब्जी मंडी स्थित निवास से निकली उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में राजनीतिक दलों की राजनीतिक दलों के नेता और कार्यकर्ताओं ने सम्मिलित होकर शोक सभा में श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## अमृत योजनांतर्गत नपा बना रही है पेयजल टंकी

**मंदसौर।** नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने बताया कि अमृत योजना 2.0 योजना अंतर्गत मंदसौर नगर में 11 करोड़ 11 लाख रुपए की लागत से रामघाट में नवीन फिल्टर प्लांट एवं नगर में तीन स्थानों पर पेयजल टंकियों के निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई है जिसके अंतर्गत संजय हिल्स कॉलोनी बालाजी मंदिर के सामने खुले परिसर में नगर पालिका के द्वारा पेयजल टंकी का निर्माण किया जा रहा है नगर पालिका के द्वारा बनाई जा रही है।



## आंजना समाज विकास समिति महिदपुर की बैठक सम्पन्न

**महिदपुर।** आंजना समाज विकास समिति की वार्षिक साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी समय में समाज के उत्थान एवं धर्मशाला के विकास हेतु सर्व सहमति से अध्यक्ष पद पर सेवाराम पिता कचरू सिंह आंजना निवासी नारायणा को नियुक्त किया गया तथा कोषाध्यक्ष के पद पर जगदीश कुवंर आंजना डोंगरखेड़ा को नियुक्त किया गया। एवं आगामी कार्य योजना हेतु एक वृद्ध बैठक रामनवमी के दिन रखी गई है एवं भगवान श्री राम व संत श्री राजाराम जी महाराज का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा इस पर चर्चा हुई। बैठक में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे । जानकारी युवा आंजना समाज अध्यक्ष श्रवण सिंह मुंजाखेडी ने दी।

## ईरावती चित्रगुप्त संस्कृति न्यास ने किया कायस्थ पत्रकारों व समाजसेवियों का सम्मान



**राजगढ़-ब्यावरा ।** कायस्थ समाज के पत्रकारों व समाज सेवियो के सम्मान को लेकर सुरुचि नगर कोटरा मे सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम मे चालीस से अधिक भोपाल के स्थानीय कायस्थ पत्रकार एवम सामाजिक संगठनो के अध्यक्षो को सम्मान के लिए आमंत्रित किया। ईरावती चित्रगुप्त संस्कृति एवम सामाजिक न्यास की ओर से सामुदायिक भवन मे होली मिलन के साथ सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कायस्थ समाज के लोगो ने गुलाब के फूलो से होली खेलकर एक दूसरे को बधाई प्रेषित की। कार्यक्रम के आयोजक ओ पी श्रीवास्तव, पंकज कुलश्रेष्ठ ने चालीस से अधिक कायस्थ समाज के पत्रकार एवम सामाजिक संगठनो के अध्यक्षो को सम्मान दिया। मुख्य अतिथि मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, विधायक भगवान दास सबनानी ने पत्रकारिता एवं समाज सेवा क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने वालो को शॉल, श्रीफल के साथ सम्मान मे कलम भेट कर शुभकामनाये दी। श्री सारंग ने अपने उदबोधन मे कहा कि इस तरह के आयोजन नई पीढी को प्रेरणा देते है और सांस्कृतिक परंपराओ को जीवित भी रखते है। इस तरह के आयोजन होते रहना चाहिए। सम्मान के अवसर पर भोपाल नगर निगम के अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी भी उपस्थित रहे।

## नगर पालिका खाचरौद का 102 करोड़ का बजट सर्वसम्मति से पास



**खाचरौद।** को नगर पालिका के विशेष सम्मेलन का आयोजन नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरावा की अध्यक्षता में किया गया। उक्त जानकारी देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष भरावा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी रवि गुप्ता ने बताया कि परिषद के विशेष सम्मेलन में बजट सवार्नुमति से स्वीकृत किया गया। सदन में बजट सभापति श्रीमती पूजा जितेन्द्र पांचाल एवं लेखा प्रभारी संदीप सेन ने प्रस्तुत किया। इस वर्ष नगर पालिका द्वारा कुल 102 करोड़ का बजट प्रावधान किया है। जिसमे 30 लाख की संचित निधि का भी प्रावधान किया गया है। बजट में प्रस्तावित अनुमानित आय 102 करोड़ 77 लाख 94 हजार का प्रावधान किया गया है, प्रस्तावित अनुमानित व्यय 102 करोड़ 76 लाख 98 हजार 406 व बचत 95 हजार 594 रुपये का प्रावधान किया गया है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष दिनेश ठन्ना, पार्षद रेखा राजेन्द्र धाकड़, दशरथ वाकतारिया, राकेश राठौड़, गोदावरी राहुल बम्बोरिया, चंदा बाबू नागर, प्रकाश डाबी, नारायण मंडावलिया, जय जायसवाल, सूर्यप्रकाश शर्मा, रजनी लखन गौहर सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## रमजान के मुबारक महीने में नगर के अलीम हजरात का सम्मान



**सुसनेर।** रमजान के पवित्र और बरकतों भरे महीने में नगर में अलीम हजरात के सम्मान का एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम नियामत भाई के निवास पर संपन्न हुआ, जिसमें नगर के विभिन्न मस्जिदों और मदरसों से आए अलीम हजरात का स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में समाज में आपसी भाईचारा, शांति और एकता बनाए रखने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान जामा मस्जिद, विलायती मस्जिद, खटला मस्जिद, एमईएस मस्जिद, मोहल्ला बावड़ी मस्जिद, कलंदरी मस्जिद, मदरसा अशरफुल उलूम, उमर बिन खत्ताब मस्जिद, कॉलोनी मस्जिद, मक्का मदरसा तथा मैना रोड मस्जिद से जुड़े हाफिज और अलीम हजरात का फूलमाला पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि रमजान का महीना इबादत, सब्र, त्याग और आपसी प्रेम का संदेश देता है। समाज में भाईचारा और एकता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

# सिलेंडर की किल्लत से होटल और व्यवसाय प्रभावित, गैस चूल्हों की जगह जला रहे भट्टी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

नगर में इन दिनों कमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी का असर बाजार और होटल व्यवसाय पर साफ दिखाई देने लगा है। गैस की आपूर्ति प्रभावित होने से कई होटल संचालकों को मजबूरी में पुराने दौर की तरह लकडी की भट्टी का सहारा लेना पड रहा है। वर्षों से गैस चूल्हों पर संचालित हो रहे होटलों में अचानक लकडी के चूल्हे जलते देख लोग भी हैरान हैं। गैस की कमी का सीधा असर न केवल होटल व्यवसाय पर पड रहा है, बल्कि ग्राहकों को भी इंतजार करना पड रहा है। पहले जहां गैस चूल्हे पर नाश्ता और भोजन कुछ ही मिनटों में तैयार हो जाता था, वहीं अब लकडी की भट्टी पर वही काम करने में अधिक समय लग रहा है। होटल संचालकों का कहना है कि गैस सिलेंडर आसानी से उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं, जिसके कारण उन्हें मजबूरन पारंपरिक तरीके अपनाने पड रहे हैं।

### व्यवसाय चलाना हो रहा है मुश्किल

होटल व्यवसायी सजन सोनी का कहना है कि फिलहाल किसी तरह काम चलाया जा रहा है, लेकिन यदि जल्द कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति सामान्य नहीं हुई तो होटल संचालकों के लिए व्यवसाय चलाना मुश्किल हो सकता है। वहीं एजेंसी के संचालको ने बताया कि कमर्शियल सिलेंडर लेने वाले संचालकों की सूची विभाग को भेज दी गई है। जैसे ही एजेंसी पर गैस की आपूर्ति बढेगी, प्राथमिकता के आधार पर होटल संचालकों को सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएंगे।



वर्षो बाद फिर जली लकडी की भट्टी

होटल संचालकों ने कहा कि हम वर्षो से इस व्यवसाय से जुडे हैं। शुरूआती वर्षों में होटल का काम लकडी की भट्टी पर ही किया जाता था, लेकिन बाद में गैस चूल्हों के उपयोग से काम आसान और तेज हो गया। अब वर्षों बाद फिर से लकडी की भट्टी पर काम करना पड रहा है, जो काफी अलग अनुभव है। उनका कहना है कि पहले के कारीगर इस व्यवस्था में दक्ष होते थे, लेकिन आज की पीढी गैस चूल्हों पर काम करने की आदी हो चुकी है। इसलिए लकडी की भट्टी पर उसी गति से भोजन या नाश्ता तैयार करना संभव नहीं हो पा रहा है। इससे ग्राहकों को इंतजार करना पड रहा है और व्यवसाय की रफ्तार भी प्रभावित हो रही है।

**गैस की उपलब्धता की जांच की**

उपभोक्ताओं तक नियमित रूप से गैस पहुंचाने की प्रक्रिया जारी है और आपूर्ति को लेकर निगरानी रखी जा रही है।
**आकाश शर्मा, तहसीलदार, सारंगपुर**

### लकडी की भट्टी पर काम करना खर्चीला

व्यवसायियों के अनुसार लकडी की भट्टी पर काम करना श्रमसाध्य होने के साथ खचीर्ला भी साबित हो रहा है। गर्मी के मौसम में भट्टी के पास खडे होकर काम करना कर्मचारियों के लिए चुनौती बन गया है। इसके अलावा आज के अधिकांश कारीगर गैस चूल्हों के आदी हो चुके हैं, इसलिए लकडी की भट्टी पर पहले जैसी गति से काम करना उनके लिए आसान नहीं है। इससे व्यापार पर भी असर पड रहा है और ग्राहकों को सेवा देने में अधिक समय लग रहा है।

# सुसनेर मंडी में तुलाई गड़बड़ी पर किसानों का हंगामा, तोल कांटा सील

### एक टन के बाट से जांच में सामने आया अंतर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

कृषि उपज मंडी सुसनेर में सोमवार को तुलाई में गड़बड़ी को लेकर किसानों ने जमकर हंगामा कर दिया। किसानों का आरोप था कि मंडी के तोल कांटे पर उनकी फसल की तुलाई सही तरीके से नहीं की जा रही है, जिससे उन्हें नुकसान हो रहा है। नाराज किसानों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए कुछ समय के लिए मंडी बंद भी करा दी।

घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। किसानों की शिकायत के बाद सोयत से एक टन के काटे मंगवाकर तोल कांटे की जांच कराई गई। जांच के दौरान तुलाई में अंतर पाया गया, जिसके बाद प्रशासन ने तोल कांटे को सील कर दिया। मौके पर तहसीलदार रामेश्वर दांगी, थाना प्रभारी अक्षय



सिंह बैंस तथा नापतोल विभाग की अधिकारी दीपशिखा पहुंचीं और पूरे मामले की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच के लिए कंपनी के इंजीनियर को बुलाया गया है। जो मंगलवार को तोल कांटे की तकनीकी जांच करेंगे। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। शासन के निर्देशानुसार कार्य करने को लेकर मंडी व्यापारियों के साथ बैठक लेकर दिशा निर्देश दिए।

**इनका कहना है**

किसानों की शिकायत पर नापतोल विभाग की टीम को बुलाया गया था। जांच के बाद तोल कांटे को सील कर दिया गया है। सत्यापन के बाद काटा चालू कराया जाएगा।
**रामेश्वर दांगी, तहसीलदार**

मुझे तोल कांटा सील होने की सूचना मिली है। कंपनी से इंजीनियर बुलाए गए हैं, जो आकर जांच करेंगे।
**लव पाटीदार, तोलकांटा संचालक**

## विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का हुआ आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़

जिला आपूर्ति अधिकारी अजीत कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का आयोजन गत दिवस गीता मानस प्रचार समिति किया गया। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग के सदस्य ने उपभोक्ता अधिकार दिवस पर उपभोक्ताओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपेक्षा की, जो भी वस्तु क्रय करें उसका पक्का बिल विक्रेता से अवश्य लें यदि किसी वस्तु की गुणवत्ता में कोई दोष होता है। तो क्रेता जिला उपभोक्ता फोरम राजगढ़ में न्याय प्राप्त करने के लिये शिकायत दर्ज करा सकते है।

उपभोक्ता अधिनियम में बीमा कंपनी, मेडीकल क्लेम, पशु बीमा, किसानों को फसल की क्षति होने पर मिलने वाला बीमा भी आते है। यदि बीमा कंपनी सेवा में कोई कमी करती है। तो उपभोक्ता आयोग में अपनी शिकायत 5 लाख रूपए तक निःशुल्क पेश कर सकते है। साथ ही उपभोक?ता के अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम को आयोजन खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा किया गया। जिसमें प्रदर्शनी के रूप में एच.पी.गैस, पेट्रोल पंप, नापतौल विभाग की सक्रिय भूमिका रही।

## एलपीजी गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश

**ब्यावरा-राजगढ़ ।** कलेक्टर ने जिले में आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए गैस वितरक एजेंसियों को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि आम जन मानस के जीवन यापन पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, इसे ध्यान में रखते हुए जिले में एलपीजी गैस की नियमित एवं सुचारू आपूर्ति बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। जिले की समस्त गैस वितरक एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि वे वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए सप्ताह के सभी दिनों में अपनी एजेंसियां खुली रखें तथा उपभोक्ताओं की बुकिंग के अनुसार एलपीजी गैस का वितरण सुनिश्चित करें।

### ट्रेन से कटकर युवती ने की खुदकुशी, कचनारिया में रात 9.30 बजे की घटना

# सिर से 300 मीटर दूर मिला धड़, एक पैर गायब, पैर ढूंढ़ने ट्रैक पर की जा रही तलाश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

रेलवे ट्रैक पर एक युवती ने ट्रेन के आगे कूदकर खुदकुशी कर ली। घटना सोमवार रात 9.30 बजे की है। हादसे में युवती का शरीर तीन हिस्सों में बंट गया। जिस जगह हादसा हुआ उससे करीब 300 मीटर की दूरी पर गर्दन पड़ी मिली है। जबकि एक पैर गायब है जिसे पुलिस ट्रैक पर उतरकर तलाश कर रही है। देहात थाने के एएसआई गुलाब सिंह धाकड़ ने बताया कि, पचौर से ब्यावरा की तरफ आ रही ओखा-गोरखपुर एक्सप्रेस के लोको पायलट ने स्टेशन पर सूचना दी कि, भोपाल बायपास के कचनारिया आईटीआई के सामने कोई युवती इंजन के आगे कूद गई। स्टेशन के ऑन ड्यूटी डिप्टी एसएस ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। मौके पर फोर्स के साथ पहुंचे एएसआई धाकड़ ने शव को क्षतविक्षत हालत में तीन हिस्सों में पाया। जिस जगह पर युवती ट्रेन के आगे कूदी थी उससे करीब 300 मीटर दूर जाकर उसका सिर मिला है। जबकि पैर गायब है जिसे पुलिस तलाश कर रही है। एएसआई धाकड़ ने बताया कि, ट्रेन के आगे कूदने के बाद युवती का शव अलग अलग हिस्सों में बंटकर इंजन में फंसने की आशंका है, हो सकता है जो पैर गायब है वह ट्रेन के इंजन में ही फंसकर आगे चला गया हो। युवती की पहचान टीना पुत्री हरिनारायण दांगी 22 साल निवासी ग्राम पडोनिया के रूप में हुई है। रात 11 बजे तक पुलिस ट्रैक पर शव के हिस्से तलाश कर रही थी।

### भौंरासा में रोटरी क्लबों की सेंटर क्लस्टर चौपाल सम्पन्न

# रोटरी सेवा प्रकल्पों पर हुआ मंथन फाग उत्सव भी मनाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भौंरासा

रोटरी क्लब भौंरासा, हाटपीपल्या, देवास एवं सोनकच्छ क्लब के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को शक्ति माताजी मंदिर परिसर में रोटरी इंटरनेशनल मंडल 3040 की सेंटर क्लस्टर चौपाल का आयोजन उत्साह और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न रोटरी क्लबों के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत हाटपीपल्या के पूर्व अध्यक्ष कृपाल सिंह उदावत द्वारा कार्यक्रम प्रारंभ करने की घोषणा से हुई। इसके पश्चात सहायक मंडलाध्यक्ष दिनेश कारपेंटर ने चतुर्विद मंत्र का वाचन किया। रोटरी क्लब भौंरासा के अध्यक्ष डॉ. रूप सिंह नागर ने अतिथियों का स्वागत किया,



जबकि कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यक्रम चेयरमैन प्रदीप मंत्री ने प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुशील मल्होत्रा एवं मंडल की प्रथम महिला रूबी मल्होत्रा का भव्य स्वागत किया गया। दोनों का घोड़े पर बैठाकर पुष्प वर्षा के साथ सम्मानपूर्वक कार्यक्रम स्थल तक स्वागत किया गया, जिससे पूरे परिसर में उत्साह का वातावरण बन गया।

कार्यक्रम में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सत्यनारायण लाठी, पीडीजी अतुल गर्ग एवं आईपीडीजी अनीश मलिक ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए रोटरी की सेवा गतिविधियों को समाज में और व्यापक रूप से आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर रोटरी फाउंडेशन, सामुदायिक सेवा प्रकल्प, सदस्यता विस्तार तथा पब्लिक इमेज को मजबूत बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने रोटरी के सेवा कार्यों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने और नए सदस्यों को जोड़ने के लिए सामूहिक प्रयास करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान फाग उत्सव, फूलों की होली एवं लक्की ड्रॉ जैसे आकर्षक आयोजन भी किए गए। भजन सम्राट द्वारका मंत्री ने अपने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक रंग प्रदान किया।

कार्यक्रम में इंदौर, धार, देवास, भौंरासा, हाटपीपल्या, सोनकच्छ सहित 18 क्लबों के अध्यक्ष, सचिव एवं मंडल पदाधिकारीगण के साथ भौंरासा नगर पालिका अध्यक्ष संजय जोशी, नगर उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, बीजेपी मंडल अध्यक्ष अनिल चावड़ा , सुमेर सिंह नागर सरपंच कंकड़दा, क्लब सचिव किशोर वर्मा, महेश चंद्र राठौर, हिमांशु दुबे सहित 200 से अधिक सदस्य उपस्थित रहे।



## बैठक में शिक्षा व सामाजिक सुधार पर हुआ मंथन

**सारंगपुर।** जिला पंचायत फूलमाली समाज राजगढ;-चाचौडा की बैठक रविवार को नगर के श्रीराम मंदिर, मुकेरवाडी पंचायत में आयोजित की गई। इसमें समाज के जिला अध्यक्ष संतोष पुष्पद विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में वक्ताओं ने समाज के बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने का संकल्प लिया और समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक के पूर्व समाज अध्यक्ष शिवनारायण काका द्वारा सभी समाजजनों का भगवा दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर रमेश सिसोदिया, अनोखीलाल पुष्पद, संतोष टेलर, विनोद पुष्पद, लोकेश पुष्पद, पंकज बालदिया, सुनील पुष्पद, अनुज पुष्पद, तेज सिंह पुष्पद, धर्मराज पुष्पद, जीतेंद्र पुष्पद सहित समाजजन उपस्थित रहे। समाजसेवी हीरालाल पुष्पद ने बैठक में उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

## आर्यिका विशाश्री माताजी ससंघ मंगल प्रवेश, लोगों ने की अगवानी



**सारंगपुर।** दिगंबर जैन समाज के लिए रविवार का दिन आध्यात्मिक उल्लास से भरपूर रहा, जब आर्यिका 105 विशाश्री माताजी ससंघ का नगर में मंगल प्रवेश हुआ। उनका संघ बडनगर से पवित्र जैन सिद्धक्षेत्र सोनागिरि जैन तीर्थ की ओर मंगल विहार करते हुए आगे बढ रहा है। संघ में आर्यिका माताजी सहित कुल 15 माताजी विहाररत हैं। संघ शाजापुर मार्ग से होते हुए सारंगपुर नगर पहुंचा। आर्यिका माताजी की अगवानी के लिए बडी संख्या में समाजजन कालीसिंध नदी स्थित पेट्रोल पंप के समीप एकत्रित हुए और श्रद्धा-भक्ति के साथ उनका स्वागत किया। इसके बाद संघ को भक्ति भाव के साथ नगर में प्रवेश कराया गया। श्रद्धालुओं की उपस्थिति में आर्यिका माताजी ससंघ को बस स्टैंड स्थित एक परिसर में विराजित कराया गया, जहां समाजजनों द्वारा पूर्ण श्रद्धा और नियमपूर्वक उनकी आहारचर्या संपन्न कराई गई। इस दौरान बडी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहीं और सभी ने धर्मलाभ प्राप्त किया। दोपहर बाद आर्यिका माताजी ससंघ का मंगल विहार पुनः प्रारंभ हुआ और वे पचोर की ओर प्रस्थान कर गईं।

### शिव धाम कॉलोनी में मनाया फाग उत्सव

## महिलाओं ने एक-दूसरे के संग खेली होली, ढोलक की थाप पर झूमीं



**सारंगपुर।** फाल्गुन मास के आगमन के साथ ही आगर मालवा जिले में होली की रंगत दिखाई देने लगी है। शिव धाम कॉलोनी स्थित शंकर मंदिर पर फाग उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान कॉलोनी की महिलाओं और युवतियों ने भक्ति और उल्लास के साथ ब्रज जैसी होली का आनंद लिया। महिलाओं ने भगवान के इन स्वरूपों को गुलाल अर्पित कर आशीर्वाद लिया। ढोलक की थाप और फाग गीतों पर महिलाएं इस कदर मगन हुईं कि पूरा वातावरण जयघोष से गूँज उठा। आयोजन स्थल को फूलों और आकर्षक रंगोली से सजाया गया था। महिलाओं ने सामूहिक रूप से पारंपरिक फाग गीत गाए, भजनों के साथ-साथ महिलाओं ने नृत्य कर उत्सव के आनंद को दोगुना कर दिया। महिलाओं ने बताया कि इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को प्रकट किया, बल्कि कॉलोनी की महिलाओं के बीच आपसी प्रेम और सामाजिक एकता को भी प्रगाढ किया। कार्यक्रम के अंत में भगवान को भोग लगाकर सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान माया, शिला, रेखा, शशि चंद्र, हेमलता, लीला देवी, पार्वती, प्रीतिबाला जैन आदि मौजूद थी।


## शॉर्ट सर्किट से होने वाली आगजनी रोकने हेतु विद्युत आपूर्ति में बदलाव

**ब्यावरा-राजगढ़ ।** ग्राम पंचायतों के सरपंचों द्वारा प्राप्त लिखित अनुरोध तथा मंत्री, विधायक एवं जिला प्रशासन के निदेर्शों के पालन में दिन के समय शॉर्ट सर्किट से संभावित आगजनी की घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से विद्युत सप्लाई प्लान में आंशिक परिवर्तन किया गया है। म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा कंपनी के निदेर्शों एवं वरिष्ठ कार्यालय से चर्चा उपरांत यह निर्णय लिया गया है कि राजगढ़ जिले के अंतर्गत आने वाले सभी 33/11 केवी उपकेंद्रों से निकलने वाले 11 केवी सी ग्रुप के कृषि फीडरों को अब ए एवं बी ग्रुप में संचालित किया जाएगा। जिनमें ए एवं बी ग्रुप की विद्युत आपूर्ति का समय 1:45 बजे से 5:45 बजे एवं 11:45 बजे से 17:45 बजे तक तथा 21:45 बजे से 1:45 बजे एवं 5:45 बजे से 11:45 बजे तक यह समय-सारणी प्रत्येक मंगलवार को परिवर्तित की जाएगी।

काम के चक्कर में खाना छोड़ने की आदत बढ़ा सकती है हार्ट की बीमारियों का खतरा, शरीर के दूसरे अंगों पर भी पड़ता है असर, डॉक्टर से जानें इसके नुकसान

# काम के बीच खाना छोड़ने से कोलेस्ट्रॉल, ब्लड प्रेशर और शुगर असंतुलित होते हैं, हृदय रोगों का खतरा बढ़ता है

कम उम्र में हार्ट की बीमारियों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। आजकल युवाओं में हार्ट की बढ़ती समस्याओं ने डॉक्टर और वशिेषज्ञों के बीच यह बहस शुरू कर दी है कि आखिर इसका क्या कारण है? मुख्य कारण निकलता है व्यस्त दिनचर्या और खानपान की गलत आदतें। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में ऑफिस के काम के कारण लोग अक्सर अपनी सेहत को नजरअंदाज कर देते हैं। काम के दबाव में अक्सर लोग खाना भी छोड़ देते हैं, जिससे शरीर को जरूरी पोषण नहीं मिल पाता। यह आदत ना केवल पाचन तंत्र को प्रभावित करती है, बल्कि हार्ट की सेहत पर भी बुरा असर डाल सकती है। ऑफिस के काम के बीच भोजन छोड़ने की आदत से हार्ट की बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है और इसका असर शरीर के अन्य अंगों पर भी पड़ सकता है। इसलिए, नियमित रूप से और सही समय पर भोजन करना जरूरी है। इस लेख में हम जानेंगे खाना छोड़ने की आदत से हार्ट को होने वाले नुकसान और कामकाजी लोगों के लिए हार्ट की बीमारियों से बचने के उपाय।



## हार्ट पर पड़ता है अतिरिक्त दबाव

### हार्ट को नुकसान पहुंचाती है काम के बीच खाना छोड़ने की आदत

- नियमित रूप से खाना छोड़ने से शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ सकता है, जिससे हार्ट की बीमारियों का खतरा होता है।
- खाली पेट रहने से ब्लड प्रेशर असंतुलित हो सकता है, जिससे हार्ट अटैक या स्ट्रोक का खतरा बढ़ता है।
- लंबे समय तक भूखे रहने से ब्लड शुगर अचानक गिर सकता है, जो हार्ट के लिए खतरनाक हो सकता है।
- खाना छोड़ने से कोर्टिसोल हार्मोन का स्तर बढ़ता है, जो हार्ट पर अतिरिक्त दबाव डालता है। इससे हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है।
- जब आप भोजन नहीं करते, तो मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है। इससे हार्ट की कार्यक्षमता प्रभावित हो सकती है।
- लंबे समय तक खाली पेट रहने से एसिडिटी और गैस की समस्या होती है, जो हार्ट पर बुरा असर डालती है।
- नियमित रूप से भोजन न करने से शरीर को जरूरी पोषक तत्व नहीं मिलते, जिससे हार्ट की मांसपेशियां कमजोर हो सकती हैं।
- भूख से शरीर में ऊर्जा की कमी होती है, जिससे दिल की धड़कन असामान्य हो सकती है।
- एनर्जी की कमी के कारण, हार्ट को ब्लड पंप करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है, जिससे हार्ट स्ट्रेस बढ़ता है।
- लगातार भोजन छोड़ने की आदत से दिल के दौरे, ब्लॉकेज और अन्य हृदय संबंधी बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है।

### काम के बीच ऐसे लें बैलेंस्ड डाइट

- ऑफिस के काम के बीच 10-15 मिनट का समय निकालें और संतुलित भोजन करें। यह आपकी सेहत और काम, दोनों के लिए फायदेमंद है।
- अगर आप खाने का समय नहीं निकाल सकते, तो फल, नट्स या योगर्ट जैसे हल्के और हेल्दी स्नैक्स खाएं।
- रात में ही अगले दिन के भोजन की योजना बनाएं और घर से टिफिन ले जाएं। इससे आपको बाहर के अनहेल्दी खाने से बचने में मदद मिलेगी।
- पूरे दिन पानी पीते रहें। यह पाचन को सुधारता है और शरीर को एनर्जी देता है।
- ऑफसि में 3 छोटे मील्स ले सकते हैं। इस तरह आपका समय भी बचेगा और आप काम से ब्रेक भी ले पाएंगे।
- पोहा, दलयिा, उपमा जैसे इंस्टेंट स्नैक्स को प्राथमकिता दें।
- ऑफिस के काम के बीच खाना छोड़ने की आदत को नजरअंदाज न करें। यह न केवल आपके हार्ट की सेहत के लिए हानिकारक है, बल्कि आपकी मानसिक और शारीरिक ऊर्जा को भी प्रभावित करता है। ऊपर दिए गए उपायों को अपनाएं और अपनी सेहत को प्राथमिकता दें।

# गैस और ब्लोटिंग की समस्या कहीं किडनी स्टोन तो नहीं



जहां तक सवाल इस बात का है कि क्या किडनी स्टोन की वजह से गैस और ब्लोटिंग की समस्या हो सकती है? "किडनी स्टोन की वजह से गैस और ब्लोटिंग की दिक्कत हो सकती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि किडनी स्टोन की वजह से पाचन संबंधी समस्या होने लगती है। ऐसे में पेट दर्द, गैस और ब्लोटिंग की दिक्कत होने लगती है। यहां तक कि मरीज को असहजता भी होती है, जो कि रोजमर्रा के कामकाज में दिक्कत खड़ी कर सकता है।"

किडनी स्टोन की समस्या से हर कोई परिचित है। लगभग हर व्यक्ति जानता है कि कम मात्रा में पानी पीने की वजह से यह समस्या हो सकती है। डॉक्टर्स की भाषा में समझें, तो किडनी में स्टोन तब बनता है, जब यूरिन में सॉल्ट क्रिस्टलाइज होकर आपस में चिपकने लगता है। इससे किडनी में स्टोन बनने लगता है। ऐसा तब होता है, जब यूरिन में मौजूद मिनरल्स, जैसे कैल्शियम, ऑक्सेलेट, फास्फोरस, यूरिक एसिड आदि में असंतुलन होने लगता है।

इसके अलावा, कई बार कोई दवा लंबे समय से लेने के कारण या मेडिकल कंडीशन की वजह से भी किडनी स्टोन होने की समस्या हो सकती है। बहरहाल, किडनी स्टोन होने पर कई तरह के लक्षण नजर आता है, जैसे पेट के निचले हिस्से में तीव्र दर्द होना, लाल, पिंक और ब्राउन रेड रंग का यूरिन निकलना, पेशाब के दौरान दर्द होना और बार-बार पेशाब आने की जैसी समस्या हो सकती है। कुछ लोगों को किडनी स्टोन होने पर गैस और ब्लोटिंग की समस्या होने लगती है। तो क्या वाकई किडनी स्टोन होने पर गैस और ब्लोटिंग की समस्या हो सकती है? या यह महज एक मिथक है।

### किडनी स्टोन की वजह से गैस और ब्लोटिंग क्यों होती है?

किडनी स्टोन होने पर गैस और ब्लोटिंग की समस्या कई कारणों से हो सकती है, जैसे-

**बाउल मूवमेंट में बदलाव:** किडनी स्टोन की वजह से पेट में दर्द बना रहता है। ऐसे में बाउल मूवमेंट में बदलाव होने लगते हैं, जिससे ब्लोटिंग जैसा अहसास होता है।

**पाचन संबंधी समस्या:** किडनी स्टोन के कारण पाचन संबंधी समस्या भी होने लगती है। यही नहीं, किडनी स्टोन होने पर कब्ज, डायरिया और उल्टी जैसी परेशानी भी हो जाती है। वास्तव में, किडनी स्टोन की वजह से बाउल में इंफ्लेमेशन हो जाती है। इसी वजह से बाउल फंक्शन बाधित हो जाता है, जो कि पाचन संबंधी समस्या खड़ी करती है। इससे पेट दर्द और ब्लोटिंग की दिक्कत भी देखने को मिलती है।

**गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल से संबंधी परेशानी:** किडनी स्टोन होने पर गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल से जुड़ी परेशानी भी हो सकती है। एक्सपर्ट की मानें, तो अगर गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल हो जाता है, तो यह इस बात की ओर इशारा करता है कि किडनी स्टोन की दिक्कत और भी बिगड़ गई है।

# Sport

न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है। दोनों टीमों के बीच तीसरा मुकाबला 20 मार्च को ऑकलैंड के ईडन पार्क में खेला जाएगा।

## फर्ग्यूसन-सियर्स के आगे द. अफ्रीकी बल्लेबाजों ने घुटने टेके, न्यूजीलैंड ने दूसरा टी20 68 रनों से जीता

**हैमिल्टन।** न्यूजीलैंड ने मंगलवार को सेडन पार्क में खेले गए दूसरे टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 68 रनों से हराया। न्यूजीलैंड से मिले 176 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम सिर्फ 15.3 ओवर में 107 रन बनाकर सिमट गई। इस जीत के साथ ही न्यूजीलैंड ने सीरीज को 1-1 से बराबर कर दिया है।

### न्यूजीलैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही थी

176 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही। विकेटकीपर-बल्लेबाज कॉनर एस्टरहुइजेन बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और 12 गेंदों में आठ रन बनाकर आउट हुए। वियान मुल्डर भी 16 रन बनाकर मिचेल सैंटनर का शिकार बने। टॉनी डी जॉर्जी का प्रदर्शन भी निराशाजनक रहा, और वह चार गेंदों में सिर्फ एक ही बना सके। रुबिन हरमन 12 गेंदों में 19 रन बनाकर आउट हुए, जबकि जेसन स्मिथ 12 रन बनाकर मिचेल सैंटनर की गेंद पर बेन सियर्स को कैच देकर पवेलियन लौटे।



### मुल्डर ने दो विकेट झटके

निक केली ने 12 गेंदों में 21 रन बनाए, तो कप्तान मिचेल सैंटनर ने 14 गेंदों में 20 रनों का योगदान दिया। अंत के ओवरों में जोश क्लार्कसन ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ नौ गेंदों में 26 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका की ओर से गेंदबाजी में वियान मुल्डर ने सर्वाधिक दो विकेट निकाले, जबकि गेराल्ड कोएत्जी और केशव महाराज ने एक-एक विकेट चटकाया।

### लिंडे को बाकी बल्लेबाजों का साथ नहीं मिला

जॉर्ज लिंडे ने 12 गेंदों में 33 रन बनाए, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से बाकी बल्लेबाजों का साथ नहीं मिल सका। केशव महाराज और नकोबानी मोकोएना बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। गेंदबाजी में न्यूजीलैंड की ओर से बेन सियर्स ने सिर्फ 14 रन खर्च करते हुए तीन विकेट अपने नाम किए। वहीं, लोकी फर्ग्यूसन ने 3.3 ओवर के स्पेल में 16 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

### कॉनवे ने बेहतरीन पारी खेली

इससे पहले टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड टीम ने 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 175 रन स्कोरबोर्ड पर लगाए। टीम की तरफ से डेवोन कॉनवे ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 49 गेंदों में पांच चौके और दो छक्कों की मदद से 60 रन बनाए। टॉम लाथम 11 रन बनाकर आउट हुए, तो टिम रॉबिन्सन को जॉर्ज लिंडे ने महज एक रन के स्कोर पर क्लीन बोल्ड करते हुए पवेलियन भेजा।

## सनराइजर्स हैदराबाद के शुरूआती मैच नहीं खेलेंगे कमिंस!

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के नियमित कप्तान पैट कमिंस फिलहाल पीठ की चोट से जूझ रहे हैं और इसी कारण वह आईपीएल 2026 के शुरूआती मैचों से बाहर रह सकते हैं। ऐसे में सनराइजर्स के लिए परेशानियों बढ़ गई हैं। टीम को ये विचार करना है कि कमिंस की गैरमौजूदगी में टीम की कमान कौन संभालेगा। इसमें दो नाम रेस में सबसे आगे हैं।

कमिंस ने दिसंबर 2025 में एडिलेड में खेले गए तीसरे एशेज टेस्ट के बाद से कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। वेस्टइंडीज दौरे के बाद उन्हें पीठ के निचले हिस्से में लम्बर बोन स्ट्रेस इंजरी हो गई थी, जिसके चलते उन्हें लंबे समय तक मैदान से दूर रहना पड़ा। इसी चोट के कारण वह एशेज सीरीज के बाकी मुकाबलों और आईसीसी टी20 विश्व कप से भी बाहर हो गए थे।

कमिंस की अनुपस्थिति में टीम की कप्तानी के लिए रेस में दो भारतीय खिलाड़ी, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन सबसे आगे बताए जा रहे हैं। दोनों ही खिलाड़ी टीम के



अहम सदस्य हैं और हाल के समय में शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं। ईशान किशन आईपीएल 2025 से सनराइजर्स हैदराबाद का हिस्सा हैं। उन्होंने हाल ही में घरेलू क्रिकेट में झारखंड की कप्तानी करते हुए टीम को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब दिलाया था, जिससे उनकी कप्तानी क्षमता भी सामने आई है। दूसरी ओर, अभिषेक शर्मा लंबे समय से हैदराबाद की टीम के साथ जुड़े हुए हैं। वह आईपीएल 2019 से पहले टीम में शामिल हुए थे और तब से लगातार टीम की योजनाओं का अहम हिस्सा बने हुए हैं।

दोनों खिलाड़ियों ने हाल ही में टी20 विश्व कप में भी शानदार प्रदर्शन किया था। ईशान किशन ने टूनार्मेंट के दौरान तीन अर्धशतक लगाए थे और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं, फाइनल मुकाबले में अभिषेक शर्मा ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए केवल 18 गेंदों में तूफानी अर्धशतक जड़ा था। भारत ने वह मुकाबला 96 रन से जीतकर खिताब अपने नाम किया था।

टीम से जुड़े एक सूत्र के मुताबिक, कमिंस फिलहाल चोट से उबर रहे हैं, लेकिन मैदान पर वापसी से पहले उन्हें फिटनेस टेस्ट पास करना होगा। सूत्र ने कहा, 'फिलहाल पैट कमिंस चोट से उबर रहे हैं, लेकिन उन्हें पहले फिटनेस टेस्ट पास करना होगा। उसके बाद ही वह टीम से जुड़ पाएंगे। जब तक वह पूरी तरह फिट नहीं होते, तब तक टीम मैनेजमेंट यह तय करेगा कि कप्तानी ईशान किशन करेंगे या अभिषेक शर्मा।'

## चोट ने बिगाड़ी रफ्तार के सौदागर की लय

**लखनऊ।** आईपीएल 2026 की शुरूआत 28 मार्च से होने जा रही है। टी20 के इस महाकुंभ का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दुनिया की इस सबसे बड़ी टी20 लीग में खिलाड़ियों को अपना हुनर दिखाने का बेहतरीन मौका मिलता है। इस लीग में शानदार प्रदर्शन खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम में जगह भी दिलवाता है। रविचंद्रन अश्विन, जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पांड्या, ग्लेन मैक्सवेल और शॉन मार्श, कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्हें आईपीएल ने फर्श से अर्श पर पहुंचाया।

आवश्यकता है
(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

आवश्यकता है
कागज पत्तल बनाने हेतु पुरुष एवं महिलाओं की, पेपर ग्लास मशीन ऑपरेटर की, पैकिंग हेतु महिलाओं की, हेल्पर हेतु लड़को की
शीघ्र संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 इंडस्ट्रियल एरिया मक्सी रोड, प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

कर्मचारी की आवश्यकता
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

तुरंत लोन
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

प्लाट बेचना है
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजेंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

आवश्यकता है
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

आवश्यकता है
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

अवश्यकता है
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

आवश्यकता
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

रेंट पर देना/आवश्यकता
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

कर्मचारियों की आवश्यकता है
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### चोरों ने रणजीत हनुमान रोड पर कपड़ा शोरूम को बनाया निशाना

**इंदौर।** रणजीत हनुमान मेन रोड पर स्थित एक कपड़ा शोरूम में रविवार देर रात दो बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश यहां से करीब 1 लाख रुपए नकद और महंगे कपड़े चुराकर फरार हो गए। सोमवार सुबह शोरूम खुलने पर घटना का खुलासा हुआ, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। द्वारकापुरी थाना पुलिस ने मनीष बतरा की शिकायत पर दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मनीष, गुमाश्ता नगर स्थित गोकुल अपार्टमेंट निवासी हैं और शोरूम में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि रविवार रात शोरूम बंद कर घर गए थे। देर रात दो बदमाश मौके पर पहुंचे, जिनमें से एक शटर उचकाकर अंदर घुसा, जबकि दूसरा बाहर निगरानी करता रहा। अंदर घुसे बदमाश ने काफी देर तक सामान खंगाला और काउंटर के गल्ले से करीब 1 लाख रुपए नकद निकाल लिए। इसके अलावा शोरूम में रखे महंगे कपड़े भी चोरी कर लिए। वारदात के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। सोमवार सुबह जब मनीष शोरूम पहुंचे तो शटर के ताले टूटे मिले। इसके बाद उन्होंने तुरंत मालिक और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है और आरोपियों की तलाश जारी है।

### पति के दूसरी महिला के साथ संबंध गर्भवती पत्नी ने मारपीट के बाद जहर खाया

**इंदौर।** इंदौर में एक महिला काजल रायकवार ने अपने पति शुभम और उसके परिवार के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का कहना है कि शादी के बाद से ही उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। इसके चलते महिला ने सोमवार शाम जहर खाकर सुसाइड की कोशिश भी की। उसने आरोप लगाया कि यदि मैंने पति शुभम को तलाक नहीं दिया तो मुझे झूठे केस में फंसा देंगे। काजल को गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसने सुसाइड से पहले वीडियो बनाकर ससुराल वालों पर आरोप भी लगाए हैं। सदर बाजार पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। महिला के अनुसार, उसके पति पेशे से सिलाई का काम करते हैं। वो 20 दिन पहले बाणगंगा इलाके की एक लड़की के साथ भाग गया था। उसके दूसरी महिला (प्रियंका/आयशा) के साथ संबंध हैं और वह उसके साथ ही रहता था। जब उसने इसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई और उसे जान से मारने की धमकी दी। सुसाइड से पहले लिखे पत्र में महिला ने लिखा कि सास राधा, देवर गौरव और ननंद दीपिका व ससुराल के अन्य सदस्यों ने मिलकर उसे लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। उसे कई बार घर से निकालने और तलाक देने के लिए दबाव बनाया गया।

### जूस दुकान संचालक ने फांसी लगाई प्रॉपर्टी ब्रोकर की पत्नी ने भी दी जान

**इंदौर।** खजराना क्षेत्र में रहने वाले एक जूस दुकान संचालक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से पहले उसने अपनी पत्नी और ढाई साल की बेटी को ससुराल भेज दिया, जिसके बाद खुद फंदे पर झूल गया। शाम को जब पत्नी घर लौटी तो दरवाजा नहीं खुलने पर उसने ससुर और अन्य परिजनों को सूचना दी। अंदर जाकर देखा तो युवक का शव फंदे पर लटका मिला, जिसके बाद पुलिस को खबर दी गई। खजराना पुलिस ने संजू (26) पुत्र रेवाराम चौहान, निवासी स्टार चौराहा की मौत के मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि संजू इलाके में जूस की दुकान चलाता था और ई-रिक्शा से भी जुड़ा काम करता था। सोमवार को वह काम पर नहीं गया था। पुलिस के अनुसार, मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। संजू मूल रूप से देवास का रहने वाला था। उसने करीब चार साल पहले प्रेम विवाह किया था। परिवार में उसके दो बड़े भाई हैं, जो अलग रहते हैं, जबकि संजू सबसे छोटा था। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में आत्महत्या के पीछे पारिवारिक कलह की बात सामने आ रही है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

**प्रॉपर्टी ब्रोकर की पत्नी ने किया सुसाइड-** हीरानगर क्षेत्र में एक प्रॉपर्टी ब्रोकर की पत्नी ने आत्महत्या कर ली। मंगलवार सुबह परिजनों ने महिला का शव घर में फंदे पर लटका देखा, जिसके बाद उसे तुरंत भंडारी अस्पताल ले जाया गया। हीरानगर पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान संतोष कुमारी (32) पत्नी दीपक यादव, निवासी भाग्यश्री कॉलोनी के रूप में हुई है। परिजन उन्हें मृत अवस्था में अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां से पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि संतोष के पति प्रॉपर्टी का काम करते हैं। महिला ने यह कदम क्यों उठाया, इसका फिलहाल खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिवार में देवर, सास-ससुर और दो बच्चे हैं।

### एक दिन में 1659 चालान, पुलिस ने कहा- हेलमेट लगाओ



**इंदौर।** शहर की सड़कों को सुरक्षित बनाने के लिए इंदौर ट्रैफिक पुलिस अब सख्ती और समझाइश के कॉम्बो मोड में नजर आ रही है। सोमवार को शहर के प्रमुख चौराहों पर सुबह से रात तक चले विशेष अभियान में पुलिस ने बिना हेलमेट चलने वाले 1659 वाहन चालकों पर कार्रवाई की। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में चली इस मुहिम में पलासिया, विजयनगर, महूनाका, चाणक्यपुरी और भंवरकुआं जैसे व्यस्ततम चौराहों पर बिना हेलमेट चलने वालों को पकड़ा। डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में पुलिस टीमों ने मोर्चा संभाला। इस अभियान की सबसे खास बात यह रही कि पुलिस कार्रवाई करने के साथ लाइव अनाउंसमेंट भी कर रही थी। लाउडस्पीकर से लोगों को यह भी समझा रही थी कि लोग हेलमेट के महत्व को समझे, सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और सड़क हादसों में होने वाले दुष्परिणामों से खुद को और दूसरों को बचाएं।

### प्रॉपर्टी कारोबारी के साथ ठगी, कार से आईल गिरने की बात पर बैग उड़ाया

**इंदौर।** शहर में ठगी और चोरी की वारदातें लगातार सामने आ रही हैं। ताजा मामलों में बदमाशों ने अलग-अलग तरीकों से दो लोगों को निशाना बनाया। एक घटना अन्नपूर्णा क्षेत्र में हुई, जबकि दूसरी सेंट्रल कोतवाली इलाके में सामने आई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अन्नपूर्णा पुलिस के मुताबिक वीआईपी परस्पर नगर निवासी चंद्रमोहन सिंह सोलंकी ने सोमवार को चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वे पत्नी श्वेता को डॉक्टर के पास लेकर जा रहे थे। सेठी गेट के पास फ्रूट की दुकान पर रुकने के दौरान उनकी पत्नी कार में बैठी थी। इसी बीच एक युवक आया और कार से ऑयल टपकने की बात कही। श्वेता जब कार से उतरकर देखने लगी, तभी मौका पाकर बदमाश कार में रखा बैग लेकर फरार हो गया। बैग में बैंक चेकबुक, मकान से जुड़े दस्तावेज और नकदी रखी हुई थी। घटना के बाद दंपति ने अन्नपूर्णा थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। दूसरी घटना सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र की है। नीलू चौहान अपनी सास के साथ नालंदा परिसर में खरीदारी करने आई थीं। इसी दौरान एक ऑटो ड्राइवर ने उन्हें रानीपुरा छोड़ने की बात कहकर बैठा लिया। ऑटो में बैठने के बाद ड्राइवर ने सास को आगे बैठने और बैग नीचे रखने को कहा। कुछ देर बाद वह सवारी देखने के बहाने रुका और फिर किराए को लेकर बहस करते हुए दोनों को उतार दिया। जब वे रानीपुरा में खरीदारी के दौरान बैग चेक किया तो उसमें से मंगलसूत्र, दो सोने की कटोरी और करीब 5 हजार रुपए गायब थे। इसके बाद महिला ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

## 13 साल की छात्रा पर जानलेवा हमला, लॉ की छात्रा से युवक ने की छेड़छाड़

# नाबालिग से छेड़छाड़, चाकू से हमलकर परिवार को पीटा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

बाणगंगा थाना क्षेत्र में 13 साल की नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ के बाद उस पर जानलेवा हमला किया गया, वहीं द्वारकापुरी में लॉ की छात्रा से लगातार छेड़छाड़ का मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने दोनों मामलों में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बाणगंगा थाना क्षेत्र के ग्राम अलवासा नयापुरा में रहने वाली 13 वर्षीय छात्रा ने शिकायत दर्ज कराई है कि 15 मार्च की शाम वह कोचिंग जा रही थी। इसी दौरान इमरान ने उसे रास्ते में रोक लिया और हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की।

पीड़िता ने घर पहुंचकर परिजनों को घटना बताई। जब परिवार ने इसका विरोध किया तो आरोपी इमरान अपने पिता अनीस खान, मां परवीन और बहन शालू के साथ पीड़िता के घर पहुंच गया। आरोप है कि आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान इमरान ने घर में रखे सब्जी काटने वाले चाकू से छात्रा पर हमला करने की कोशिश की। बचाव में आई मां के हाथ में चाकू लगने से वह घायल हो गई। वहीं अन्य आरोपियों ने पिता के साथ भी मारपीट की। घटना के बाद आरोपियों ने परिवार को जान से मारने की धमकी दी। डरे हुए परिजन घर के अंदर छिप गए। बाद में ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मेडिकल के बाद पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।




### लॉ स्टूडेंट का पीछकर हाथ पकड़ने की कोशिश

द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के हवा बंगला इलाके में रहने वाली लॉ की छात्रा ने राहुल गुजराती के खिलाफ छेड़छाड़ का केस दर्ज कराया है। पीड़िता के अनुसार आरोपी आए दिन बाइक से उसके घर के पास चक्कर लगाता था और हॉर्न बजाकर परेशान करता था। सोमवार रात जब वह जिम से घर लौट रही थी, तब आरोपी ने बाइक से कट मारा और उसका हाथ पकड़ने की कोशिश की। छात्रा ने घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी और मां के साथ आरोपी के घर पहुंची, लेकिन वह नहीं मिला। बाद में रास्ते में मिलने पर आरोपी ने छात्रा और उसकी मां से विवाद किया। इसके बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

### जांच में जुटी पुलिस

पुलिस के मुताबिक दोनों मामलों में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। बाणगंगा मामले में आरोपियों की पहचान कर ली गई है, जबकि द्वारकापुरी मामले में आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया है।

## राजबाड़ा पूरी तरह ई-रिक्शा मुक्त 4 जोन तय, रंगों से होगी पहचान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए आखिरकार ई-रिक्शा को रंग के हिसाब से 4 जोन में बांट दिया गया है। जोन-1 में नीला, जोन-2 में पीला, जोन-3 में लाल और जोन-4 में सफेद रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ई-रिक्शाओं के रूट की पहचान उनकी छत का रंग होगा। राजबाड़ा ई-रिक्शा मुक्त रहेगा। मंगलवार से रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाएगा। 10 दिन के भीतर यह कराना ही होगा। शहर में करीब 10,500 ई-रिक्शा चल रहे हैं। रूट इस तरह तय किए गए हैं कि एक ई-रिक्शा 80 से 100 किलोमीटर तक चल सकेगा। अगर एक जोन का रिक्शा दूसरे जोन में सवारी बैठाकर चलता मिला तो उस पर चालानी कार्रवाई होगी।

**पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर आवंटन-** यातायात के प्रभारी डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने सोमवार को अफसरों, मॉनिटरिंग कमेटी के सदस्य शरद नाईक, ई-रिक्शा संघ के अध्यक्ष राजेश बिडकर व अन्य ई-रिक्शा प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रूट प्लान जारी किया है। डीसीपी ने बताया कि ई-रिक्शाओं को जोन का आवंटन पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर होगा।

**रजिस्ट्रेशन के लिए जरूरी दस्तावेज अनिवार्य-** ई-रिक्शा पंजीयन के लिए एक निर्धारित प्रोफार्मा जारी किया जा रहा है। इसमें सभी आवेदकों को आवश्यक जानकारी भरनी होगी। वाहन से संबंधित सभी दस्तावेज पूर्ण और वैध होने पर ही पंजीयन किया जाएगा।

## महालक्ष्मी नगर में पटाखे फोड़ने पर विवाद

### राजा रघुवंशी हत्या कांड के आरोपी शिलोम जेम्स ने पड़ोसियों से की मारपीट

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

लसूड़िया थाना क्षेत्र के महालक्ष्मी नगर में पटाखे फोड़ने के विवाद में राजा रघुवंशी हत्याकांड में आरोपी रहे शिलोम जेम्स ने अपने पड़ोसियों से मारपीट कर दी। आरोप है कि भाईयों के साथ हमला किया और जान से मारने की धमकी देकर मौके से चले गए।

इस मामले में शिलोम ने पहले लसूडिया थाने जाकर शिकायत की। दूसरे पक्ष ने टीआई से मिलकर पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद शिलोम पर एफआईआर की गई।

पुलिस के मुताबिक फरियादी सचिन वर्मा निवासी महालक्ष्मी नगर ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 8 मार्च की रात करीब 11 बजे टी-20 क्रिकेट मैच खत्म होने के बाद वह अपने घर के सामने परिवार के साथ पटाखे फोड़ रहे थे।

इसी दौरान वहां खड़ी कारों को लेकर शिलोम जेम्स ने आपत्ति जताई और अपशब्द कहे। सचिन के अनुसार जब उनके भाई सुमित ने अपशब्द कहने से रोका तो शिलोम जेम्स और उसके साथी विकास सोनी भड़क गए और दोनों भाइयों के साथ मारपीट करने लगे।

**लोगों ने छुड़ाया, जाते-जाते दी धमकी-** शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। आरोप है कि जाते-जाते दोनों आरोपी धमकी देकर गए कि दोबारा कुछ कहा तो जान से खत्म कर देंगे। इसके बाद शिलोम ने थाने में शिकायत कर दी। जब पुलिस ने जांच की तो मामला कुछ ओर निकला।



























मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com